सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 12 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 128, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1313 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसक्स 1313 अंक लुढ़क गया। } 10

भारतीय रेल परियोजनाओं में तेज क्रियान्वयन

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल ने अपने बजट का 98 प्रतिशत फरवरी के अंत तक खर्च कर दिया था। यह परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को दर्शाता है। } 10

सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए का हत्यारोपी अयोध्या से गिरफ्तार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के सिलसिले में उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को सोमवार को 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। तीनों आरोपियों को रविवार को हिरासत में लिया गया था। बाद में, उत्तर 24 परगना जिले

दो बिहार से पकड़े गये

के मध्यग्राम क्षेत्र में छह मई की रात हुई हत्या की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी ने बताया, तीनों आरोपियों को पश्चिम बंगाल लाया गया और सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले की बारासात अदालत में पेश किया गया। उन्हें 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि बारासात अदालत ने पुलिस को उन्हें 24 मई को फिर से पेश करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि विशेष जांच दल ने आरोपियों को दो सप्ताह के लिए पुलिस हिरासत में देने की मांग की थी। उन पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या, अवैध हथियार रखने, आपराधिक साजिश रचने और सबूतों को छिपाने का आरोप लगाया गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद रथ की मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई। अन्य संदिग्धों का पता लगाने के लिए एसआईटी ने पूरे राज्य के कई क्षेत्रों में छापेमारी जारी रखी।

भारत को नहीं झुका सकती दुनिया की कोई ताकत : मोदी

सोमनाथ अमृत महोत्सव में आयोजित सभा को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

एजेंसी

सोमनाथ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था... तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। मोदी ने कहा कि सोमनाथ का अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु परीक्षण किए थे। उन्होंने कहा, 11 मई 1998, यानी आज के ही दिन, देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा, दुनिया में तूफान आ गया। मोदी ने कहा, कई देश इससे नाराज हो गए, वे पूछने लगे कि भारत कौन होता है, जो परमाणु परीक्षण करे। दुनिया की आंखें लाल हो गईं। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया भर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में उतरी। अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए। संभावित आर्थिक संकट से बचने का हर रास्ता रोकने की कोशिश की गई। मोदी ने कहा कि ऐसे हालात में कई देश हिल जाते, लेकिन भारत दृढ़ता से खड़ा रहा। उन्होंने कहा, कोई भी हिल जाता। जब दुनिया भर की बड़ी-बड़ी शक्तियां इतना बड़ा आक्रमण कर दें, तो आगे के रास्ते दिखते नहीं हैं। लेकिन हम किसी और मिट्टी के बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई को वैज्ञानिकों ने अपना काम कर लिया था, लेकिन 13 मई को फिर दो और परमाणु परीक्षण किए गए, उससे दुनिया को पता चला था कि भारत की राजनीतिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

खाई में गिरी कार छह लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में चंबा जिले के ककीरा में सोमवार तड़के एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से गुजरात के पांच पर्यटकों सहित छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने और घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि 10 लोगों को लेकर जा रही एक टोयोटा इनोवा कार मनाली से डलहौजी की ओर जा रही थी, तभी लाहडू-तुन्नुहट्टी मार्ग पर यह हादसा हुआ। वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार, कार के खाई में गिरने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए और मलबा चारों ओर बिखर गया। बचाव दल को घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल स्थानांतरित किया गया। मृतकों की पहचान गुजरात निवासी के रूप में हुई है। हादसे में चालक जसवंत की भी मौत हो गई है।

बिजली गिरने से 90 भेड़ों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के गांदेरबल जिले के ऊपरी इलाकों में चारागाह पर आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम 90 भेड़ों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, रविवार रात गांदेरबल जिले के कंगन क्षेत्र के पोशकर स्थित मैदान में आकाशीय बिजली गिरी, जिससे करीब 90 भेड़ों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ये भेड़ें खानाबदोश चरवाहों के एक परिवार की थीं, जो अपने पशुओं को चराने के लिए सोनमर्ग क्षेत्र की ओर ले जा रहे थे। कश्मीर के कुछ इलाकों में रविवार रात तेज हवाओं और रुक-रुक कर हुई बारिश से मकानों और फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

धर्म व संस्कृति पर हमला होगा तो 'योगी' बैठेगा नहीं

बागपत में नवनाथों की प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में गरजे मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

बागपत/लखनऊ। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को श्रीशिव गोरखनाथ आश्रम में नवनाथों की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व आठमान भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन की ताकत का अहसास कराने बागपत आया हूं। इतिहास गवाह है कि सनातन धर्म ने कभी किसी पर जबरन आधिपत्य स्थापित नहीं किया। किसी को गुलाम नहीं बनाया।

जब हम किसी पर जबरन शासन या भूमि पर कब्जा नहीं करते तो हमारा देश इसे कैसे स्वीकार कर सकता था। उन्होंने कहा कि योगी सिर्फ गुफाओं, धूनी, मंदिरों तक सीमित नहीं रहे। धर्म व संस्कृति पर हमला होगा तो योगी बैठेगा नहीं, बल्कि मुकाबला कर मुंहतोड़ जवाब देगा। जो संकट के समय निडरता से खड़ा हो, वही संत है। संकट में पलायन करने वाला संत नहीं हो सकता। भारत लगातार विदेशी आक्रांताओं से जूझता रहा, परिस्थितियों में लड़ता रहा। जिन आक्रांताओं ने भारत के सनातन की आस्था के प्रतीक मठ-मंदिरों, तीर्थस्थलों को विखंडित करने का प्रयास किया, वे तीर्थस्थल पुनर्प्रतिष्ठा को प्राप्त कर गए, लेकिन आक्रांताओं का नामो-निशान नहीं बचा। वे सब मिट्टी में मिल गए। उनके खानदान तक का भी अता-पता नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि धर्मो रक्षति रक्षितः, यानी आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी रक्षा करेगा। स्वार्थ के लिए धर्म का दुरुपयोग करेंगे तो उससे नष्ट हुआ धर्म हमें भी नष्ट कर डालेगा। हमें जाने-अनजाने देश व धर्म को नुकसान नहीं पहुंचने देना चाहिए। व्यक्तिगत क्षति की भरपाई हो सकती है, लेकिन धर्म की क्षति की भरपाई नहीं हो सकती। उसका खामियाजा वर्तमान और भावी पीढ़ी भी भुगतेगी। सीएम योगी ने कहा कि आज 1000 वर्ष की दासता से मुक्ति के लिए सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनर्प्रतिष्ठा का अमृत पर्व भी है। 1026 में विदेशी आक्रांता महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। 1951 में आज ही के दिन प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के करकमलों से पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आज सोमनाथ मंदिर में उपस्थित रहे। मुझे भी काशी विश्वनाथ महादेव के चरणों में इस आयोजन से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। आज ही के दिन अटल जी ने ऑपरेशन शक्ति के अंतर्गत पोखरण में तीन परमाणु विस्फोट किए थे। यह बताता है कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

सनातन को मिटाने वाले मिट्टी में मिल गयेः सीएम

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म के इतिहास व वर्तमान को गौरवशाली बताते हुए कहा कि मोहम्मद गोरी समेत कई विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पहचान नष्ट करने का प्रयास किया। औरंगजेब ने बाबा विश्वनाथ के प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर गुलामी का ढांचा भी खड़ा किया, लेकिन वे भारत की आत्मा को नहीं तोड़ पाए।

वे नहीं समझ पाए कि सनातन केवल मंदिर की दीवारों में नहीं, बल्कि भारत की चेतना में भी बसता है। भारत की अजरता-अमरता का शाश्वत शंखनाद आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत में झलकता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। आज उन आक्रांताओं का कोई नाम तक लेने वाला नहीं है। सनातन संस्कृति को पराजित नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संकल्प महोत्सव में शामिल हुए। यह आयोजन श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर स्थित त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में किया गया। यहां उपस्थित अतिथियों ने सोमनाथ मंदिर गुजरात में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष महापूजा के साथ ही कुंभाभिषेक, ध्वजारोहण, पुष्पवृष्टि आदि का सजीव प्रसारण भी देखा। अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हम सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना साकार होते देख रहे हैं। इसका साकार रूप सौराष्ट्र में भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सौंदर्यीकरण व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से दिख रहा है। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण समेत सनातन परंपरा से जुड़े अनेक पवित्र तीर्थस्थल अपने वैभव के साथ विकास की नई यात्रा तय कर रहे हैं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी प्रेरक शक्ति बताते हुए यूपीवासियों की तरफ से उनका आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 10 पर

ऑपरेशन सिंदूर अदम्य साहस का सशक्त उदाहरण : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेनाओं के अदम्य साहस, आधुनिक सैन्य कौशल और आत्मनिर्भर रक्षा तंत्र का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान ने वैश्विक स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी सीमाओं, संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी चुनौती का डटकर सामना करने में सक्षम है। गढ़ी कैंट स्थित दून सैनिक इंस्टीट्यूट में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर : शौर्य, सम्मान और वीरता कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति अपनाई है। भारतीय सेना ने सीमापार आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई कर यह संदेश दिया कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस विषय में किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सैनिकों के साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक हथियारों, अत्याधुनिक तकनीक और मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की मदद से भारतीय सेनाओं ने दुश्मन की हर चाल को नाकाम किया। उन्होंने कहा कि सेना की प्रभावी रणनीति और त्वरित कार्रवाई के कारण पाकिस्तान को भी अपने कदम पीछे हटाने पड़े। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को वीर सैनिकों की भूमि के रूप में देशभर में विशेष सम्मान प्राप्त है। यहां के युवाओं में देशसेवा और सेना में योगदान देने का उत्साह हमेशा देखने को मिलता है। प्रदेश के अनेक परिवारों का सेना और पूर्व सैनिकों से जुड़ाव होने के कारण सैनिकों के प्रति यहां विशेष सम्मान और आत्मीयता का वातावरण है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सेना को स्वदेशी हथियारों, आधुनिक उपकरणों और नई तकनीकों से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

हिमंत शर्मा आज लेंगे सीएम पद की शपथ

पीएम मोदी, अमित शाह,राजनाथ सिंह,निर्मला सीतारमण समेत कई मंत्री रहेंगे मौजूद

एजेंसी

गुवाहाटी। असम में मंगलवार को हिमंत विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा।

खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर शर्मा और नयी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। भाजपा नीत गठबंधन के 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में पहली बार सत्ता में आने के बाद से यह राज्य में राजग का लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राजग में भाजपा, असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) शामिल हैं। गठबंधन ने 126 सदस्यीय विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीट पर जीत दर्ज की। भाजपा ने अकेले 82 सीट जीतकर राज्य में पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल किया, जबकि अगप और बीपीएफ को 10-10 सीट मिलीं। शर्मा के साथ ही मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों के शपथ ग्रहण करने की भी संभावना है, जिसमें सभी गठबंधन सहयोगियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शर्मा द्वारा नयी सरकार के पहले 100 दिन की प्राथमिकताओं को प्रस्तुत करने की उम्मीद है। इनमें भूमि अधिकारों और अतिक्रमण हटाने के अभियानों से संबंधित प्रतिबद्धताएं भी शामिल होंगी। यह प्रचंड चुनावी जीत पहचान, भूमि और सुरक्षा के मुद्दों को उठाते हुए चलाए गए प्रचार अभियान के बाद मिली है। शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि नयी सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ाएगी और असम को प्रगति की दिशा में ले जाएगी। उन्होंने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में इसी बात को दोहराते हुए लिखा, असम की भूमि, पहचान और भविष्य पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। 1.5 लाख बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के बाद, राजग असम ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- प्रदेश के 5 स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले शुरू (पृष्ठ-02)
- अमेरिका और खाड़ी के देश भी लेंगे बलियाटिक सतू के लड्डू का स्वाद (पृष्ठ-02)
- भारत की वृद्धि घटकर रह सकती है 6.7 प्रतिशत (पृष्ठ-10)
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश पांच प्रतिशत घटा (पृष्ठ-10)
- रुपया 82 पैसे टूटकर निचले स्तर पर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

जिसके पास शक्ति होगी, वही करुणा और मैत्री का मार्ग भी प्रशस्त कर पायेगा, मठ के प्रबंधन का अनुभव प्रदेश के संचालन में मददगार बना

यूपी को बुलेट ट्रेन की स्पीड से आगे बढ़ाने की बारी: सीएम

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित सीआईआई की वार्षिक बिजनेस समिट-2026 में उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक परिवर्तन की विस्तृत तस्वीर पेश करते हुए कहा कि हमने अभी तक नींव को पुख्ता किया है, पिछली सरकारों के पाप के गड्ढों को भरा है। अब डबल इंजन की सरकार को बुलेट ट्रेन की स्पीड से आगे बढ़ाने की बारी है।

किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति उसकी मैन्युफैक्चरिंग शक्ति पर निर्भर करती है। उद्योग और उद्यमिता मजबूत होंगे तो रोजगार, निवेश और समृद्धि स्वतः बढ़ेगी। दुनिया के अधिसंख्य संघर्षों और युद्धों के पीछे भी आर्थिक हित ही प्रमुख कारण रहे हैं। ऐसे में कोई भी देश अपने उद्यमियों की उपेक्षा नहीं कर सकता। सीएम योगी ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। 75 वर्ष पहले आज के दिन ही प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव की प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी द्वारा पुनर्प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। आज ही के दिन अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण के माध्यम से ऑपरेशन शक्ति का प्रदर्शन किया था। भारत की यह ताकत न केवल उसके सामर्थ्य का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक मानवता एवं कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त करती है। जिसके पास शक्ति होगी, जो सामर्थ्यवान होगा, वही करुणा व मैत्री का मार्ग भी प्रशस्त कर पाएगा। केवल हाथ फैलाने, गिड़गिड़ाने से दुनिया हमें गंभीरता से नहीं लेगी। कोई हमारी बात नहीं मानेगा और न ही हम पर विश्वास करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब उत्तर प्रदेश अपनी पहचान के संकट से जूझ रहा था। प्रदेश का नाम सुनते ही लोग दूरी बना लेते थे। कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब थी कि हर वर्ष 300 से अधिक दंगे होते थे, गुंडा टैक्स वसूला जाता था और उद्यमी पलायन करने को मजबूर थे। उत्तर प्रदेश के नाम के आगे उत्तर था, लेकिन स्वयं उसके ऊपर अनेक प्रश्नचिह्न लगे हुए थे। प्रदेश दंगों, माफिया राज, गुंडा टैक्स और पलायन की पहचान बन चुका था। यात्रा कर रहे लोग अंधेरा होते ही सड़कों पर गड्ढे दिखने पर समझ जाते थे ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीजेआई ने की एक केस एक डेटा पहल की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्यायिक डेटा एकीकरण को मजबूत करने और देश भर की अदालती सेवाओं तक जनता की पहुंच में सुधार लाने के उद्देश्य से सोमवार को एक बड़ी डिजिटल पहल की घोषणा की।

न्यायालय की कार्यवाही शुरू होते ही न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने घोषणा की कि न्यायपालिका एक मामला एक डेटा (वन केस वन डेटा) पहल शुरू कर रही है जो सभी उच्च न्यायालयों, जिला अदालतों और तालुका अदालतों से बहुस्तरीय जानकारी को एक एकीकृत प्रणाली में संघटित करेगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम एक मामला एक डेटा पहल शुरू कर रहे हैं जिसमें सभी उच्च न्यायालयों, जिला और तालुका अदालतों की बहुस्तरीय जानकारी शामिल होगी। हम एक कुशल केस प्रबंधन प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस पहल से देश भर की अदालतों में एक अधिक व्यापक और परस्पर जुड़ा हुआ डिजिटल डेटाबेस बनाकर केस प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने की उम्मीद है। प्रधान न्यायाधीश ने सुसहाय नामक एक कृत्रिम मेधा-संचालित सहायता चैटबॉट की शुरुआत की भी घोषणा की, जिसे उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के साथ एकीकृत किया गया है।

योगी ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था की गौरव गाथा के अवसर पर सोमनाथ संकल्प महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह काशी पहुंचे। उन्होंने यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। सोमनाथ तथा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चकों ने एक साथ पूजन-अर्चन संपन्न कराया।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने सोमनाथ से आए जल से काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया और बाबा के दरबार में माथा टेक कर लोकमंगल व प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में राज्यपाल को अंगवस्त्र व रुद्राक्ष की माला भेंट की। मंदिर प्रांगण में पीत वस्त्र धारण किए मंदिर के शास्त्रीगण, बालिकाओं/महिलाओं ने शंख ध्वनि तथा वाद्य यंत्र कलाकारों ने डमरू आदि के जरिए राज्यपाल व मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने हर हर महादेव की जयकार संग हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले छह मई को भी काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया था। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, दयाशंकर मिश्र ह्यदयालु, हंसराज विश्वकर्मा, महापौर अशोक तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, नीलकंठ तिवारी, अवधेश सिंह, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि की उपस्थिति रही। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर प्रांगण में सामूहिक ॐ जप किया। इसके बाद सोमनाथ भवन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति के रूप में निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना व आरती की। अतिथियों ने यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में देशभर में टॉप 10 में यूपी के दो शहर

विशेष संवाददाता (vol)

- पहले नंबर पर लखनऊ और दसवें नंबर पर वाराणसी
- देश में रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने बनाया नया कीर्तिमान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में देशभर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के शीर्ष 10 जिलों में उत्तर प्रदेश के दो जिलों का शामिल होना तथा शीर्ष 50 जिलों में प्रदेश के पांच जिलों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे रूफटॉप सोलर बाजारों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रूफटॉप सोलर स्थापना के मामले में लखनऊ देश में पहले स्थान पर जबकि वाराणसी दसवें स्थान पर पहुंच गया है।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 5.17 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश पिछले एक वर्ष से देश में सर्वाधिक क्यूमूलेटिव रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन्स के साथ लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। प्रदेश में सोलर स्थापना की गति में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। मई 2025 तक जहां प्रतिदिन लगभग 500 संयंत्र स्थापित हो रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर करीब 2000 संयंत्र प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इस तीव्र वृद्धि के चलते प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये का व्यापारिक टर्नओवर उत्पन्न हो रहा है। साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश में विकसित हो रहा मजबूत सोलर इकोसिस्टम अब केवल योजना आधारित क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह राज्य को देश के प्रमुख रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित कर रहा है। यूपीनेडा के निदेशक रविन्दर सिंह के अनुसार, राज्य नोडल एजेंसी के रूप में यूपीनेडा प्रभावी समन्वय और क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहा है। डिस्कॉम अधिकारियों द्वारा तेज नेट मीटरिंग, मीटर स्थापना और बिलिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैंकिंग संस्थानों और लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर्स द्वारा सोलर फाइनेंसिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि जिला प्रशासन स्थानीय स्तर पर सहयोग और जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। उन्होंने बताया कि निजी कंपनियां, ईपीसी कंपनियां और लॉजिस्टिक नेटवर्क भी तेजी से अपनी क्षमता का विस्तार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त सूर्य मित्र स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम तथा यूपीनेडा द्वारा संचालित तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में प्रशिक्षित और किफायती मानव संसाधन उपलब्ध हो रहा है, जो इस क्षेत्र की बड़ी ताकत बनकर उभरा है।

उत्तर प्रदेश आज सोलर मैन्युफैक्चरर, ईपीसी कंपनीज, डिस्ट्रीब्यूटर्स, टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स, फाइनेंसिंग इंस्टीट्यूशंस, लॉजिस्टिक्स कंपनीज और रिन्यूएबल एनर्जी स्टार्टअप्स के लिए बड़े निवेश और व्यावसायिक अवसर प्रस्तुत कर रहा है।

विश्वविद्यालयों की तरह अब डिग्री कॉलेजों को भी मिलेगी राष्ट्रीय रैंकिंग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार लगातार नए मानक स्थापित कर रही है। कभी नैक (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल) की रैंकिंग में बी और बी-प्लस ग्रेड तक सीमित रहने वाले प्रदेश के विश्वविद्यालय आज ए++, ए+ और ए ग्रेड हासिल कर देशभर में अपनी नई पहचान बना रहे हैं। अब योगी सरकार का अगला लक्ष्य प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाना है। इसके लिए डिग्री कॉलेज के प्राचार्यों की कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अब सरकार का फोकस केवल विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा। अगले चरण में प्रदेश के डिग्री कॉलेजों को भी नैक और अन्य राष्ट्रीय रैंकिंग दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए कॉलेजों के प्राचार्यों और शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें उन्हें बताया जा रहा है कि संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, रिसर्च कल्चर, डिजिटल एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र सुविधाओं को बेहतर बनाकर किस प्रकार रैंकिंग हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब केवल सबसे अधिक विश्वविद्यालयों वाला राज्य नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का भी अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार आने से पहले उत्तर प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालय नैक रैंकिंग में बी या बी-प्लस ग्रेड तक ही सीमित थे और प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय ए या उससे ऊपर की श्रेणी में नहीं था।

प्रदेश के 5 स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले शुरू, 518 सीटों पर होगा प्रवेश

विशेष संवाददाता (vol)

- सहारनपुर और फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज का संचालन शुरू, पहली बार होंगे दाखिले
- क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, कुश्ती, बॉक्सिंग समेत कई खेलों में मिलेगा उच्चस्तरीय प्रशिक्षण

लखनऊ। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम योगी सरकार कर रही है। इस क्रम में सत्र 2026-27 के लिए स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, फतेहपुर और सहारनपुर स्थित स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6, 9 और 11 की कुल 518 संभावित रिक्त सीटों पर प्रवेश होगा। दरअसल प्रदेश को सहारनपुर और फतेहपुर में दो नए स्पोर्ट्स कॉलेज मिल गए हैं। यहां सत्र 2026-27 से एडमिशन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस तरह प्रदेश में कुल 5 स्पोर्ट्स कॉलेज में एडमिशन प्रक्रिया चालू है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और इसके लिए खेल साथी पोर्टल का प्रयोग किया जा रहा है। अभ्यर्थी स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ की वेबसाइट या खेल साथी पोर्टल पर जाकर आवेदन कर रहे हैं। आवेदन शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है।

सरकार ने इस बार आवेदन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए यूडाइस पोर्टल से जारी पमार्नेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) को अनिवार्य कर दिया है। इस बार बिना पमार्नेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अभ्यर्थियों के शैक्षिक रिकॉर्ड का सत्यापन यूडाइस प्लस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

योगी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार नई योजनाओं और सुविधाओं का विस्तार कर रही है। इन पांचों स्पोर्ट्स कॉलेजों में अलग-अलग खेलों में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। लखनऊ के गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल जैसे खेल संचालित होंगे।

गोरखपुर के बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में वॉलीबॉल, कुश्ती, जिम्नास्टिक, बैडमिंटन, हॉकी और जूडो की ट्रेनिंग दी जाएगी। जबकि इटावा (सैफई) के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी और तैराकी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में केवल कक्षा 9 के लिए एथलेटिक्स, हॉकी, हैंडबॉल और कुश्ती में प्रवेश होगा। सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में भी केवल कक्षा 9 के लिए एथलेटिक्स, हॉकी, बॉक्सिंग, जूडो और भारोत्तोलन में दाखिले किए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य अलग-अलग क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को उनके पसंदीदा खेल में बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। अभ्यर्थियों को शपथ पत्र के साथ अपनी स्थिति भी स्पष्ट करनी होगी। रजिस्ट्रेशन के बाद मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजा जाएगा।

अमेरिका और खाड़ी के देश भी लेंगे बलियाटिक सत्तू के लड्डू का स्वाद

विशेष संवाददाता (vol)

- दक्षिण भारत से लेकर विदेशों तक पहुंचा यूपी का सत्तू

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना अब उत्तर प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। इसी कड़ी में बलिया का मशहूर चने का सत्तू अब देश की सीमाएं पार कर यूएसए, चीन, नेपाल और दुबई समेत कई खाड़ी देशों तक अपनी पहचान बना चुका है। अब बलिया के सत्तू से तैयार होने वाले लड्डू को भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भेजने की तैयारी पूरी कर ली गई है। सबसे खास बात यह है कि इसके जरिए सात सौ से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया है।

सरकार की पहल से बलिया का यह पारंपरिक और पौष्टिक उत्पाद आज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अमेजन, फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों के लोग अब यूपी के इस उत्पाद को पसंद कर रहे हैं। बलिया का सत्तू जब से ओडीओपी योजना में शामिल हुआ है, तब से इसका व्यापार कई गुना बढ़ गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के कई राज्यों में इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। सत्तू अब केवल गांवों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले शहरी लोगों की भी पहली पसंद बनता जा रहा है। निधि उद्योग की संस्थापक नीति अग्रवाल ने बताया कि बलिया के सत्तू से बनने वाले लड्डू को अमेरिका और खाड़ी देशों में भेजने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बलिया का यह पारंपरिक स्वाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से बलिया में सत्तू का कारोबार कई गुना बढ़ा है। ओडीओपी में शामिल होने के बाद इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। व्यवस्थापक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सत्तू उत्पादन और पैकेजिंग के इस बढ़ते कारोबार ने महिलाओं को बड़े स्तर पर रोजगार दिया है। करीब सात सौ से अधिक महिलाएं इस कार्य से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। वहीं, द्वाबा क्षेत्र के किसानों का चना हाथोंहाथ खरीदा जा रहा है, जिससे उन्हें फसल का वाजिब दाम मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जी आई टैग मिलने के बाद सत्तू को एक अलग पहचान मिलेगी। साथ ही नकली उत्पादों पर रोक लगेगी और देश विदेश में ब्रांडिंग मजबूत होगी। इसके अलावा किसानों को ज्यादा दाम मिल सकेगा और एक्सपोर्ट के मौके और बढ़ जाएंगे। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक जिला एक उत्पाद योजना का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। इससे न सिर्फ स्थानीय उत्पादों को पहचान मिल रही है, बल्कि रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलिया की सांस्कृतिक पहचान अब देशभर में फैल रही है। पीढ़ियों से लोकप्रिय सत्तू अब वैश्विक बाजार में चमकने जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि भृगु मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में सत्तू के स्टॉल लगते हैं। यहां लोग सत्तू को बाबा का प्रसाद मानते हैं। ऐसे में सबसे पहले चने के सत्तू को ब्रांड बनाने की योजना तैयार की गई। सबसे पहले आकर्षक बॉक्स तैयार कर होली, दिवाली समेत विशेष अवसरों पर विशिष्ट लोगों और पुलिस कर्मियों को सत्तू भेंट किया गया, जिससे इसकी व्यापक पहचान बनी।

परिषदीय बच्चों में संवाद कौशल और आत्मविश्वास बढ़ायेगी योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार परिषदीय स्कूलों के बच्चों में संवाद कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी अभिव्यक्ति विकसित करने पर विशेष जोर दे रही है। नई शिक्षा नीति और फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) मिशन के अन्तर्गत बच्चों को आत्मविश्वास के साथ बोलने, अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने और कक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार करने के लिए शिक्षकों को विशेष डिजिटल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में एआरपी, एसआरजी और डाइट मेंटर्स के माध्यम से 'डेवलपिंग ओरेसी इन प्राइमरी ग्रेड्स' कोर्स को अधिक से अधिक शिक्षकों तक पहुंचाया जा रहा है।

प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों की बोलने और सुनने की क्षमता मजबूत होने से उनकी सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती है। यही कारण है कि योगी सरकार द्वारा अब परिषदीय विद्यालयों में संवाद आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

प्रदेश में शिक्षा को अब केवल पाठ्यक्रम और परीक्षा तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल को भी उतनी ही प्राथमिकता दी जा रही है। यह प्रशिक्षण अभियान आने वाले समय में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अधिक आत्मविश्वासी, अभिव्यक्तिशील और सक्रिय शिक्षार्थी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

शिक्षकों को कक्षा में बच्चों को आत्मविश्वासी वक्ता और सक्रिय श्रोता बनाये जाने सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों में मौखिक अभिव्यक्ति, संवाद कौशल और सहभागिता आधारित सीखने की क्षमता विकसित करने के तरीकों पर भी फोकस किया जाएगा। कोर्स में चर्चा आधारित शिक्षण, कहानी सुनाना, स्ट्रक्चर्ड बातचीत गतिविधियां और बच्चों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने वाले तरीकों को शामिल किया गया है, ताकि कक्षा का माहौल अधिक संवादात्मक और बच्चों के अनुकूल बनाया जा सके। योगी सरकार पहले ही एफएलएन मिशन के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी पठन-पाठन और गणितीय क्षमता विकसित करने पर जोर दे रही है। अब इस पहल के माध्यम से भाषा और संवाद कौशल को भी एफएलएन मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जा रहा है।

विपक्ष को देशहित के हर निर्णय में राजनीति दिखाई देने लगी है

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्षी नेताओं के बयान पर किया तीखा हमला

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को सपा और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष को देशहित के हर निर्णय में राजनीति दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि जब देश वैश्विक परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भरता, संसाधनों के संरक्षण और राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ रहा है, तब सपा जैसे दल जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ऊर्जा बचत, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, अनावश्यक खर्चों में संयम बरतने तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है। यह किसी प्रकार की कमजोरी नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और जिम्मेदार नेतृत्व की पहचान है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को साझी जिम्मेदारी का संदेश दिया है, लेकिन अखिलेश यादव और सपा इसे भी राजनीतिक चश्मे से देखकर भ्रम और नकारात्मकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। कोरोना महामारी जैसी वैश्विक आपदा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद भारत ने अपनी विकास यात्रा को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है। आज भारत डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना विकास, स्टार्टअप, नवाचार, रक्षा उत्पादन, रेलवे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो और वैश्विक निवेश के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दुनिया भारत की आर्थिक शक्ति, निर्णायक नेतृत्व और स्थिर नीतियों की प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। जिन लोगों के शासनकाल में उत्तर प्रदेश बिजली संकट, भ्रष्टाचार, दंगों, माफियावाद और कानून व्यवस्था की बदहाली से जूझ रहा था, वे आज देश को अर्थव्यवस्था और सुशासन का पाठ पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। जनता भूली नहीं है कि सपा के शासन में प्रदेश की पहचान दंगा, अपराध से जुड़ चुकी थी। निवेशक प्रदेश में आने से डरते थे, बेटियां असुरक्षित महसूस करती थीं और माफिया सत्ता संरक्षण में फलते-फूलते थे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं को उज्ज्वला योजना, युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। आज दुनिया भारत की बात गंभीरता से सुनती है। भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हितों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है। ऐसे समय में विपक्ष द्वारा देश की छवि खराब करने और जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। सपा नेताओं को यह समझना चाहिए कि देश की जनता अब नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठ चुकी है और विकास, सुशासन तथा राष्ट्रहित की राजनीति को समर्थन दे रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान केवल उनकी राजनीतिक निराशा, हताशा और कुंठा का प्रतीक है। लगातार चुनावी पराजय के बाद सपा मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए वह हर राष्ट्रीय विषय पर अनर्गल बयानबाजी कर केवल सुर्खियां बटोरने का प्रयास कर रही है। लेकिन जनता सब समझती है और जानती है कि भाजपा सरकार हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा देश को संकट से निकालने का कार्य किया है और जनता का विश्वास उनके साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। चौधरी ने कहा कि देशहित में किए गए आह्वान को राजनीतिक अवसरवाद का माध्यम बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष को चाहिए कि वह राष्ट्रहित के मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग की राजनीति करे, न कि भय, भ्रम और अफवाह फैलाने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि जनता से दूर हो चुके लोग अब जनता की आवाज को सुन नहीं पा रहे हैं। देश और प्रदेश की जनता विकास, सुरक्षा और स्थिर नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश की जनता स्पष्ट रूप से कह रही है कि मजबूत नेतृत्व, सुरक्षित भारत और विकसित भारत के लिए भाजपा ही विकल्प है।

पीएम मोदी ने चुनाव से पूर्व देशवासियों से सच छुपाया : अजय राय

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर पीएम मोदी की अपील पर उठाये सवाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारवार्ता कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर सवाल उठाये। इस दौरान पूर्व एमएलसी विवेक बंसल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वाइस चेयरमैन मनीष हिन्दवी मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से एक वर्ष के लिए सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल का उपयोग संभाल कर करने की अपील कर रहे हैं, क्या आज देश में कोई आर्थिक संकट या फिर कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो गयी है और यदि है तो ठीक दो घंटे बाद गुजरात में मोदी रोड शो क्यों कर रहे हैं?

राय ने कहा कि मोदी को चाहिए कि वह अपने भाजपा नेताओं से अपील करें कि वह देश हित में दान करें जिन्होंने सत्ता में रहते हुए जनता की गाढ़ी कमाई की लूट-घसोट की है। मोदी को स्वयं अपना काफिला कम करना चाहिए आय-दिन मोदी रोड-शो करते नजर आ रहे हैं जिसमें दर्जनों-दर्जनों गाड़ियां चल रही हैं जिससे पेट्रोल-डीजल व्यय हो रहा है और आज भी मोदी सोमनाथ मन्दिर के बाहर रोड-शो कर रहे हैं। राय ने कहा कि नेता को अपनी नजीर स्वयं पेश करनी होती है वर्ष 1962 में भारत चीन विश्व युद्ध के दौरान देश गंभीर सैन्य और आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, युद्ध के लिए धन और संसाधनों की आवश्यकता थी इन परिस्थितियों में देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने आभूषण (336 ग्रा. सोना) राष्ट्रीय रक्षा कोष में दान कर दिया था। प्रधानमंत्री लगातार झूठ बोलकर देश की भोली-भाली जनता को गुमराह कर सच को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि मोदी ने देश को पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया है। मोदी सिर्फ राज्यों के चुनावों को किस प्रकार से जीता जाए सिर्फ इस पर काम कर रहे हैं, बाकी देश की जनता से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस देश की सबसे बड़ी समस्या मोदी स्वयं है जो चुनाव से पूर्व देशवासियों से सच छुपाया ताकि कहीं चुनाव प्रभावित न हो जाए और ठीक उसके बाद राज्यों में भाजपा की सरकार बनने के बाद देशवासियों से अपील करना कि वह एक वर्ष तक सोना न खरीदें, पेट्रोल-डीजल की बचत करें, यह देशवासियों से धोखा है कि उन्होंने सच्चाई बताने में इतनी देरी क्यों कि कहीं उन्हें चुनाव हारने का डर तो नहीं सता रहा था? अजय राय ने कहा कि भाजपा ने बीते 12 सालों में देश को पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया है। गैस के दामों में बढ़ोत्तरी, खाद सामग्री के दामों में वृद्धि, विद्यालय की बढ़ती फीस से इस देश का आम जनमानस पहले से ही त्रस्त था और अब मोदी की इस अपील से समाज के सर्राफा व्यापारी, ट्रेवेल्स एजेंसीज का काम करने वाले लोगों की रोजी-रोटी पर भी खतरा आ चुका है।

चुनाव खत्म होते ही, संकट याद आ गया : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही, संकट याद आ गया! उन्होंने कहा कि दरअसल देश के लिए संकट सिर्फ.एक है और उसका नाम है भाजपा। उन्होंने कहा कि इतनी सारी पाबंदियां लगानी पड़ीं तो पंच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी? लगता है भाजपा सरकार के हाथ से लगाम पूरी तरह छूट गयी है। डॉलर आसमान छू रहा है और देश का रुपया पातालोन्मुखी हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, भाजपाइयों को अपने भ्रष्ट लोगों से करनी चाहिए क्योंकि जनता तो वैसे भी 1.5 लाख तोले का सोना नहीं खरीद पा रही है। भाजपाई ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। हमारी बात गलत लग रही हो तो लखनऊ से लेकर गोरखपुर तक पता कर लीजिए या अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक। अखिलेश यादव ने कहा कि वैसे सारी पाबंदियां चुनाव के बाद ही क्यों याद आईं है? भाजपाइयों ने चुनाव में जो हजारों चार्टर हवाई यात्राएं करीं वो क्या पानी से उड़ रहीं थीं? वो क्या होटलों में नहीं ठहर रहे थे या सिलेंडर की फोटो लगाकर खाना बनाकर खा रहे थे? भाजपाइयों ने चुनाव में ही वीडियो कांफ्रेंसिंग से ही प्रचार क्यों नहीं किया? सारी पाबंदियां जनता के लिए ही हैं क्या? इस तरह की अपील से तो व्यापार-कारोबार-बाजार में मंदी या महंगाई की आशंका की वजह से डर के साथ घबराहट, बेचैनी, निराशा फैल जाएगी। सरकार का काम अपने अकूत संसाधनों का सदुपयोग करके आपातकालीन हालातों से उबारना होता है, भय या अफरातफरी फैलाना नहीं। अखिलेश यादव ने कहा अगर सरकार नहीं चला पा रहे हैं तो भाजपाई अपनी नाकामी स्वीकार करें, देश को बर्बाद न करें। वैसे भी इन हालातों की असली वजह विदेश नीति के मामले में देश की परंपरागत गुट निरपेक्षता की नीति से भाजपा सरकार का हटकर कुछ गुटों के पीछे, कुछ खास वजहों और दबावों की वजह से चलना है।

सपा ने भंग की कार्यकारिणी

लखनऊ। सपा ने बांदा जिले से सम्बन्धित पार्टी और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से जारी सूचना के अनुसार, बांदा की जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष सहित, समस्त प्रकोष्ठों की जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष समेत और बांदा की सपा की राज्य कार्यकारिणी की पदाधिकारी एवं सदस्यगण, बांदा की समस्त प्रकोष्ठों की राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्यगण तत्काल प्रभाव से भंग किये जाते है।

लोकदल ने केंद्र सरकार पर किया तीखा हमला

लखनऊ। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रधानमंत्री की विदेशी यात्रा, पेट्रोल-डीजल और सोना खरीद को लेकर की गई अपील पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 5 किलो राशन लेने वाला देश आखिर सोना क्या खरीदेगा? जो परिवार मुफ्त राशन के सहारे अपना पेट पाल रहा है, वह पेट्रोल का क्या करेगा और अगर पेट्रोल भरवा भी लिया तो क्या स्विट्जरलैंड घूमने जाएगा? उन्होंने कहा कि आज देश की बड़ी आबादी महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार त्याग और बचत का उपदेश दे रही है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जबकि आम आदमी की आय लगातार घट रही है। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार पहले यह बताए कि देश की जनता की क्रय शक्ति क्यों खत्म हो गई? करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन की जरूरत क्यों पड़ रही है? अगर देश इतना मजबूत है तो जनता की जेब खाली क्यों है? लोकदल ने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियों ने मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों और युवाओं को सबसे

संक्षेप

युवती को भगा ले गया आरोपी

प्रतापगढ़। घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली युवती संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गयी। मामले में एक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नौ मई को बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह लापता हो गयी। अगले दिन जानकारी हुई कि रायबरेली जिले के छतोह पूरे रानी निवासी राजेन्द्र कुमार उर्फ रिंकू युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी को बरामद करने की पुलिस से गुहार की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर पीड़िता व आरोपी की तलाश कर रही है।

दर्शन पूजन को उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में अधिमास से पहले पड़ने वाले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। बाबा के जयकारे के साथ लोग जलाभिषेक करते दिखे। वहीं दिन भर बडी संख्या में श्रद्धालु झण्डा व घंटा चढ़ाने के लिए भी मंदिर पर डीजे व गाजे बाजे के साथ पहुंचे। भारी भीड़ के चलते पुलिस को भी पसीना बहाना पड़ा। वाहनों की अधिक संख्या में मंदिर परिसर से समीप पहुंचने से दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। उधर अधिमास को लेकर मेला परिसर भी गुलजार होने लगा है। मंदिर परिसर के आसपास बड़े बड़े झूले व खिलौने की दुकानें सजने लगी हैं। सांगीपुर थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी ने बताया कि अधिमास में श्रद्धालुओं को दर्शन को सरल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

टायर फटने से पलटी स्लीपर बस एक यात्री की मौत, 30 घायल

बदायूं। जिले के मूसाझाग क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर टायर फटने के कारण एक स्लीपर बस पलट जाने से उस पर सवार एक यात्री की मौत हो गई तथा 30 से अधिक घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सोमवार को बताया कि 10-11 मई की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे मूसाझाग थाना क्षेत्र के सराय पिपरिया गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर फतेहपुर के खागा से लुधियाना जा रही एक स्लीपर बस का टायर अचानक फट गया और वह तीन-चार बार पलटती हुई डिवाइडर लांघकर दूसरी लेन तक जा पहुंची। गनीमत रही कि बस एक्सप्रेसवे से नीचे गहरी खाई में नहीं गिरी वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मूसाझाग, दातागंज समेत आसपास के कई थानों की पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई और बस के शीशे तोड़कर व सीटें काटकर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना में फतेहपुर निवासी अनुज (34) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हो गए जिन्हें आसपास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है।

दो युवक डूबे

मिर्जापुर। जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र में गंगा नदी में सोमवार दोपहर मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन के लिए आए दो युवक गंगा स्नान के दौरान डूब गये जबकि पक्का घाट पर एक महिला और तीन बच्चों को गोताखोरों ने बचा लिया। आजमगढ़ से मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन के लिए आए एक परिवार के 14 सदस्य गंगा स्नान करने दीवान घाट पहुंचे। स्नान के दौरान सूरज (27) बैरिकेडिंग के बाहर तैरने लगा। नाविकों द्वारा रोके जाने पर वह उलझ पड़ा और मनमानी करते हुए बैरिकेडिंग पार कर गया। अचानक वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसका चचेरा भाई अभिषेक (25) भी बैरिकेडिंग पार करके आगे बढ़ा, लेकिन गहरे पानी में वह भी डूब गया।

ईंट भट्ठे के गड्ढे में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

हरदोई। जिले के लोनार थाना क्षेत्र में ईंट भट्टे पर खोदे गए गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूबने से सगे मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के ग्राम चिमना स्थित आशीष ईंट भट्टे पर लखीमपुर खीरी के अमीननगर निवासी इरशाद खान का परिवार ईंट पथाई का कार्य करता है। रविवार रात को इरशाद का पुत्र अफसद (7) और पुत्री उकसार (9) भट्टे के पास खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि भट्टे पर जल निकासी के लिए एक गहरा गड्ढा खोदा गया था, जिसमें हालिया बारिश के कारण काफी पानी भरा हुआ था।

बांसी नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी पर जानलेवा हमला!

- बाराबंकी-देवा रोड पर हथियारबंद बदमाशों ने घेरा, गाड़ी के शीशे तोड़े — ड्राइवर की सूझबूझ से बची जान

सिद्धार्थनगर/ बाराबंकी। सिद्धार्थनगर जिले की बांसी नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी पर सोमवार को जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना बाराबंकी जिले में देवा रोड पर लगभग दो किलोमीटर आगे हुई, जहां आधा दर्जन हथियारबंद हमलावरों ने उनकी गाड़ी को घेरकर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर आपत्तिजनक हथियारों से लैस थे और जान से मारने की नीयत से नपा अध्यक्ष की गाड़ी पर ताबड़तोड़ हमला किया। हमले में गाड़ी के शीशे चकनाचूर हो गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी को हल्की चोटें आईं। बताया जा रहा है कि हमले के दौरान ड्राइवर गोलू ने अद्भुत साहस और सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को तेज रफ्तार में मौके से निकाल लिया, जिससे गाड़ी में सवार सभी लोगों की जान बच गई। घटना की जानकारी देते हुए बांसी नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

इस घटना के बाद बांसी समेत पूरे सिद्धार्थनगर जिले में हड़कंप मच गया है। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी इस हमले को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है।

13 दिन बाद भी नहीं शुरू हुई करोड़ों के कथित घोटाले की जांच

- छह ग्राम पंचायतों में फर्जी भुगतान और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

सिद्धार्थनगर। नौगढ़ और शोहरतगढ़ विकासखंड की छह ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये के कथित घोटाले की जांच 13 दिन बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। जांच में हो रही देरी को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

शिकायतकर्ता अंकित सिंह ने 29 अप्रैल को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को शपथ पत्र एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ शिकायत सौंपकर नौगढ़ और शोहरतगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामगढ़, हरदासपुर, टेड़िया, सेमरियाव, रसूलपुर और रामपुर में वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक हुए भुगतानों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया था। शिकायत में फर्जी बिल-वाउचर, बिना कार्य कराए भुगतान, सरकारी धन के दुरुपयोग तथा कागजों पर विकास कार्य दिखाकर लाखों रुपये निकालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जांच के निर्देश देते हुए तीन सदस्यीय टीम गठित कर भौतिक सत्यापन कराने को कहा था, लेकिन 13 दिन बाद भी जांच प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। आरोप है कि ग्राम पंचायत रामगढ़ में स्ट्रीट लाइट के नाम पर बाजार मूल्य से कई गुना अधिक भुगतान दिखाया गया, जबकि हरदासपुर, टेड़िया, सेमरियाव, रसूलपुर और रामपुर पंचायतों में भी विकास कार्यों के नाम पर संदिग्ध भुगतान किए गए। शिकायतकर्ता का दावा है कि कई कार्य मौके पर नहीं मिले। मामले में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, जूनियर इंजीनियर, खंड विकास अधिकारी और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के आरोप भी लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच में हो रही देरी से साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ रही है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर अब तक जांच शुरू न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में व्यापार संगठन का निंदा प्रस्ताव

- महिला सम्मान के खिलाफ है विरोध की राजनीति : सुभाष सत्या

श्रावस्ती। उ०प्र० उद्योग व्यापार संगठन द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं महिला आरक्षण विधेयक-2026 के समर्थन में एक निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष सत्या के नेतृत्व में यह प्रस्ताव महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी श्रावस्ती के माध्यम से भेजा गया। संगठन ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह कानून महिलाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे महिलाओं को राजनीति और देश के विकास में भागीदारी का बेहतर अवसर मिलेगा। व्यापार संगठन ने विपक्ष द्वारा किए गए विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना देश का विकास अधूरा है। ज्ञापन में सरकार से इस कानून को सही तरीके से लागू करने और लोगों को जागरूक करने की मांग भी की गई। साथ ही समाज के सभी वर्गों से महिलाओं को सम्मान और समान अवसर देने की अपील की गई। इस दौरान विनोद शाहू, अरविंद गुप्ता, बिट्टू रिजवानी, शशि भूषण गुप्ता, माता प्रसाद, सुनीत सिंह, सत्य प्रकाश गुप्ता सहित कई व्यापारी एवं संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

नारी शक्ति को मिले सहयोग, रोशन हो पूरा देश

महिला आरक्षण विधेयक को लेकर महिलाओं ने निकाला विरोध जुलूस

जिला संवाददाता

कटरा श्रावस्ती। जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी के अगुवाई में सोमवार को राम जानकी मंदिर परिसर कटरा श्रावस्ती से सांसद आवास वर्मा तक महिलाओं ने विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान महिलाओं ने अखिलेश यादव मुदार्बाद, राम शिरोमणि मुदार्बाद और डिंपल यादव मुदार्बाद के नारे लगाए। जुलूस में शामिल महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण के समर्थन में कई उद्घोष भी किए। महिलाओं ने कहा, नारी शक्ति को मिले सहयोग, जिससे रोशन हो पूरा देश, जब नारी में शक्ति होगी तभी देश की उन्नति होगी तथा नहीं सहना है अत्याचार, नारी शक्ति का यह आधार जैसे नारों के माध्यम से महिला सम्मान और अधिकारों की आवाज बुलंद की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने कहा कि लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित नहीं हो सका। यह विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने तथा परिसीमन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से संबंधित था।

उन्होंने बताया कि सदन में मौजूद 528 सांसदों में से 298 सांसदों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया, जबकि 230 सांसदों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाने के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका। यह संशोधित महिला आरक्षण विधेयक वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून के अतिरिक्त प्रावधानों से जुड़ा था, जबकि वर्ष 2023 का महिला आरक्षण कानून पूर्ववत लागू रहेगा। आरती तिवारी ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में पर्याप्त भागीदारी मिलनी चाहिए, तभी देश सशक्त और विकसित बनेगा।

इस दौरान वेदवंती तिवारी, गीता देवी, संगीता श्रीवास्तव, किरण देवी, रामवती, ललित तिवारी, सुनीता पांडे, अध्या सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

शिवनगर डिड़ई पुलिस को मिली सफलता, वारंटी गिरफ्तार

थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है गिरफ्तारी अभियान

शिवनगर डिड़ई बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 11 मई 2026 को थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस ने धारा 77 अनुसूचित-5 प्रपत्र-2, कार्यालय उपजिलाधिकारी बांसी से संबंधित वारंटी अजीत कुमार पुत्र कृष्ण गोपाल मिश्रा निवासी गौरागढ़ थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक उदय सिंह एवं कांस्टेबल अजय यादव शामिल रहे।

छात्रों ने सीखे आपदाओं से बचाव के तरीके

श्रावस्ती। जनपद में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर आपदा मित्रों द्वारा स्कूलों और सामुदायिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 11 मई को जमुनहा क्षेत्र के ददौरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज ददौरा में आपदा मित्र विवेक श्रीवास्तव और पेशकार यादव ने छात्रों और शिक्षकों को विभिन्न आपदाओं से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़, आग लगना, डूबना, हीटवेव और कोल्डवेव जैसी आपदाओं के समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। छात्रों को सुरक्षित रहने के आसान तरीके भी बताए गए। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि लोगों को जागरूक करके आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डूबने की घटनाएं, हीटवेव, कोल्डवेव, बाढ़ और अग्निकांड जैसी आपदाओं में सावधानी बरतने से जनधन की हानि को रोका जा सकता है। इसी कारण आपदा मित्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने डूबने की घटनाओं से बचाव के लिए संवेदनशील स्थानों पर जागरूकता होर्डिंग और बैनर लगाने के निर्देश दिए।

आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद में डूबकर होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को रोकने के लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है।

संघ की मजबूती व अधिवक्ता हितों पर खरा उतरने की प्रत्याशियों ने खाई सौगंध

दक्षता भाषण में प्रत्याशियों ने साथियों से समर्थन की लगायी गुहार

प्रतापगढ़। तहसील पार्क मे सोमवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव के ठीक एक दिन पहले हुए प्रत्याशियों के परम्परागत दक्षता भाषण में अध्यक्ष समेत नौ पदों के चालीस प्रत्याशियों ने साथियों से समर्थन की गुहार लगायी। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा महामंत्री के पद पर किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों ने इशारे इशारे में एक दूसरे पर कटाक्ष भी किये। वहीं प्रत्याशियों का भाषण सुन रहे साथियों ने बीच बीच में तालियां बजाकर उत्साहवर्धन भी किया। आज मंगलवार को मतदान एवं मतगणना को लेकर दक्षता भाषण के दिन दीवानी तथा तहसील परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा। प्रारम्भ में चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ताओं को मतदान की

व्यवस्था को लेकर बिंदुवार जानकारियां प्रदान की। उन्होनें भरोसा दिलाया कि चुनाव समिति मतदान और मतगणना की पारदर्शिता व निष्पक्षता पर पूरी तरह खरी उतरेगी। संचालन पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने किया। संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्वागत तथा एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने आभार जताया। वहीं आज मंगलवार को होने वाले संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान होगा।

इसके बाद साढ़े तीन बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। मतगणना के ठीक बाद चुनाव परिणामों की घोषणा भी होगी। उन्होने बताया कि इस बार संघ के चुनाव में छः सौ सतहत्तर अधिवक्ता मतदान करेंगे। इस बार सभी पदों पर दिलचस्प मुकाबला है। इसके कारण मतगणना के देर रात तक जारी रहने की संभावना भी है। इसे देखते हुए प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था के प्रबन्ध पुख्ता किये हैं। चुनाव समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, राधारमण शुक्ल, अजय शुक्ल गुडडू दक्षता भाषण के आयोजन के प्रबंधन में मशक्कत करते दिखे। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के आज होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी कड़ी की गयी है। नगर में अधिवक्ताओं के चुनाव को देखते हुए भारी वाहनों का नेशनल हाइवे पर रूटडायवर्जन भी प्रशासन द्वारा कराया जाएगा।

मिशन शक्ति : महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बांसी सिद्धार्थनगर। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर चलाए जा रहे ह्लमिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण)ह्व अभियान के अंतर्गत थाना बांसी पुलिस ने ग्राम भरतना में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह अभियान क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान थाना बांसी की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम भरतना के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा, एंटी रोमियो अभियान तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया।

इस अवसर पर पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा तथा 101 अग्निशमन सेवा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

भारत-नेपाल सीमा पर सीमा स्तंभ मरम्मत कार्य शुरू

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और सशस्त्र सीमा बल की 62वीं वाहिनी के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर सीमा स्तंभों के मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य सीमा चौकी भरथा क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 634/7 से शुरू किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी और एसएसबी कमांडेंट ने सीमा क्षेत्र का निरीक्षण कर चल रहे कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके बाद अधिकारियों ने एसएसबी की सीमा चौकियों सुइयां, भरथा, हाकिमपुरवा और तरुशमा का भ्रमण किया। वहां तैनात जवानों से बातचीत कर उनके कार्यों की सराहना की और सीमा सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने सीमावर्ती गांवों के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर एसएसबी और प्रशासन के कई अधिकारी तथा जवान मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एनआरपी दिवस पर नवजात पुनर्जीवन प्रशिक्षण आयोजित

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में राष्ट्रीय एनआरपी दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में एक दिवसीय बेसिक नियोनेटल रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए दक्ष बनाना रहा। प्रशिक्षण का संचालन मुख्य प्रशिक्षक डॉ. ध्रुव कुमार मिश्रा एवं डॉ. माला मुनि स्वामी द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने प्रसव के तुरंत बाद के ह्लगोल्डन मिनटह्व अर्थात शुरूआती एक मिनट को नवजात के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सही समय पर उचित उपचार और पुनर्जीवन तकनीक अपनाकर अधिकांश नवजात शिशुओं की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में एसएनसीयू, एनबीएसयू तथा विभिन्न डिलीवरी प्वाइंट पर तैनात चिकित्सा अधिकारियों, स्त्री रोग विशेषज्ञों एवं स्टाफ नर्सों को नवजात शिशुओं की देखभाल, सांस न लेने की स्थिति में पुनर्जीवन प्रक्रिया तथा आपातकालीन प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान डमी एवं आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से लाइव प्रदर्शन कर स्वास्थ्य कर्मियों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रसव कक्ष में तैनात कर्मचारियों का प्रशिक्षित और सतर्क होना नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें विषम परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त होगी।

तस्करी के जेवर व ई-स्कूटी समेत एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर के थाना मोहाना क्षेत्र मेंऔ कस्टम ककरहवा, एसएसबी और मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल बॉर्डर के पास फसादीपुर स्थित पिलर संख्या 543/1 के निकट कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपी के कब्जे से 06 जोड़ी कान की बाली, 14 जोड़ी टप्स, 11 जोड़ी पायल, 38 अदद गले का चंद्रमा (सफेद धातु) तथा एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी बरामद की। बरामद सामान को कस्टम अधिनियम की धारा-110 के तहत जब्त कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दुर्गा प्रसाद गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी ग्राम दूल्हा सुमाली टोला सलसलवा थाना मोहाना, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है।

जनता दर्शन में एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। प्राप्त खबर के अनुसार 11 मई 2026 को आयोजित जनसुनवाई में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद से संबंधित 1, मारपीट से संबंधित 1, महिला अपराध से जुड़े 3 तथा अन्य 14 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संक्षेप

अखिल भारतीय ग्राहक की बैठक हुई

भरथना, इटावा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत भरथना की नियमित बैठक नगर अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव के मुहल्ला कल्यान नगर स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें नगर में धड़ल्ले से बिक रहे एक्सपायरी व खराब गुणवत्ता वाले खाद्य-पेय पदार्थों के भीषण गर्मी में मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त कर नगर के व्यापारियों से अपील की गई कि वह कम गुणवत्ता व एक्सपायरी व खुले में खाद्य-पेय पदार्थों की बिक्री बिल्कुल न करें अन्यथा की स्थिति में शिकायत मिलने पर सम्बन्धित विभाग को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की माँग की जाएगी। अंत में समस्त कार्यकताओं को संगठन की डायरी का वितरण कर यात्रीहित में स्टेशन अधीक्षक भरथना मनोज कुमार का प्लेटफार्म पर उचित प्रकाश व्यवस्था हेतु आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान निशांत पोरवाल एडवोकेट, अनिल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, ब्रजेश पोरवाल, हिमांशु गुप्ता, रामप्रकाश पाल, ब्रहमप्रकाश श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश कौशल, विष्णु राठौर, रामनरेश पोरवाल, शिवम गोस्वामी, बॉबी गुप्ता, रवि शर्मा, शिवेंद्र भदौरिया एडवोकेट, अविरल गुप्ता, रिषभ पोरवाल आदि मौजूद रहे।

हादसों में तीन की मौत

इटावा। जनपद में हुए अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी। थाना पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थाना भरेह क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कांची निवासी आदर्श भदौरिया पुत्र केवल सिंह उम्र 15 साल ने किसी बात से नाराज होकर घर में फांसी लगाकर जान दे दी। भरथना क्षेत्र के अंतर्गत मुहल्ला गोपियागंज निवासी विनोद कुमार पुत्र सरमनलाल उम्र 50 की भरथना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे के बाद उसकी मौत हो गयी। कप्तान सिंह पुत्र ब्रदीप्रसाद उम्र 59 साल निवासी थाना बढ़पुरा की भी सड़क हादसे के बाद मौत हो गयी।

मेले में 213 लोगों को रोजगार मिला

इटावा। जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय मॉडल कॅरिअर सेंटर इटावा के संयुक्त तत्त्वावधान में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय पक्का तालाब में किया गया, उक्त रोजगार मेले में 7 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में कुल 362 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें में से कुल 213 अभ्यर्थियों को चयन किया गया। रोजगार मेले में मॉडल कैरियर सेन्टर में यंग प्रोफेशनल दीपक कुमार सिंह, एवं जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

देवर ने पुत्री से मारपीट की, मामला दर्ज

पाटन, उन्नाव। पुत्री के साथ देवर द्वारा मारपीट किए जाने एवं जान से मार देने की धमकी दिए जाने पर मां की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट व जान से मार देने, धमकी दिए जाने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम सुमेरपुर की शकीला बानो पत्नी मोहम्मद इलियाज ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि मेरी पुत्री नाजिमा का विवाह थाना पुरवा के मिर्री कला निवासी मोहम्मद साद के पुत्र के साथ हुआ था। मेरी पुत्री का देवर साबिर आए दिन मेरी पुत्री के साथ गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी देता रहता है।

गोरखपुर के दक्षिणांचल में खेतों की सिंचाई होगी निर्बाध

- चौधरी चरण सिंह गोला पम्प नहर का योगी सरकार करा रही आधुनिकीकरण
- बढाई जा रही पम्प नहर के विद्युत सब स्टेशन की क्षमता
- पुरानी मशीनों के स्थान पर लगाए जा रहे अधिक क्षमता के पम्प, मोटर और उपकरण
- 22.29 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण परियोजना में दो तिहाई काम पूरा

गोला, गोरखपुर। जिले के दक्षिणांचल क्षेत्र के किसानों को खेतों की सिंचाई में बड़ी सहूलियत मिलने वाली है। इस क्षेत्र में निर्बाध सिंचाई व्यवस्था के लिए योगी सरकार चौधरी चरण सिंह गोला पम्प नहर का आधुनिकीकरण करा रही है। 22.29 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का दो-तिहाई कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके तहत पम्प नहर के विद्युत सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने के साथ ही अधिक क्षमता के पम्प, मोटर और अन्य आधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं। 1957 में बनी गोला पम्प नहर की आधुनिकीकरण की परियोजना में सब स्टेशन को 33/3.3 केवी से बढ़ाकर 33/11 केवी किया जा रहा है।

इससे वोल्टेज की समस्या का समाधान हो जाएगा और पम्प के संचालन में कोई बाधा नहीं आएगी। सब स्टेशन की क्षमता उन्नयन के अनुरूप ही एचटी और एलटी ट्रांसफार्मर का अपग्रेडेशन भी किया जा रहा है। इसके अलावा 60 क्यूसेक क्षमता के पांच होरिजेंटल स्प्लिट केसिंग ज्योति मेक पम्प को बदलने का कार्य भी होगा। आधुनिकीकरण की परियोजना में 250 किलोवाट 3.3 केवी पांच एचटी मोटर को 250 किलोवाट 11 केवी के एचटी मोटर में बदला जाएगा। साथ ही मड पम्प, डिवाटरिंग पम्प को भी बदलकर नया लगाया जाएगा। पम्प नहर के आधुनिकीकरण से पानी का डिस्चार्ज बढ़ेगा और नहर के टेल तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसका सबसे बड़ा फायदा गोला और बांसगांव तहसील क्षेत्र के किसानों को मिलेगा, कारण इस पम्प नहर के जरिए करीब 13 हजार हेक्टेयर भूमि का सिंचन इन्हीं दो तहसीलों के अंतर्गत होता है। चौधरी चरण सिंह गोला पम्प नहर के आधुनिकीकरण की जिम्मेदारी, कार्यदायी संस्था लिफ्ट एवं सिंचाई खंड विभाग उठा रही है। सिंचाई विभाग (सरयू कैनाल) के अधिशासी अभियंता विश्वनाथ शुक्ला के अनुसार गोला पम्प नहर आधुनिकीकरण परियोजना के तहत भौतिक प्रगति 68 प्रतिशत है। इसे मार्च 2027 तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लेने का लक्ष्य है। पम्प नहर के सब स्टेशन और मशीनों के अपग्रेड होने से रबी और खरीफ दोनों फसलों के दौरान समय पर पानी मिल सकेगा, जिससे पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव होगी।

जाम के झाम से हांफता रहा फुटहवा से तरकुलहा तक देवरिया गोरखपुर राजमार्ग

जाम से छुटकारा दिलाने में रुचि नहीं लेते जिम्मेदार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र का तरकुलहा देवी मंदिर श्रद्धालुओं के श्रद्धा का केंद्र माना जाता है। जहां सोमवार व शुक्रवार को क्षेत्र के साथ साथ तमाम जिलों के लोग माता की दर्शन के लिए आते हैं।इस लिए सोमवार व शुक्रवार को फुटहवा ईनार से तरकुलहा मंदिर गेट तक गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर भीषण जाम लग जाता है।जब जाम की स्थिति चौरीचौरा तक पहुंचने की होती है तो जिम्मेदार पहुंच कर जाम हटवाकर आवागमन बहाल कराते हैं। बताते चलें कि सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे देवरिया गोरखपुर राजमार्ग फुटहवा ईनार चौराहे से तरकुलहा मंदिर गेट तक राजमार्ग की दोनों पटरियों पर भीषण जाम लग गया। सड़क पर लोग चींटी की तरह रेंगते नजर आ रहे थे। मंदिर गेट पर पुलिस या होमगार्ड को खड़ा रहते देखा गया। लेकिन वह भीड़ को नियंत्रित करने में असमर्थ देखा गया।जाम में कई मरीजों को लिए एम्बुलेंस फंसे देखें गये। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भरकम भीड़ को देखते हुए तरकुलहा मंदिर मोड़ पर पीकेट पुलिस की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए।जो यातायात की ड्यूटी करने की जिम्मेदारी निभा सके। कई बार भीड़ के अनियंत्रित होने के कारण भारी दुर्घटना भी हो जाती है। लोगों का कहना है कि सोमवार को लगे जाम में वाहन सड़कों पर रेंगते नजर आ रहे थे।काफी समय बाद सूचना पर पहुंची पुलिस जाम हटवाकर आवागमन बहाल कराया। लोगों ने प्रशासन से चौराहे पर पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग किया है। जिससे जाम से मुक्ति मिल सके।

भाजपा महिला आरक्षण बिल नहीं परसीमन बिल लाना चाहती थी: गोपाल यादव

भाजपाइयों ने घेरा सांसद का आवास

इटावा। महिला आरक्षण बिल के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा सपा सांसद के आवास के घेराव को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए आपत्ति जताई है। प्रेसवार्ता में पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश वर्मा उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि महिला आरक्षण बिल तो 16 अप्रैल 26 को ही पास हो गया था उन्होंने कहा कि, भाजपाई असल में परसीमन बिल लाना चाहते थे जिससे चुनाव लाभ की रणनीति प्रभावित हो सके जो वो ला नहीं पाए। भाजपा ने अपने ही पार्टी के प्रधानमंत्री का अपमान करने वाले पदाधिकारी को ही इटावा भाजपा का जिलामंत्री बना दिया है जिसकी वायरल ऑडियो रिकॉर्डिंग मेरे पास है, उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि जो भी चाहे महिला बिल पर हमसे आकर खुली बहस कर सकता है। उन्होंने कहा कि, पीडीए सड़कों पर आ गया तो ये हमारा मुकाबला ही नहीं कर पाएंगे। वर्तमान में हमारी पार्टी में सपा के 37 सांसद है जिसमें सपा की 5 महिला सांसद भी है यह हमारा महिलाओं के प्रति सम्मान है और आप देखिए बीजेपी के कुल सांसदों में आज सिर्फ एक ही महिला सांसद है अगर ये महिलाओं के इतने ही हितैषी है तो बताए कि उनकी 22 राज्यों की सरकारों में कितने प्रदेशों में महिला मुख्यमंत्री हैं वहां 33 प्रतिशत का आरक्षण कहां लागू है।

महिला मोर्चा ने सपा सांसद के आवास का घेराव किया

इटावा। संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध करना विपक्ष को भारी पड़ रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध और महिला सम्मान के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों के आवास का घेराव किया। महिला मोर्चा ने इटावा लोकसभा से सपा सांसद जितेंद्र दोहरे के आवास का घेराव व जोरदार विरोध प्रदर्शन कर विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, नारी शक्ति का विरोध बंद करो और महिला विरोधी सोच मुदार्बाद, समाजवादी पार्टी मुदार्बाद, कोंग्रेस मुदार्बाद, जितेंद्र दोहरे मुदार्बाद, डिंपल यादव मुदार्बाद, प्रियंका वाड्रा मुदार्बाद जैसे नारे लगाए। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सांसद आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है, लेकिन विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सांसद आवास के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जो दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के खिलाफ हैं, जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम में पूर्व भर्थना विधायक सावित्री कठेरिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, सभासद पूनम पांडेय, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिलामंत्री मधु तोमर, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीतू नारायण मिश्रा, आकांक्षा गुप्ता, पूनम तिवारी, राधा पाल, प्रीति दुबे, सोनी कठेरिया, सोनिया चक, सीता मिश्रा, विनीता राजपूत, विनीता कुशवाहा, चंचल तिवारी, ऋचा मिश्रा, गुड्डी वाजपेयी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी, विमलेश शाक्य सहित महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

ट्रक से टकरायी डबल-डेकर बस ,दो यात्रियों की मौत, 11 जख्मी

कानपुर। बिल्हौर थाना क्षेत्र में सोमवार को पटना से दिल्ली जा रही एक तेज रफ्तार डबल-डेकर बस की लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक से टक्कर हो जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई तथा 11 अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि यह हादसा तड़के करीब साढ़े चार बजे अरौल टोल प्लाजा के पास हुआ। उन्होंने बताया कि इस घटना में बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सिलीगुड़ी से सहारनपुर जा रहे एक ट्रक से पीछे से जा टकरायी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक पलट गया और बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया तथा कई यात्री बस में फंस गए।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टीम ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सहायक पुलिस आयुक्त (बिल्हौर) मंजय सिंह ने बताया कि इस घटना में घायल बिहार निवासी तीन यात्रियों नीरज, बबलू और रितेश को बेहतर इलाज के लिए लाला लाजपत राय अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान नीरज (30) और बबलू (32) की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता लगा है कि बस चालक को गाड़ी चलाते समय शायद झपकी आ गई थी और बस लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से ट्रक से जा टकरायी।

सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि क्रेन तथा अन्य मशीनों की मदद से एक्सप्रेसवे से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को बहाल किया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और औपचारिक शिकायत मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्वाई की जाएगी।

आरोप : जनगणना पोर्टल से ओबीसी कॉलम गायब होना पिछड़ों के साथ धोखा : कालीशंकर यदुवंशी

चौरीचौरा, गोरखपुर। ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने केंद्र सरकार द्वारा जारी जनगणना के 'स्व-गणना' पोर्टल पर ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कॉलम न होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इसे देश की बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ एक बड़ी प्रशासनिक साजिश करार देते हुए सरकार से इसे तत्काल सुधारने की मांग किया है।

उन्होंने भारत के राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन के माध्यम से अपना कड़ा प्रतिरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि जनगणना फॉर्म में अनुसूचित जाति एससी, और अनुसूचित जनजाति एसटी के लिए तो अलग कॉलम दिए गए हैं।लेकिन ओबीसी समाज कोअन्य' (ड३ी१२) की श्रेणी में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तकनीक इतनी उन्नत है,तो फिर पिछड़ों की सही गिनती करने से सरकार क्यों कतरा रही है? उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना सटीक जातिगत आंकड़ों के ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण, छात्रवृत्ति और अन्य विकास योजनाओं का लाभ उन तक सही ढंग से नहीं पहुँच सकता।उन्होंने चेतावनी दी है कि वन भारत सिटीजन पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जनगणना के ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों प्रारूपों में ओबीसी का पृथक कॉलम जोड़ा जाए ताकि देश के करोड़ों पिछड़ों को उनकी सही पहचान और संख्या का अधिकार मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इस पोर्टल में तकनीकी सुधार नहीं किया, तो उनकी पार्टी पूरे देश में व्यापक जन-आंदोलन शुरू करेगी।

शादी का झांसा देकर रास्ते से भगा ले गया नाबालिग किशोरी, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गांव की अल्प ब्यस्क किशोरी को एक युवक शादी का झांसा देकर रास्ते से ही भगा ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ भी पता नही चलने पर परिजनों ने पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जिले के एक गाँव के रहने वाले एक व्यक्ति ने चिलुआताल पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह इस थाना क्षेत्र अंतर्गत केवटहिया शास्त्री नगर में परिवार सहित रहते है। उनकी तेरह वर्षिय बेटी गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामनगर गयी थी। दूसरे दिन मामा के घर से अपने घर आते समय केवटहिया का ही रहने वाला शुभम शाहनी पुत्र भजन साहनी रास्ते में ही शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर किशोरी की तलास शुरू कर दी है।

अतायर फोरलेन पर बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, दो लोग घायल

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह फोरलेन पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम सभा डेमुसा बिचला टोला निवासी अरविंद चौहान पुत्र राम समुझ, उम्र 38 वर्ष और दिलीप चौहान पुत्र मदन, उम्र 45 वर्ष सुबह करीब 10 बजे मछली पकड़ने के लिए बड़हलगंज थाना क्षेत्र के तरैना जा रहे थे। गगहा थाने से लगभग 200 मीटर आगे अतायर मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप चौहान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अरविंद चौहान को भी चोटें आई हैं, लेकिन उन्होंने बताया कि वह ठीक हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं लगाया था। दोनों विवाहित हैं।

गंगा नहाते समय युवक डूबा, शव बाहर निकाला

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में अपनी मौसेरी बहन के यहां आया युवक गंगा नहाते समय गंगा में डूब गया। आसपास के लोगों ने जाल डाल कर उसे मृत अवस्था में निकाला, परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के रुपपुर चंदेला गांव निवासी विजय कुमार पुत्र नन्हक्के के घर उनकी पत्नी का मौसेरा भाई अनुराग पुत्र गंगाराम निवासी शेरपुर कोतवाली सफीपुर आया था। विजय के यहां तरबूज एवं खरबूजा की फसल तैयार हो चुकी है, अनुराग भी तरबूज एवं खरबूजे का स्वाद लेने आया था। आज सुबह अनुराग रुपपुर चंदेला गांव के सामने गंगा नदी की धारा में नहाने गया था, नहाने के दौरान डुबकी लगाने के साथ वह भी डूब गया पास खड़े एक बालक की चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास रेती में काम रहें लोगों ने काफी प्रयास किया।

गेहूं खरीद के मामले में पासाखेड़ा क्रय केंद्र फिसड्डी महज 200 क्विंटल खरीद पर एसडीएम सख्त

पुरवा (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के पासाखेड़ा गेहूं क्रय केंद्र पर खरीद व्यवस्था बेहद खराब मिलने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया हैं केंद्र पर अब तक मात्र 200 क्विंटल गेहूं खरीद होने की जानकारी सामने आई, जबकि किसानों की लंबी संख्या खरीद का इंतजार कर रही है। जांच के दौरान मशीन खराब होने की बात बताई गई जिस पर एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया निरीक्षण में खरीद प्रक्रिया बेहद धीमी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और केंद्र प्रभारी को कड़ी चेतावनी दी। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाए उन्होंने मशीनों को तत्काल ठीक कराने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार खरीद सुनिश्चित करने को कहा गया। पुरवा तहसील में पासाखेड़ा केंद्र की खरीद सबसे न्यूनतम पाए जाने से प्रशासनिक अधिकारियों में भी चिंता देखी गई। किसानों का कहना है कि केंद्र की लापरवाही के चलते उन्हें गेहूं बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जनगणना से ही संभव है क्षेत्र का सटीक विकास : एसडीएम

ऊसराहार, इटावा। जनगणना केवल व्यक्तियों की गिनती नहीं है बल्कि भविष्य के विकास का पूरा खाका है। जनगणना के समय सभी लोग सही जानकारी दे, दी गई जानकारी बिल्कुल गोपनीय है यह बात उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा ने आयोजित बैठक मे कही। इस मौके पर ताखा मे अधिवक्ताओं ने अपनी स्व जनगणना मोवाइल एप पर की। ताखा तहसील परिसर में सोमवार को उपजिलाधिकारी एसडीएम श्वेता मिश्रा की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जनगणना को लेकर जागरूक करना और स्व-जनगणना की डिजिटल प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया गया बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम श्वेता मिश्रा ने कहा कि जनगणना केवल व्यक्तियों की गिनती नहीं है, बल्कि यह भविष्य के विकास का खाका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा क्षेत्र में अस्पताल, स्कूल, और सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जनसंख्या के सटीक आंकड़ों के आधार पर ही किया जाता है। यदि आंकड़े सही होंगे, तभी ताखा तहसील को सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सकेगा।

सूचना

सूचित किया जाता है की मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी सं. 236191032 में मेरा नाम कल्लू राम पुत्र श्री बन्धु राम दर्ज है, जबकि मेरे समस्त अभिलेखों में लाला पुत्र बन्धु दर्ज है। उपरोक्त लाला व कल्लू राम दोनों नाम मेरे ही है। सूचनाकर्ता लाला पुत्र बन्धु नि. ग्राम पचपेड़ा पोस्ट बरबटा वाया चंदन चौकी जिला खीरी-262908।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरे नाम की स्पेलिंग MEGHANA SRIVASTAVA अंकित हो गयी है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम की स्पेलिंग MEGHNA SRIVASTAVA है जो कि सही है। भविष्य में मेरे नाम की स्पेलिंग MEGHNA SRIVASTAVA ही पढ़ी जाये। मेघना श्रीवास्तव पुत्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव नि.-4/145 विपुल खंड-4, गोमती नगर, जिला लखनऊ।

चोरी का खुलासा, 4 शातिर चोर गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल, नकदी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक विवेकी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फतेहपुर चैरासी पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना फतेहपुर चैरासी में दर्ज मुकदमा धारा 305 बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना की जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेलापुर के पास पुलिया के निकट से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित भारती पुत्र भुगावन निवासी लालगंज अघारा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़, धर्मेंद्र पुत्र छबिके निवासी खजुरी बाग थाना मांखी जनपद उन्नाव, सुनील पुत्र नरेश निवासी सेमरी थाना खीरों जनपद रायबरेली तथा श्रवण पुत्र मंशाराम निवासी खजुरी बाग थाना मांखी जनपद उन्नाव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, चोरी की संपत्ति बेचकर प्राप्त 5000 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल और एक विवेकी बरामद की है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

विहिप व रेडक्रॉस सोसायटी ने लगाया नेत्र शिविर

इटावा। विश्व हिन्दू परिषद के दो दिवसीय प्रान्त अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद एवं इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में पीएनसी उत्सव गार्डन में नेत्र चिकित्स शिविर बालाजी धर्मार्थ आई हॉस्पीटल के वरिष्ठ चिकित्सको के द्वारा किया गया शिविर में डॉ. एसके दुबे एवं डॉ केके सक्सेना द्वारा 127 रोगियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवा एवं 22 रोगियों को चश्मों का वितरण किया। शिविर में विश्व हिन्दू परिषद के अनिल दीक्षित जी क्षेत्र विशेष सम्पर्क प्रमुख एवं कल्पना जी क्षेत्र संयोजक दुर्गा वाहिनी, जिलाध्यक्ष अमित दीक्षित, जिलाउपाध्यक्ष डा. केके सक्सेना चेयरमैन इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिलामंत्री भानूप्रताप सिंह तथा इटावा इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. हरीशंकर पटेल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सत्यम, मोनू दीक्षित, मनोज, विनीता आदि बालाजी धमार्थ आई हॉस्पीटल का स्टाफ मौजूद रहा।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई– निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	कार्य का नाम	डिजाइन डेवलपमेंट सप्लाई इंस्टालेशन कमीशनिंग एंड टेस्टिंग ऑफ टॉर्क एप्लीकेशन एंड डाटा एक्वीजीशन सिस्टम फॉर कैप्चरिंग टोरकिंग डाटा ऑफ वेरियस सिस्टम्स ऑफ एल० एच० बी० कोचेस ड्यूरिंग शॉप शेड्यूल (एस–I एस–II एस–III)।
2	कार्यस्थल	सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ
3	अनुमानित लागत	रु० 2,74,12,634.28 मात्र।
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य	शून्य।
5	बिड सिक्युरिटी	रु० 5,48,300/– मात्र।
6	कार्य पूर्ण करने की अवधि	63 माह।
7	निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	दिनाँक– 02.06.2026 समय 15:00 बजे तक।
8	प्रमाणपत्र	फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए।
9	खुलने का समय	निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है।
10	कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।	निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
11	वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है।	

सं. 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–19 दिनांक: 09.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1560/26

संक्षेप

कहा-सुनी के बाद मारपीट, जान से मारने की धमकी

धौरहरा खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के सडौराखुर्द गांव में कहा-सुनी के बाद महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी कलावती पत्नी चंद्रेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही रामसहारे पुत्र सुंदर, रामलमित्तर पुत्र सुंदर, सुंदर पुत्र छोटकऊ और पुष्पा पत्नी रामसहारे ने पुरानी बात को लेकर नाराज होकर उसके साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार घटना पांच मई की सुबह करीब छह बजे की है। मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

धौरहरा खीरी। धौरहरा विधान सभा के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईसानगर की बैठक खमरिया खुर्द में व ब्लाक कांग्रेस कमेटी धौरहरा की बैठक केशवा पुर में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ' उक्त उक्त बैठकों में बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की उपस्थिति रही। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने और कार्यकताओं को और सक्रिय होने पर जोर दिया साथ ही पटेल ने यह भी कहा कि न्याय पंचायत स्तर कमेटी के गठन के उपरांत जल्द ही बूथों को कंप्लीट करना होगा संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कार्य करना होगा। विधानसभा धौरहरा प्रभारी रवि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को अब और सजग रहना होगा हालिया हुए विधानसभा चुनावों में जो परिणाम आए हैं। अब चुनाव आयोग , आर एस एस और भाजपा खुलेआम लोकतंत्र का गला घोंट कर परिणाम जनता पर थोपे जा रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार में सभी वर्ग त्रस्त है। महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा में है जनता परिवर्तन के मूड में है। हम सभी को जनता के बीच में ही रहना होगा। उक्त बैठकों को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से विकेंद्र भल्ला, बाबूराम दीक्षित, जमाल अहमद, सलीम अहमद, कोमल सिंह जयप्रकाश लोधी , रमन जीत सिंह। उक्त बैठकों में प्रमुख रूप से उपस्थित रमाकांत तिवारी हरगोविंद वर्मा लतीफ आजम सत्रोहन लाल रामनरेश, रामचंद्र रामेश्वर गिरी केशव राम , चंद्र भाल भार्गव बालक राम जयसवाल मिश्रीलाल यादव राजपाल यादव आदि मौजूद रहे।

पुलिस मुठभेड़ में दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

सीतापुर। जनपद के अटरिया थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो 50-50 हजार रुपये के ईनामिया अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसओजी और अटरिया पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई इस मुठभेड़ में दोनों बदमाश पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गए।

पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के करीब सात लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात, अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ शातिर बदमाश अटरिया थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के बाद एसओजी टीम और अटरिया पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके में घेराबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान नहर कोठी के पास संदिग्ध बाइक सवार बदमाश दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस और बदमाशों के बीच कई राउंड गोलियां चलीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी, जिससे वे घायल होकर गिर पड़े। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद फरीद और बैजनाथ उर्फ धीरज के रूप में हुई है। मोहम्मद फरीद थाना सिधौली क्षेत्र के मोहल्ला सराय बाड़ी का निवासी बताया गया है, जबकि बैजनाथ उर्फ धीरज थाना संदना क्षेत्र के नंदवन गांव का रहने वाला है। दोनों शातिर अपराधियों पर आईजी रेंज लखनऊ की ओर से 50-50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। दोनों लंबे समय से चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल, दो तमंचे 315 बोर, चार खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, करीब 45 ग्राम सोने के जेवरात तथा 2700 रुपये नगद बरामद किए हैं। बरामद सोने के जेवरों की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि बरामद सामान हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं से संबंधित है और इनके जरिए कई घटनाओं के खुलासे की संभावना है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना अटरिया में दर्ज मुकदमा संख्या 91/26 और 99/26 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई चल रही थी। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। उन्होंने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

कुकर्म के विरोध में 12 वर्षीय अल्तमश की हत्या

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहरी सराय में कुछ दिन पूर्व हुई 12 वर्षीय किशोर अल्तमश की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए उसके चचेरे भाई मुदस्सिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने जो वजह बताई, उससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने अल्तमश के साथ कुकर्म का प्रयास किया था। विरोध करने पर उसने गुस्से में धारदार हथियार से किशोर की हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को बेड के नीचे छिपाकर ऊपर से बक्से रख दिए और मकान बंद कर फरार हो गया था। घटना 8 मई की शाम की है। अल्तमश पुत्र हमीद शाम करीब 5 बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान परिजन गांव में बंद पड़े एक मकान की छत के रास्ते अंदर पहुंचे, जहां कमरे में बेड के नीचे अल्तमश का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। शव को छिपाने के लिए ऊपर से दो बक्से लगाए गए थे। बच्चे की गर्दन पर धारदार हथियार से वार के गंभीर निशान मिले थे। मृतक के पिता हमीद ने गांव के ही युवक मुदस्सिर पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी मुदस्सिर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि कुकर्म के प्रयास का विरोध करने पर उसने अल्तमश की हत्या कर दी थी। मामले के खुलासे के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

डीएम ने की आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा

लखीमपुर खीरी। जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अब प्रशासन का रुख और सख्त हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बिना किसी भी मामले का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न पहुंचे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क कर उनकी संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए किसी भी प्रकरण का निस्तारण पोर्टल पर अपलोड न किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अफसर प्रतिदिन अपने-अपने आईजीआरएस पोर्टल लॉगिन पर प्राप्त शिकायतों का स्वयं पर्यवेक्षण करें और उनका गुणवत्तापरक, समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

12 हजार के नकली नोट एसएसबी ने किया बरामद

लखीमपुर खीरी। कमांडेंट 03 बटालियन सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे। ऑपरेशन के क्रम में 9 मई को सहायक कमांडेंट निखिल राज के नेतृत्व में डी कंपनी एस एस बी खखरौला के द्वारा एक गाड़ी होंडा मोबालियो में एक व्यक्ति अनुज कुमार निवासी सिंगाही कलां तहसील एवं थाना निघासन के पास 12 हजार रूपए के 500- 500 सौ रुपए के नकली भारतीय मुद्रा के नोट बरामद किए गए हैं। नकली नोट बरामद की के आधार पर आरोपी को नकली नोट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

किसानों ने समस्याओं को लेकर दिया धरना

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्रीय किसानों ने कई गंभीर समस्याओं को लेकर तमाम ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई होने पर धैर्य जवाब दे गया। जिसके बाद उन्होंने किसान यूनियन के

जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय के बाहर जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे जिससे प्रशासन के हाथ पैर फूल गए एसडीएम किसानों के बीच पहुंचकर समझा बूझकर धरना समाप्त करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को यूथ जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह दिलबाग सिंह के प्रवक्ता गुरदीप सिंह समेत बड़ी संख्या में पिपरिया धनी के किसानों ने खाद, डीजल , गैस की किल्लत और बड़े रेट वापस लेने रास्ते पर अतिक्रमण हटाना और अच्छा गुरुद्वारा के पीछे गंदे पानी का जल भरा व समाप्त करने समेत तमाम कई गंभीर मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया जा चुका था, इसके बाद समस्या के निस्तारण के लिए कई शिकायती पत्र एसडीएम को और समाधान दिवस में देने के बाद भी कार्रवाई न होने पर क्षुब्ध होकर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे जिससे पपं अदालतों का कार्य में व्यवधान पडने लगा एसडीएम ने किसानों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी समस्याओं का गंभीरतापूर्वक सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया है इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया है।

छात्रा की गुहार, डीएम के निर्देश पर सलेमपुर में काम शुरू

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। कक्षा 1 की छात्रा मानवी सिंह ने वीडियो जारी कर डीएम से रास्ता बनवाने गुहार लगाने पर डीएम के निर्देश पर लखीमपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत सलेमपुर कौन में बीडीओ एवं पंचायत सचिव ने रास्ते का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

5 मई को कक्षा 1 की छात्र मानवी सिंह ने सलेमपुर कोन के राजकीय पालीटेक्निक स्कूल के पास से गये मार्ग मे जलभराव रहता है इसी मार्ग मे सामुदायिक शौचालय, आयुष्मान सेंटर. अम्बेडकर पार्क. पानी की टंकी बनी हुई है यह मार्ग बहुत ही जर्जर है जिसके चलते राहगीरो,स्कूली बच्चो को आने जाने मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। सोशल मीडिया पर पिछले मंगलवार को मानवी सिंह का वीडियो वायरल होने के बाद डीएम खीरी अंजनी कुमार सिंह ग्राम पंचायत सलेमपुर कौन

पहुंचे उनके साथ पीडी एस एन चौरसिया सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचे डीएम ने छात्रा से बात की रास्ते को ठीक करने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर अगले दिन से सलेमपुर कौन में ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज श्रीवास्तव एवं ग्राम प्रधान ने खड़ंजे की मरम्मत का कार्य नई नाली का निर्माण शुरू कर दिया। डीएम की इस पहल से ग्रामीणों एवं जिले के लोगों में प्रशंसा हो रही है। इस संदर्भ में ब्लाक लखीमपुर का प्रभार देख रहे पीडी एस एन चौरसिया ने बताया खड़ंजा की मरम्मत का कार्य कर दिया है। नई नाली का निर्माण शुरू हो चुका है जहां कहीं कमियां थी उसे दूर किया जा रहा है। पंचायत सेक्रेटरी पंकज श्रीवास्तव नई नाली एवं खड़ंजा मरम्मत का कार्य करवा रहे हैं।

कुशवाहा मौर्य संस्थान 25 को मनायेगा सम्राट अशोक जयंती

गोला गोकर्णनाथ। कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी मानव कल्याण संस्थान की मासिक बैठक में संगठन हित के तमाम बिंदुओं पर चर्चा कर 25 मई को सम्राट अशोक जयंती बनाने का निर्णय लिया गया। संगठन के अध्यक्ष जनार्दन मौर्य की अध्यक्षता में उन्हीं के आवास पर हुई बैठक में संगठन को सुदृढ़ और गतिशील बनाने के आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा कर नए सदस्यों को जोड़े जाने पर जोर दिया गया। बैठक में तय हुआ कि सम्राट अशोक भवन के अधूरे कार्य को सजातीय लोगों के सहयोग से पूर्ण कराया जाए। नए भवन पर ही 25 मई को सम्राट अशोक की जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। संचालन महामंत्री राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया। बैठक में संस्थान के संरक्षक रामकुमार मौर्य, रमेश कुमार मौर्य, आदर्श कुमार मौर्य, शिशुपाल सिंह, जगवीर सिंह कुशवाहा, श्यामाचरन मौर्य, नरेंद्र कुमार सिंह, सुनील मौर्य, शिवप्रसाद मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

रहस्यमयी हालात में पुलिया में मिला युवक का शव

सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र के थौरा ग्राम स्थित थानगांव-राजपुर रोड पर सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक निमार्णाधीन पुलिया के अंदर युवक का शव उसकी क्षतिग्रस्त बाइक समेत पड़ा मिला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय सरवन बाजपेई पुत्र रामसेवक बाजपेई निवासी ग्राम कटोलिया मजरा नसीरपुर देवरिया के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक सरवन बाजपेई रविवार शाम करीब 5 बजे किसी जरूरी काम से घर से निकले थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिवार के लोगों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ मिलता रहा। पूरी रात परिजन उनकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह राहगीरों ने निमार्णाधीन पुलिया के भीतर एक क्षतिग्रस्त बाइक और खून से लथपथ शव पड़ा देखा, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना को लेकर परिजनों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि सरवन गल्ला मंडी से रुपये लेकर लौट रहे थे, लेकिन घटनास्थल से उनका मोबाइल फोन और रुपये गायब मिले हैं। ऐसे में परिवार और ग्रामीणों ने हत्या कर शव को पुलिया में फेंके जाने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पूरी घटना को सड़क हादसे का रूप देकर अपराध छिपाने की कोशिश की गई है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विमल गौतम ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य भी जुटाए हैं। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को देखते हुए सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

गौ सदन में भूसा दान कर पालिकाध्यक्ष ने दिया गौसेवा का संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान के आह्वान

पर मोहम्मदी क्षेत्र के बरबर स्थित राजकीय गौ सदन में गोला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं एसपीसीए सदस्य विजय शुक्ला रिंकू ने 31 कुंतल भूसा दान किया। इस दौरान गौ संरक्षण और निराश्रित गौवंश की सेवा को लेकर लोगों को जागरूक करने का संदेश भी दिया गया। गौ सदन में संरक्षित गायों के लिए भूसे की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गौवंश संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए लोगों से आगे आने की अपील की। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान ने कहा कि जनसहयोग से गौ सदनों की व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि समाज और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से निराश्रित गौवंश की देखभाल अधिक प्रभावी ढंग से संभव हो पा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति और आस्था से जुड़ी हुई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि निराश्रित गौवंश की देखभाल और संरक्षण के लिए सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। साथ ही भविष्य में भी गौ सदन के लिए हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर अनिल जलोटा, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, धीरज बाजपेयी और लवकुश शास्त्री समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। अखिल भारतीय प्रधान संगठन की ओर से ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिसमें पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग उठाई गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान ग्राम प्रधान अपने-अपने गांवों की समस्याओं और विकास कार्यों से भली-भांति परिचित हैं तथा जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता के प्रति जवाबदेह भी हैं। ऐसे में पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने के बजाय मौजूदा प्रधानों को ही कार्य जारी रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व में प्रशासकीय व्यवस्था अपेक्षाकृत कम प्रभावी रही है, जबकि निर्वाचित प्रधान गांव के विकास कार्यों के प्रति अधिक प्रतिबद्ध रहते हैं। संगठन ने जनहित और विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। इस दौरान ग्रंट साहबगंज प्रधान पति सुदेश कुमार, ग्राम प्रधान कामेश्वर यादव, कमलेश कुमार वर्मा, किशोर कुमार अवस्थी, निजामुद्दीन, सीताराम, नरेंद्र कुमार और अमरजीत सिंह लाडी समेत कई प्रधान मौजूद रहे।

2027 चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा, संगठन बैठक में बूथ मजबूत करने पर जोर

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संगठन की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेवता विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान तिवारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ज्ञान तिवारी ने संगठन पदाधिकारियों और कार्यकताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी के दिशा-निदेशों के अनुसार जमीन पर सक्रिय होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है और पार्टी का लक्ष्य सीतापुर जिले की सभी नौ विधानसभा सीटों पर कमल खिलाना है। इसके लिए प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को अभी से पूरी तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, बेहतर प्रबंधन करने तथा पार्टी के निदेर्शों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जिले की सभी विधानसभाओं में चल रहे संगठनात्मक कार्यों और पार्टी प्रवासियों से फीडबैक लिया गया। साथ ही आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में विश्राम सागर, सागर राठौर, महेश शर्मा, सुधाकर शुक्ल, नैमिष रत्न तिवारी, विपुल प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अपेक्षितजन उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार लिखी बिना नंबर प्लेट की गाड़ी पर उठे सवाल

संदना/सीतापुर। एक ओर जहां यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग आम लोगों पर सख्ती दिखाते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार लिखी एक बिना नंबर प्लेट की गाड़ी क्षेत्र में खुलेआम दौड़ती दिखाई दे रही है। मामला विकास खंड गोंदलामऊ का है, जहां यह वाहन इन दिनों लोगों के बीच चर्चा और सवालों का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि उक्त गाड़ी पर बड़े अक्षरों में उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि वाहन पर कोई नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। इसके बावजूद यह गाड़ी रोजाना ब्लॉक परिसर से लेकर क्षेत्र की सड़कों पर बेखौफ दौड़ती देखी जा सकती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जानकारी करने पर पता चला कि वाहन का इस्तेमाल ब्लॉक गोंदलामऊ में तैनात सीडीपीओ अजीत वर्मा द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से यह गाड़ी बिना नंबर प्लेट के क्षेत्र में घूम रही है, लेकिन न तो परिवहन विभाग ने कोई कार्रवाई की और न ही यातायात पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर कोई ध्यान दिया। लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि यदि कोई आम नागरिक बिना नंबर प्लेट के वाहन लेकर सड़क पर निकलता है तो पुलिस तत्काल चालान काट देती है, लेकिन सरकारी नाम लिखी इस गाड़ी पर नियम लागू होते नजर नहीं आ रहे। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस वाहन पर पड़ने के बावजूद मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब वाहन पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखवाने की पूरी व्यवस्था हो सकती है, तो नंबर प्लेट लगवाने में आखिर क्या दिक्कत है। लोगों का यह भी कहना है कि जब जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी ही यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो आम जनता में कानून के प्रति सम्मान और जागरूकता कैसे बढ़ेगी। क्षेत्र में यह मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या सरकारी पद और सरकारी नाम का इस्तेमाल नियमों से छूट दिलाने का जरिया बनता जा रहा है? वहीं अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई कार्रवाई करते हैं या फिर यह वाहन यूं ही नियमों को धता बताता सड़कों पर दौड़ता रहेगा।

छात्र संसद शपथ ग्रहण में नेतृत्व और अनुशासन का संदेश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में छात्र संसद गठन के तहत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवगठित छात्र संसद के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह में विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और उत्तरदायित्व का महत्व बताया गया।

कार्यक्रम में गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने बालक विभाग छात्र संसद के प्रधानमंत्री अंश शुक्ला, उप प्रधानमंत्री उत्कर्ष मिश्रा तथा बालिका विभाग छात्र संसद की प्रधानमंत्री पीहू शुक्ला और उप प्रधानमंत्री स्वास्तिका सिंह सहित सभी कक्षा प्रमुखों एवं उप कक्षा प्रमुखों को शपथ दिलाई। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य सौरभ दीक्षित ने कहा कि छात्र संसद का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल और श्रेष्ठ निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि छात्र संसद विद्यालयी गतिविधियों में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के साथ उनमें उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने कहा कि छात्र संसद गठन विद्यालय की वर्षों पुरानी परंपरा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की भावना को मजबूत करना है, ताकि विद्यालय में अनुशासन, सौहार्द और शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

विद्यार्थियों ने चित्रों और लेखनी से उकेरा स्वाभिमान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्री सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की लक्ष्मी देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कामिनी ने द्वितीय और सुम्बुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 के वीर शर्मा प्रथम, कक्षा 8 के हर्षित सोनी द्वितीय तथा कक्षा 10 की आफरीन अंजुम तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर कक्षा 10 की सुम्बुल और कक्षा 9 की दरख्शा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित, प्रतियोगिता प्रभारी राम सनेही, नागेश वर्मा, श्रीश गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, आमिर हुसैन, तेजराम गंगवार, उद्धव श्याम तिवारी समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ठेका शराब की दुकान हटाने की मांग

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर क्षेत्र में पौराणिक धार्मिक स्थल टेढे नाथ धाम पर संचालित शराब ठेका की दुकान को हटाने का मुद्दा गरमाया हुआ है जिसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मां जानकी सेवा संस्थान के कार्यकताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर हटाने की मांग की है वही कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है।

सोमवार को पौराणिक धार्मिक स्थल की कुछ दूरी पर देसी शराब ठेका की दुकान संचालित है। जिसको लेकर योजना वद्ध तरीके से हटाने को लेकर अभियान शुरू हो गया है। जिसको लेकर महिलाओं ने दुकान में तोड़फोड़ कर सामान क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं अन्य लोग भी इस मुद्दे को लेकर संघर्षरत हैं। लाइसेंस धारक का कहना है उसकी दुकान लॉटरी में निकली थी इसके बाद निर्धारित स्थान पर संचालन किया जा रहा है ।प्रदर्शन होने के बाद चलते उसके माल की बिक्री नहीं हो पा रही है जिससे काफी लंबा घाटा उठाना पड़ रहा है।

संक्षेप

एनएसबीवीएम में मनाया गया नेशनल टेक्नोलॉजी डे

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में नेशनल टेक्नोलॉजी डे के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की छात्राएं मंतशा, आकृति, सिद्धी और जान्हवी ने टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए कहा कि भारतीय साइंटिस्ट्स के कठिन परिश्रम से अपना देश अब दूसरे देशों की तुलना में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहा। भारत अब एक परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बन गया है। टेक्नोलॉजी आत्मनिर्भर भारत की एक अहम् स्तंभ बन चुकी है। इसका प्रयोग महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक देखा जा सकता है। इसी क्रम में स्कूल के आई.टी. टीचर आलोक सिंह एवं अनुपमा सिंह ने बच्चों को मानव जीवन में टेक्नोलॉजी का महत्व बताते हुए कहा कि इसी दिन देश में टेक्नोलॉजी क्रांति आई थी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फरसे से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सुलतानपुर (वीओएल)। कुड़वार थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को थाना कुड़वार पुलिस ने आरोपी सूरज चैहान निवासी रन्केडीह को घटना में प्रयुक्त फरसे के साथ दबोच लिया।जानकारी के अनुसार रविवार को आपसी विवाद के दौरान सूरज चैहान ने सुमित कुमार तिवारी पर फरसे से हमला कर दिया था। अचानक हुए हमले में सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। कुड़वार थाने में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया फरसा भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद यादव, कांस्टेबल बालगोविन्द और सुधीर कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेजा है।

रत्नेश मिश्र हत्याकांड में जिरह का अवसर समाप्त

सुलतानपुर (वीओएल)। रत्नेश मिश्र हत्याकांड में सोमवार पिता संतोष मिश्र गवाही देने के लिए कोर्ट में पेश हुए। उनसे जिरह के लिए बचाव पक्ष ने मौका अर्जी दे दी। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष की मौका अर्जी खारिज कर जिरह का अवसर समाप्त कर दिया है। मामले में अगली सुनवाई 23 मई को होगी है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली के पिंडारा ठाकुर गांव निवासी रत्नेश मिश्र उर्फ शिवा की नहर की पटरी पर 23 दिसंबर 2025 को आरोपितों ने धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता संतोष मिश्र ने गांव के शिवपूजन यादव, राहुल यादव, अमित यादव,ललित यादव, पंकज यादव व अंकित यादव उर्फ लालू यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : रंजना चौधरी

जिला संवाददाता

रायबरेली। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अन्तर्गत वाराणसी में शोमनाथ संकल्प महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन रतापुर स्थिति आर0डी0ए0 सामुदायिक केंद्र में किया गया, जिसमें अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी द्वारा प्रतिभाग किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया एवं उद्बोधन को सुना गया। भारत की अटूट आस्था के एक हजार वर्ष का उत्सव के अवसर पर जनपद में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा रिफार्म क्लब लॉन से प्रारम्भ होकर खालसा चैक होते हुए जग मोहनेश्वर महादेव मंदिर चंदा कोठी में समाप्त हुई। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय गौरव एवं आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अदम्य शक्ति, संघर्ष और पुनर्निर्माण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश की समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्वाभिमान पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा सामाजिक एकता एवं सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ का इतिहास भारतीय संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत विश्व में अद्वितीय है और इसे संरक्षित एवं संवर्धित करना हम सभी का दायित्व है। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारतीय समाज की एकता, दृढ़ संकल्प और आत्मगौरव का प्रतीक है। इससे पूर्व विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी तनुजा यादव, शीवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

युवाओं को स्वरोजगार के प्रति किया जागरूक

डलमऊ, रायबरेली। स्वदेशी जागरण मंच, डलमऊ द्वारा आयोजित स्वरोजगार जनजागरण पदयात्रा सोमवार को उत्साह, जनसहभागिता एवं राष्ट्रवादी विचारों के साथ सम्पन्न हुई। नगर पंचायत डलमऊ से प्रारम्भ हुई यह पदयात्रा तहसील चैराहे तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, भाजपा पदाधिकारियों, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर भारत, स्वरोजगार, स्टार्टअप तथा स्वदेशी उद्यमिता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं स्वदेशी जागरण मंच अवध प्रांत के प्रांत संयोजक अमित सिंह वत्स (प्रांत संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच अवध प्रांत) एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि आज भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही देश आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकता है। कार्यक्रम में रवीन्द्र सिंह (भाजपा नेता), मनोज अवस्थी (मंडल अध्यक्ष भाजपा, लालगंज), जिला संयोजक, किशन सिंह, जे.पी. सिंह (मंडल प्रभारी, भाजपा), बाबू तिवारी सेक्टर संयोजक, राजू द्वेदी, आदि लोग मौजूद रहे।

खस्ताहाल खड़ंजे से ग्रामीण बेहाल, बीडीओ व सचिव पर उपेक्षा का आरोप

मुंशीगंज। विकास खंड भेंटुआ के पूरे कुबरा (सरूवांवां) गांव में सनहा-सेमरा संपर्क मार्ग से बांदा-टांडा हाईवे को जोड़ने वाला खड़ंजा बदहाल हो चुका है। जगह-जगह ईंटें धंसने और गड्ढे बनने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी और ग्राम सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई। यह गांव का मुख्य संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। खड़ंजा उखड़ जाने से बाइक व साइकिल सवार आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दौरान मार्ग पर जलभराव हो जाता है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

स्वास्थ्य मेलों में 1574 मरीजों का हुआ उपचार, 19 मरीज किए गए रेफर

अमेठी। रविवार को जिले के सभी 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 1574 मरीजों का उपचार किया गया। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और निःशुल्क दवाओं का लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदेरिया में आयोजित मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां 27 मरीजों का उपचार किया जा चुका था, जबकि 8 लोगों की जांच और एक गर्भवती महिला का परीक्षण किया गया। सभी स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। मेले में 718 पुरुष, 695 महिलाएं और 161 बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। गंभीर स्थिति वाले 19 मरीजों को बेहतर उपचार के लिए उच्च केंद्रों पर रेफर किया गया। इसके अलावा 62 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। सीएमओ ने बताया कि मेले को सफल बनाने के लिए 54 डॉक्टरों और 263 पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी, ताकि मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

डीएम ने एम्स का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली के मुंशीगंज परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद किया तथा स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम्स डॉ० नीरज श्रीवास्तव सहित चिकित्सकगण एवं अस्पताल प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

आचार्य द्विवेदी की प्रतिमा के समक्ष बही काव्य रस की धार

- 162वीं जयंती के उपलक्ष में सही नदी के किनारे राजघाट पर निर्माण अधीन प्रतिमा स्थल पर हुई काव्य गोष्ठी

रायबरेली। हिन्दी साहित्य में द्विवेदी युग के प्रवर्तक तथा हिन्दी खड़ी बोली के सृजन में अविस्मरणीय योगदान देने वाले आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की जयंती पर सई के पावन तट पर राजघाट पुल के समीप आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की प्रतिमा के समक्ष संध्या बेला में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

काव्य गोष्ठी का आयोजन आचार्य द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के तत्वावधान में किया गया। काव्य गोष्ठी के पूर्व आचार्य द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के संयोजक गौरव अवस्थी की ओर से आचार्य द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा समस्त कवियों और श्रोताओं द्वारा भी आचार्य द्विवेदी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

तत्पश्चात काव्य गोष्ठी का शुभारंभ जनपद के लोकप्रिय गीतकार दुगार्शंकर वर्मा दुर्गेश की अवधी भाषा में वाणी वन्दना से हुआ। काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ गीतकार आचार्य सूर्य प्रसाद शर्मा निशिहर, शिवबहादुर सिंह दिलवर, मुकुल किशोर तिवारी, डा किरन शुक्ला, डा राम लखन शर्मा, शिवनाथ सिंह शिव, मयंक मिश्र, प्रदीप मौर्य आदि कवियों ने सुमधुर कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कृष्ण कुमार पाण्डेय तथा संचालन शंकर प्रसाद मिश्र ने किया। काव्य गोष्ठी में विनय द्विवेदी, विनोद शुक्ल, राजेश वर्मा, अमित सिंह, अमर द्विवेदी, दीपक तिवारी, सुधीर कुमार द्विवेदी, करुणा शंकर मिश्र, अशोक शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, श्रीमती क्षमता मिश्रा, श्रीमती प्रिया पाण्डेय, पप्पू सिंह, राजेश द्विवेदी, कृष्ण मनोहर मिश्र, अरुण पाण्डेय, स्वदेश त्रिपाठी, विजय त्रिपाठी, दिलीप शुक्ल, प्रबुद्धजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

निमंत्रण समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट

महराजगंज रायबरेली। थाना क्षेत्र के ग्राम समरेहदा में एक निमंत्रण समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिससे गांव में देर रात अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के कुल 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 10 मई की रात करीब 11:30 बजे ग्राम समरेहदा में हुई। बताया जाता है कि गांव में ही एक निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हाथापाई की। घटना की सूचना पुलिस को 11 मई दिन सोमवार को दी गई, जिसके बाद थाना चंदापुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस मामले में पुलिस ने मु0अ0सं0 0030/2026 के तहत बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 191(2) में मुकदमा दर्ज किया है। प्रथम पक्ष से राजन मौर्य, श्रीकांत, श्यामबिहारी, शुभम, सुजीत और आनंद निवासी ग्राम समरेहदा को नामजद किया गया है। वहीं द्वितीय पक्ष से पप्पू सिंह उर्फ रणधीर सिंह, स्वप्निल सिंह, अंकुर सिंह, नितिन तथा अर्पित के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना चंदापुर पुलिस का कहना है कि, मामले की जांच की जा रही है तथा घटना में शामिल सभी आरोपियों की भूमिका के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

विधायक ने किया इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण

महराजगंज रायबरेली। क्षेत्र के तौली ग्राम पंचायत के मजरे लोनार में रविवार को विकास कार्यों को नई गति देते हुए सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना 2025-26 के अंतर्गत निर्मित 130 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। यह सड़क रामेश्वर पासी के घर से लोनार संपर्क मार्ग होते हुए विश्वनाथ पासी के घर तक बनाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम ग्राम प्रधान सत्यवती एवं उनके प्रतिनिधि विनोद धोनी के संयोजकत्व में भव्य रूप से संपन्न हुआ। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, ग्रामवासी, विधानसभा स्तरीय समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि, प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के बीच समाजवादी पार्टी जनता के बीच रहकर विकास और जनसेवा का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि, गांवों की सड़कें, नालियां और बुनियादी सुविधाएं मजबूत होना ही वास्तविक विकास का आधार है। विधायक ने कहा, हमारी प्राथमिकता है कि, विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लोनार गांव की यह इंटरलॉकिंग सड़क ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे आज पूरा किया जा रहा है। आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी रहेगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद धोनी ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क के निर्माण से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

राजीव गांधी पार्क में लगे शिलापट को संवारा जायें

सुलतानपुर (वीओएल)। शहर के तिकोनिया स्थित राजीव गांधी पार्क को लेकर सोमवार को राजनीति और जनभावनाएं दोनों एक साथ नजर आई। पार्क के सौंदर्यीकरण और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम का शिलापट स्थापित कराने की मांग को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राजीव गांधी पार्क शहर की पहचान का अहम हिस्सा है, लेकिन इसकी मौजूदा स्थिति उपेक्षा को दर्शाती है। उन्होंने पार्क को व्यवस्थित रूप से विकसित कराने और वहां आकर्षक शिलापट बोर्ड लगाए जाने की मांग उठाई। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनहित के मुद्दों को उठाती रही है और प्रशासन को पार्क विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, विजयपाल गौतम, आवेश अहमद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीट आरक्षी अपने क्षेत्र में रहने वाले शस्त्र लाइसेंस धारकों का नियमित सत्यापन करें सुनिश्चित : आलोक सिंह

रायबरेली। अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने जनपद के समस्त थानों से आए मुख्य आरक्षी, आरक्षी एवं महिला आरक्षियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने सभी की बीट बुक का निरीक्षण कर बीट पुलिसिंग व्यवस्था और अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने गोष्ठी मे बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए जिसमे महिला सुरक्षा पर जोर, बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया जाए। बीट क्षेत्र में सक्रिय गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्तियों, फरार अभियुक्तों, हिस्ट्रीशीटरों और अन्य अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने, उनकी गतिविधियों की समय-समय पर जानकारी संकलित करने तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संदिग्धों पर नजर संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति विनम्र, संवेदनशील और कुशल व्यवहार अपनाने, आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया, ताकि जनविश्वास और मजबूत हो सके।

महाराणा प्रताप की जयंती पर वकीलों ने किया रक्तदान

सुलतानपुर (वीओएल)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर 9 मई को अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की ओर से मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा समेत कई वकीलों ने रक्तदान किया। उन्होंने रक्तदानियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बतौर अतिथि प्रशांत सिंह अटल शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय एवं सदस्य उत्तर प्रदेश बार काउंसिल मौजूद रहे।रक्तदान करने वालों में अधिवक्ता राहुल वर्मा, संदीप सिंह, जितेंद्र मिश्र, अंकुर सिंह उर्फ धीरेंद्र सिंह, गुरूकृपा श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, धीरज सिंह, शाहजान आगा खान, सार्थक मिश्र, आनंद सिंह, हर्ष सिंह, शुभम श्रीवास्तव अभिषेक सिंह शामिल रहे।

राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में सुनवाई टली

- भाजपा नेता के वकील ने लिया मौका
- 21 मई को होगी अगली सुनवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में सोमवार को बहस टल गई।

परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने राहुल गांधी के वायस सैंपल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने के लिए दी गई अर्जी खारिज करने के आदेश के खिलाफ जिला जज की कोर्ट में निगरानी याचिका दायर करने के लिए मौका ले लिया। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने अवसर देते हुए मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 मई की तिथि तय की है। राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बेंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने मानहानि का परिवाद दायर किया था। कोर्ट ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को विचारण के लिए अदालत में तलब किया था। राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत करा ली है और उनका बयान भी दर्ज हो चुका है। 12 मार्च 2026 को परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के वायस सैंपल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने के लिए अर्जी दी थी। जिसे कोर्ट ने बीते दो मई को खारिज कर दिया था।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

महिलाओं ने निकाली सीताकुंड स्थित शिव मंदिर तक कलश यात्रा

सुलतानपुर (वीओएल)। भारतीय संस्कृति, आस्था और श्रद्धा के प्रतीक ह्यसोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष मंजू तिवारी समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद सभागार से सीता कुण्ड घाट स्थित शिव मंदिर तक आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से वाराणसी से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम तथा गुजरात के प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे लोगों ने बड़े उत्साह से देखा और सुना। संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकार राहुल पांडेय ने शिव तांडव, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति पर सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन में भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की झलक साफ दिखाई दी।

कम नामांकन होने पर बीएसए ने 192 स्कूलों को नोटिस थमाई

अमेठी। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र में नये नामांकन के मामले में जिले के 192 विद्यालय फिसड्डी पाए गए हैं। पांच से कम नामांकन होने के कारण बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने सभी स्कूलों को नोटिस जारी की है और दो दिन के भीतर प्रेरणा पोर्टल पर नामांकन की प्रगति में सुधार के निर्देश दिए हैं। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई का अल्टिमेटम दिया गया है। गौरीगंज विकास खंड के 57, अमेठी विकास खंड के 23, जामों विकास खंड के 20 और तिलोई विकास खंड के 19 स्कूलों में अप्रैल और मई के प्रथम सप्ताह में हुए नामांकनों की संख्या पांच से कम पाई गई है।नवीन नामांकन के मामले में विकास खंड भादर अब तक सबसे मजबूत स्थिति में है, यहां केवल तीन स्कूल ऐसे हैं जहां प्रेरणा पोर्टल पर नामांकन संख्या पांच से कम दिख रही है।

संक्षेप

पेड़ की डाल काटने पर दो पक्षों में संघर्ष

फतेहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव मल्लापुरा में पेड़ की डाली काटने को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। संघर्ष में एक सेवानिवृत्त फौजी समेत दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पहले पक्ष के अनिल ने पुलिस को बताया कि गांव के ही सत्यवीर के बबूल के पेड़ की एक डाली टूटकर उनके टिनशेड पर गिर गई थी। उन्होंने उस डाली को हटाकर अपने पास रख लिया। इससे आक्रोशित होकर सत्यवीर पक्ष के लोग राइफल, लाठी-डंडे और फरसे लेकर उनके घर पहुंच गए। शोर सुनकर जब उनके चाचा सेवानिवृत्त फौजी छत्रपाल बीच-बचाव करने आए, तो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में पूर्व फौजी छत्रपाल और अनिल घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के वीर प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि अनिल पक्ष के लोग उनकी जमीन पर खड़े पेड़ को जबरन काट रहे थे।

एएसपी ने तरकुलवा थाने का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जनपद में पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को परखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने सोमवार को थाना तरकुलवा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठक

● रिक्रूट आरक्षियों की सुविधाओं का लिया जायजा

कर उनकी सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के रहने, खाने, मेस व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक हों। मेस में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालयों की स्थिति और अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक के दौरान एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणरत जवानों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट आचरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, हालांकि सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

आयुष्मान आरोग्य शिविर में हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में हैंड हेल्ड एक्स-रे से हो रही है टीबी की जांच

कुशीनगर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे 100 दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत जनपद में 24 मार्च से चिन्हित हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से टीबी की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार को सीएचसी सेवरही के अंतर्गत हाई रिस्क ग्राम गढ़ईया चिन्तामणि, सीएचसी तमकुही के अंतर्गत हाई रिस्क ग्राम बसडीला महन्थ तथा सीएचसी रामकोला के हाई रिस्क ग्राम बिहुली सोमाली में आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से मौके पर ही छाती का एक्स-रे किया गया। साथ ही लक्षण आधारित टीबी स्क्रीनिंग कर चिन्हित संभावित रोगियों के बलगम के नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसएन त्रिपाठी ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत जिले की सभी हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिन आयुष्मान आरोग्य शिविर के माध्यम से जांच की जा रही है। इन शिविरों के माध्यम से ईंट भट्टा श्रमिक, फैक्ट्री मजदूर, प्रवासी कामगार, मलिन बस्तियों तथा पूर्व में टीबी से ग्रसित रहे मरीजों की प्राथमिकता से जांच की जा रही है। शिविर में उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, निःशुल्क इलाज तथा निक्षय पोषण योजना के माध्यम से मिलने वाले 1000 रुपये प्रतिमाह पोषण भत्ते की जानकारी दी गई। डॉ. एसएन त्रिपाठी द्वारा जनपद के सभी सम्भ्रांत व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की गई है कि वे निक्षय मित्र बनकर अधिक से अधिक टीबी रोगियों को गोद लें और उन्हें पोषण एवं भावनात्मक सहयोग प्रदान करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के छिपे हुए मरीजों की शीघ्र पहचान कर उनका पूर्ण इलाज सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी करीब 17 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिवार का कहना है कि पूर्व में भी युवक इस प्रकार की हरकत कर चुका है, जिसको लेकर पहले भी शिकायत की गई थी। परिजनों ने किशोरी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस से सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिला औषधि निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

भटनी (देवरिया)। जिलाधिकारी के आदेश पर जिला औषधि निरीक्षक ने भटनी क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण बिना लाईसेंस के चला रहे दूकादनदारो की दी चेतावनी। अपने निरीक्षण के क्रम में सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी के पास स्थित मेडिकल की दुकानदारो की जाँच किया। जिसमें एक मेडिकल स्टोर का दुकानदार गैर लाईसेंस का पाया गया। इसके अलावे क्षेत्र अनेक मेडिकल स्टोर की जाँच भी किया। जाँच के मेडिकल स्टोर के दुकानदारों को चेतावनी दिया कि जिलाधिकारी का शख्त आदेश है कि जनपद में किसी भी स्थान पर गैर लाईसेंसी दुकान पायी गयी तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जाँपडताल के क्रम में सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर एक मेडिकल स्टोर गैर लाईसेंसी मिला। जिसे चेतावनी दिया की अब दुकान लाईसेन्स बनवाने के बाद ही चलेगी। एक दुकान की जाँच करते देख अन्य मेडिकल स्टोर संचालन दुकान बन्द कर निकल गये। जिसके पास लाईसेंस नही वे लाईसेंस बनवाकर दुकान खोले।

आम आदमी पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने बसंत कुमार कन्नौजिया

बरहज, देवरिया। भलुअनी स्थानीय क्षेत्र के मरहवा निवासी बसंत कुमार कन्नौजिया को आम आदमी पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ में खुशी है। बसंत कुमार आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस से ही इसकी नीतियों से प्रभावित होकर आप की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम कर रहे थे। उ0प्र0 के प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बसंत कुमार कन्नौजिया को प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत कर पार्टी के विकास हेतु मनोयोग से जुटने का निर्देश दिया है। प्रदेश सचिव बनने पर जिलाध्यक्ष हरिनारायण चौहान, अजय यादव आजाद, रविंद्र चौरसिया, राजकिशोर चौहान, अजित भारतीय, राधेश्याम बौद्ध, घनश्याम मिश्रा, वीरबहादुर सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

छात्र - छात्राओं में साइकिल वितरित

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 22 महंत अवैद्यनाथ नगर सिसवा - महंथ चौराहे पर एक ट्रस्ट के सहयोग से 50 छात्र और छात्राओं में सायकिल वितरित वितरित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में शिक्षा काफी महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए बच्चों को नैतिक और संस्कारिक शिक्षण प्रदान करने पर ध्यान दिया जाय। संस्था द्वारा स्कूल जाने वाले बच्चों को सायकिल उपलब्ध कराना काफी सराहनीय है। मेरी अपील है कि परिवार और देश के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा पर लोग ध्यान दें। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने ट्रस्ट द्वारा बच्चो को सायकिल अनुदानित करना प्रेरक है। समाज के हाशिए पर खड़े होनहारों का हौसला बढ़ाने और जीवन में सफल नागरिक बनने के लिए आगे आकर सहयोग करना होगा। संस्था ने पचास प्रतिशत अनुदान पर स्कूल जाने वाले उन बच्चों को सायकिल उपलब्ध कराया जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान कपिलदेव प्रसाद, केदार सिंह, महेश सिंह, त्रिलोकी सिंह, शाकिर अली, राजू प्रसाद, मन मोहन गोंड, बाली करन यादव, जयराम सिंह, रामप्रीत सिंह सहित लाभार्थी मौजूद रहे।

होटल-रेस्तरां और अस्पताल संचालकों ने खोला ट्रेड लाइसेंस शुल्क के खिलाफ मोर्चा

आगरा। नगर निगम के ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर मची रार थम नहीं रही है। सराफ व जूता कारखाना संचालकों के बाद अब होटल, रेस्तरां व अस्पताल संचालकों ने शुल्क के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शुल्क निरस्त नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

यमुना किनारा स्थित होटल में आयोजित बैठक में होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने कहा कि जब अन्य व्यापारियों का शुल्क माफ हो सकता है तो फिर हमारा क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि नगर निगम ट्रेड लाइसेंस शुल्क में पक्षपात कर रहा है।

होटल और रेस्तरां से शुल्क हटाया जाए। वहीं, आईएमए की तरफ से संयुक्त सचिव करन रावत ने कहा कि अस्पताल संचालकों पर जबरन थोपा गया ट्रेड लाइसेंस शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा। सोमवार को होने वाली सदन की बैठक में अगर शुल्क निरस्त करने पर चर्चा नहीं की गई, तो चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनेगी। ट्रेड लाइसेंस शुल्क निरस्त की मांग करने वालों में संदीप अरोरा, नरेंद्र गुप्ता, माधव मोहन बंसल, संजीव भारती, राजकुमार खंडेलवाल, राजेश कालिया आदि मौजूद रहे। नगर निगम सदन ने 69 व्यापार पर लाइसेंस शुल्क का प्रस्ताव पास हुआ था, जिसे एक अप्रैल से लागू किया जा चुका है। इसके विरोध में सराफा व अन्य व्यापारी आंदोलित हैं। पिछले दिनों महापौर हेमलता दिवाकर ने शुल्क निरस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन सोमवार को सदन में प्रस्ताव निरस्त न हुआ तो व्यापारी आंदोलित हो सकते हैं।

बाल विवाह रोकथाम व महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कुशीनगर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित ह्यमिशन शक्तिह्व विशेष अभियान (फेज-5.0) के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासनादेश के अनुपालन में आज जनपद के विकास खण्ड विशुनपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय बतरौली में जन-

● कुशीनगर ने ठाना है, बाल विवाह मुक्त बनाना है का दिया गया संदेश

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन को ऑर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा बाल विवाह विषय पर विशेष चर्चा करते हुए छात्राओं को इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट बन्दना कुशवाहा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि उनके आसपास किसी कम उम्र के लड़के या लड़की का विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर दें।

इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष दत्तक ग्रहण इकाई की स्टाफ नर्स शशिकला द्वारा भी योजनाओं के लाभ एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीति सिंह ने प्रदेश में संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं 102 की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण विनोद कुमार गुप्ता, चंद्र प्रकाश सिंह, सूचित प्रसाद एवं शबनम परवीन सहित विद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन डिस्ट्रिक्ट मिशन को ऑर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाकर किया गया। साथ ही छात्राओं से अपील की गई कि यदि उन्हें बाल विवाह से संबंधित कोई जानकारी प्राप्त हो तो उसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 अथवा 112 पर दें, जिससे ह्यबाल विवाह मुक्त भारत अभियानह्व को सफल बनाया जा सके। ह्यकुशीनगर ने ठाना है, बाल विवाह मुक्त बनाना है।ह्व

जिला उद्योग, व्यापार व श्रम बन्धु की बैठक संपन्न

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उद्यमियों एवं व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, सठियांव, फाजिलनगर के इकाई स्थल के संपर्क मार्ग निर्माण के प्रकरण में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत फाजिलनगर द्वारा अवगत कराया गया कि पुनः टेण्डर की कार्यवाही करायी जा रही है तथा अगली बैठक से पूर्व कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। इसी प्रकार मेसर्स नेबुआ कृषक उत्थान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, जईछपरा, नौरंगिया स्थित गुड़ उद्योग इकाई के संपर्क मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में राजस्व विभाग, पडरौना द्वारा बताया गया कि नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में टीम गठित कर दी गई है तथा शीघ्र जांच कराकर प्रकरण का निस्तारण कराया जाएगा। मेसर्स उद्गम पब्लिक स्कूल, हनुमान कॉलोनी, बकुलहा रोड, पडरौना के विद्यालय परिसर से सटे विद्युत तार को हटाने के प्रकरण में विद्युत विभाग पडरौना द्वारा अवगत कराया गया कि तार शिफ्ट करने हेतु पोल लगाए जा रहे हैं तथा एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। बैठक में मिनी औद्योगिक आस्थान, सरगटिया करनपट्टी, दुदही में विद्युत आपूर्ति सुधार के संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि विद्युत लोड का पुनः आकलन कराकर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाए। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग सेवरही को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवाईएसवाई) की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा बैंकों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। श्री तंवर द्वारा जीबीसी-5 के अंतर्गत विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु लोक निर्माण विभाग को एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किए गए। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा, उपायुक्त उद्योग प्रवीण कुमार मौर्य, सहायक उपायुक्त उद्योग आलोक कुमार गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी संघ के अध्यक्ष रामअशीष जायसवाल एवं अन्य उद्यमी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

रास्ते में रोककर 20 हजार की मांग, विरोध पर घर में घुसकर किया हमला

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम अमरपुर में युवक के साथ मारपीट, रंगदारी मांगने और घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर

● कोतवाली पुलिस ने 9 नामजद समेत 5 अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

कोतवाली पुलिस ने 9 नामजद आरोपियों समेत 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम अमरपुर निवासी संजू राजा पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि 9 मई 2026 को शाम करीब 4 बजे वह ललितपुर से वापस अपने गांव लौट रहा था।

मेडिकल कॉलेज के पास गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और उससे 20 हजार रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि किसी तरह जान बचाकर वह अपने घर पहुंचा, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और दरवाजा-खिड़की तोड़कर घर में घुस आए। आरोपियों ने घर के अंदर मारपीट की और बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी अभद्रता और हमला किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कमल यादव पुत्र तिलक यादव, गब्बर यादव, अभिषेक यादव, दल पुत्र तिलक, बादाम सिंह यादव, रामेश्वर यादव, भान सिंह, रामजीवन समेत अन्य आरोपियों और 5 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले की जांच उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

यातायात पुलिस का सख्त अभियान, 36 वाहनों का ई-चालान, 4 सीज

देवरिया। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए ई-चालान और सीज की कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों—बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, सुभाष चौक, गोरखपुर ओवरब्रिज और कसया ओवरब्रिज पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क पर खड़े होकर सवारी भरने वाले बस, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की गई। बस स्टैंड और भटवलिया चौराहे पर बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चलाने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने तथा तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने वालों के खिलाफ भी एमवी एक्ट के तहत चालान किया गया। वहीं बिना ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस के चल रहे ऑटो व ई-रिक्शा को सीज कर दिया गया। राघव नगर क्षेत्र में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 36 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि नियमों के गंभीर उल्लंघन पर 4 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित होता है, सड़क दुर्घटनाओं में कमी आती है और लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

सट्टा खिलाते युवक समेत बुजुर्ग को पुलिस ने दबोचा

जिला संवाददाता

ललितपुर। कोतवाली सदर पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तुवन मंदिर के पास सट्टा खिलाते एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची और नकदी बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 10 मई 2026 को उपनिरीक्षक रज्जन बाबू पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तुवन मंदिर के सामने ट्रक की ओट में एक व्यक्ति लोगों से रुपये लेकर सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहल्ला नदीपुरा निवासी सखावत अली पुत्र मुसाहिब अली बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सट्टा पर्ची बरामद हुई, जिस पर सट्टे के नंबर और दांव पर लगाए गए रुपयों का विवरण दर्ज था। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के पास से 150 रुपये नकद भी बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कल्याण नामक सट्टा खिलाने का काम करता है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी सखावत अली के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस के अनुसार 10 मई 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नदीपुरा स्थित पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति लोगों से रुपये लेकर अवैध रूप से सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को मौके से दबोच लिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम नदीपुरा निवासी शरीफ पुत्र स्व.कल्लू बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 460 रुपये नकद तथा एक सट्टा पर्ची बरामद हुई, जिस पर अंकों के साथ दांव पर लगाए गए रुपयों का विवरण अंकित था।

ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

बाह। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर बलरई रेलवे स्टेशन यार्ड में रविवार को ट्रैक पर काम कर रहे मजदूर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाह थाना क्षेत्र के गांव स्याइच के रहने वाले जयप्रकाश (57) पुत्र बद्रीराज एक कार्यदायी संस्था के ठेकेदार के अधीन रेलवे ट्रैक पर मजदूरी कर रहे थे।

बताया गया कि बलरई स्टेशन यार्ड में किलोमीटर संख्या 1181/22 के पास कार्य चल रहा था। इसी दौरान डाउन लाइन पर गुजर रही 15270 मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त संकेतक नहीं लगाए गए थे। स्टेशन से मिले मेमो के आधार पर जसवंतनगर जीआरपी चौकी प्रभारी राहुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बाल सुरक्षा और मानव तस्करी रोकथाम पर पुलिस की कार्यशाला

ललितपुर। जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) एवं एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी

● गुमशुदा बच्चों, बाल विवाह, बाल श्रम और पॉक्सो मामलों की समीक्षा

और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में किया गया। बैठक में जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा जारी एसओपी, बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की जांच, थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों के कार्यों एवं उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर अपराध, एससी/एसटी एक्ट और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों और हालिया संशोधनों पर विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पॉक्सो से जुड़े मामलों में अभियोग दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सूचना देना सुनिश्चित करें। इसके अलावा फार्म ए, बी एवं एसबीआर रिपोर्ट समय से संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जनपद में दर्ज गुमशुदा बच्चों के लंबित मामलों और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत मुकदमों की समीक्षा की गई। साथ ही बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, चाइल्ड लाइन, किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस संस्था, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

डॉक्टर पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

ललितपुर। जिला अस्पताल में तैनात एक सरकारी चिकित्सक पर कथित चिकित्सकीय लापरवाही, धोखाधड़ी और सरकारी पद का दुरुपयोग करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि डॉक्टर द्वारा किए गए गलत ऑपरेशन के कारण एक महिला की दोनों किडनियां खराब हो गईं, जिससे अब उसे जीवनभर डायलिसिस पर निर्भर रहना पड़ेगा। मामले में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला तालाबपुरा निवासी मनोज कुमार ने न्यायालय के माध्यम से दी गई शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी अनीता साहू को एप गैस्ट्रिक हर्निया की समस्या थी। 28 अक्टूबर 2025 को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात अस्पताल में तैनात डा.डी.के. राज उर्फ धर्मेंद्र कुमार से हुई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉक्टर ने सरकारी अस्पताल की निर्धारित प्रक्रिया से ऑपरेशन करने के बजाय निजी तौर पर संपर्क कर अपने आवास पर ऑपरेशन कराने का दबाव बनाया। पीड़ित के अनुसार बाद में डॉक्टर ने कथित रूप से व्यक्तिगत खर्च लेकर 3 नवंबर 2025 को जिला अस्पताल में ही ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के कुछ समय बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन पहले ग्वालियर और बाद में दिल्ली के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन में गंभीर लापरवाही की आशंका जताई। इसके बाद महिला को एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार के अनुसार एम्स की मेडिकल रिपोर्ट में ऑपरेशन के बाद महिला को मल्टी ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम और सेप्सिस जैसी गंभीर जटिलताएं होने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि महिला की किडनी गंभीर रूप से प्रभावित हो चुकी है और अब उसे जीवनभर सप्ताह में दो बार हीमोडायलिसिस कराना होगा। पीड़ित मनोज कुमार का कहना है कि पत्नी के इलाज में अब तक करीब 25 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। उन्होंने पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

आयात पर नियंत्रण!

अमरीका और ईरान किसी सुलह-समझौते पर पहुंचते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में मिडिल ईस्ट संकट गहरा सकता है और भीषण युद्ध का खतरा भी है। ऐसे में प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए सोना न खरीदने, तेल, गैस एवं उर्वरक आदि का उपयोग कम करने की जो अपील की है, वह बहुत ही सामयिक और जरूरी है। क्योंकि अगर तेल कीमतें ज्यादा समय तक ऊंची बनी रहती हैं जैसी की आशंका है और संकट बरकरार रहता है, तो इससे देश का आयात बिल बढ़ेगा और विदेशी मुद्रा भंडार घटेगा। इससे रुपया और कमजोर होगा। इस सबका असर महंगाई, विकास बाधित होने और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ेगा। इसलिए यह जरूरी है कि प्रधानमंत्री ने जो अपील की है उस पर राजनीति करने के बजाय संकट को समझने का गंभीर प्रयास हो। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप युद्ध समाप्त करने के ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं। ईरान ने कथित तौर पर पाकिस्तान के माध्यम से 14 बिंदुओं वाला प्रस्ताव भेजा है। दोनों पक्ष बातचीत कर रहे हैं और अभी युद्ध विराम लागू है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि गतिरोध कितने समय तक जारी रहेगा। अमेरिका और ईरान दोनों ने होर्मुज स्ट्रेट को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे ऊर्जा आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। पिछले सप्ताह बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 125 डॉलर प्रति बैरल तक जा पहुंचा। कुछ विश्लेषकों के मुताबिक वैश्विक भंडार की कमी के कारण आने वाले हफ्तों में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। दरअसल अमेरिका और ईरान के बीच जो गतिरोध है उससे वैश्विक अर्थव्यवस्था हो रही है। उदाहरण के लिए, यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह नोट किया कि मुद्रास्फीति के बढ़ने और वृद्धि के धीमा पड़ने के जोखिम बढ़ गये हैं। एक बड़े ऊर्जा आयातक के रूप में भारत भी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने

पिछले सप्ताह एलपीजी सिलिंडरों की कीमतों में भारी वृद्धि की। 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलिंडर और एविएशन टरबाइन ईंधन की कीमतों को भी समायोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्य में वृद्धि नहीं हुई है, यद्यपि सरकार ने तेल विपणन कंपनियों पर बोझ कम करने के लिए विशेष उत्पाद शुल्क घटा दिया। परंतु पिछले सप्ताह कीमतों में जो बदलाव किया गया है वह समस्या को स्वीकार करने का संकेत देता है। सरकार और तेल कंपनियां दोनों ही स्थायी रूप से ऊंची लागत को वहन नहीं कर सकते हैं इसलिए आने वाले दिनों में पेट्रोल , डीजल और एलपीजी की कीमतों में इजाफा हो सकता है। युद्ध संकट से सरकारी वित्त राजस्व और व्यय दोनों पक्षों से प्रभावित होंगे। सरकार को पूरे वर्ष के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। चूंकि गैस की कमी ने आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित किया है इसलिए कर संग्रह भी प्रभावित होगा। व्यय की बात करें तो ईंधन और उर्वरक सब्सिडी तेजी से बढ़ सकती है। यह इस पर निर्भर करेगा कि गतिरोध कितने समय तक जारी रहता है। फिर भी, राजकोषीय दबाव के बावजूद, सरकार पूंजीगत व्यय के प्रति प्रतिबद्ध प्रतीत होती है जो वृद्धि को बनाये रखने में मदद करेगा। हालांकि, राजकोषीय स्थिति को देखते हुए, सरकार की अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की क्षमता सीमित रहेगी। हालांकि कोरोना के बाद राजकोषीय घाटा और सार्वजनिक ऋण तेजी से घटा है लेकिन अभी भी वह ऊंचे स्तर पर है। केंद्र सरकार ने चालू वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 फीसदी तक सीमित रखने का बजट बनाया है, जिसे अब हासिल करना कठिन होगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमानों से पता चलता है कि भारत का सामान्य सरकारी ऋण, जो वर्तमान में जीडीपी के लगभग 83 फीसदी है वह 2031 में भी महामारी के पूर्व के स्तर से ऊपर रहेगा। वर्तमान संघर्ष के कारण इस वर्ष एक महत्वपूर्ण फिसलन मध्यम अवधि के ऋण के दायरे को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकती है और व्यापक आर्थिक स्थिरता के जोखिमों को बढ़ा सकती है। इसलिए सरकार को ऐसे उपाय करने होंगे जिससे फिस्कल घाटा बेकाबू न हो, चालू खाते का घाटा भी वहनीय स्तर पर रहे। इन सबके बीच महंगाई पर नियंत्रण और विकास को भी बनाये रखना जरूरी है।

विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

आईपीएल पर मंडरा रहा हनीट्रैप का खतरा

विजय कपूर

बीसीसीआई की एडवाइजरी में कहा गया है, 'बीसीसीआई फ्रैंचाइजी का ध्यान अच्छी तरह से प्रलेखित लक्षित हमले व हनी-ट्रैपिंग के खतरों की ओर कराना चाहती है, जो हाई प्रोफाइल खेल वातावरण में मौजूद रहते हैं। लागू कानूनों के तहत गंभीर कानूनी आरोपों की घटनाओं की आशंका को अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिनमें यौन दुर्व्यवहार के आरोप भी शामिल हैं।'

आईपीएल और विवाद का संबंध चोली-दामन जैसा रहा है। बीसीसीआई की नवीनतम एडवाइजरी, जिसमें आईपीएल टीमों को क्या-करें व क्या-न-करें के दिशा-निर्देश दिये गये हैं, से स्पष्ट संकेत मिलता है कि आईपीएल पर हनी ट्रैप के गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं या यूं भी कहा जा सकता है कि धुआं उठा है, तो कहीं आग भी जरूर लगी होगी, जिसका पदार्फाश होना अभी शेष है। बीसीसीआई ने 7 मई 2026 की रात को जो विस्तृत 7-पृष्ठ की एडवाइजरी अपने सचिव देवजीत सैकिया के जरिये आईपीएल फ्रैंचाइजी को भेजी थी, उसमें उन स्थितियों के बारे में सावधान किया गया है, जिनके कारण 'गंभीर कानूनी आरोप' लग सकते हैं, जोकि 'यौन दुर्व्यवहार' से भी संबंधित हो सकते हैं। इसलिए टीम प्रबंधकों से आग्रह किया गया है कि वह 'सतर्क व पूर्व-सक्रिय' रहें। एडवाइजरी में कहा गया है, 'बीसीसीआई फ्रैंचाइजी का ध्यान अच्छी तरह से प्रलेखित लक्षित हमले व हनी-ट्रैपिंग के खतरों की ओर कराना चाहती है, जो हाई प्रोफाइल खेल वातावरण में मौजूद रहते हैं। लागू कानूनों के तहत गंभीर कानूनी आरोपों की घटनाओं की आशंका को अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिनमें यौन दुर्व्यवहार के आरोप भी शामिल हैं।'

यह याद दिलाते हुए कि बीसीसीआई के एंटी-करप्शन यूनिट (एसीयू) ने प्रोटोकॉल के उल्लंघन रिपोर्ट किये हैं, सैकिया ने प्रस्तावना में लिखा, 'बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के वर्तमान सत्र में दुराचार व प्रोटोकॉल उल्लंघन की अनेक घटनाएं हुई हैं, जिनमें खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ व टीम अधिकारी शामिल रहे हैं। अगर इन घटनाओं को संबोधित नहीं किया जायेगा तो इससे प्रतियोगिता, संबंधित फ्रैंचाइजी और एक प्रशासक संस्था के रूप में बीसीसीआई की ख्याति को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।' यह नहीं बताया गया है कि किस फ्रैंचाइजी के खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ व अधिकारियों पर दुराचार व प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप लगे हैं। लेकिन एडवाइजरी के शब्दों से जाहिर है कि इस किस्म की घटनाएं हुई अवश्य हैं। बहरहाल, एक मुख्य चिंता यह व्यक्त की गई है कि खिलाड़ियों के होटल के कमरों में 'अनधिकृत व्यक्ति' देखे गये हैं। कुछ खिलाड़ियों व सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रैंचाइजी के टीम मैनेजर की जानकारी या मंजूरी के बिना अपने कमरों में अनधिकृत व्यक्तियों को बुलाया या आने दिया।

खेल जगत

अनेक घटनाओं में टीम मैनेजर को ऐसे 'मेहमानों' की उपस्थिति के बारे में पूर्णतः कोई जानकारी नहीं थी। इस प्रथा पर तुरंत प्रभाव के साथ सख्ती से प्रतिबंध है, एडवाइजरी में कहा गया है। अगर पंक्तियों के बीच के इशारे को समझा जाये तो बीसीसीआई यह कह रही है कि कुछ खिलाड़ियों व सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को हनी ट्रैप करने की कोशिश की गई ताकि उन्हें ब्लैक मेल करके स्पॉट या मैच फिक्सिंग करायी जाये और अगर वह इसके लिए न मानें तो उन पर 'यौन दुर्व्यवहार' के मामले दर्ज कराये जाएं। चूंकि बीसीसीआई ने 'संबंधित फ्रैंचाइजी' (एकवचन) शब्दों का प्रयोग किया है, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि यह मामला किसी एक फ्रैंचाइजी से ही संबंधित है। लेकिन विवाद से बचने के लिए बीसीसीआई ने उसका नाम जाहिर नहीं किया है और सभी टीमों के लिए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स (एसओपी) जारी किये गये हैं, जिनका सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गई है।

सैकिया ने स्पष्ट किया है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफ के होटल कमरों में टीम मैनेजर की पूर्व अनुमति के बिना अंदर जाने की इजाजत नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति टीम सदस्यों या सपोर्ट स्टाफ के होटल कमरों में टीम मैनेजर की स्पष्ट निखित अनुमति के बिना प्रवेश नहीं कर सकता, भले ही उसकी पहचान या संबंध खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ से हो। मेहमान या विजिटर से भी मुलाकात होटल के सिर्फ निर्धारित सार्वजनिक स्थल पर ही हो सकती है। खिलाड़ी व सपोर्ट स्टाफ के सदस्य अक्सर सिक्यूरिटी लायजन ऑफिसर्स (एसएलओ) को जानकारी दिये बिना किसी भी समय होटल से बाहर चले जाते हैं। बीसीसीआई ने इन घटनाओं को भी फ्लैग किया है। सैकिया के अनुसार, 'बिना सूचना के होटल से बाहर जाने से गंभीर सुरक्षा समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं और संबंधित व्यक्ति ऐसे खतरों में आ सकता है जिनसे बचाना कठिन हो सकता है।'

यह भी देखने में आया है कि फ्रैंचाइजी मालिक प्लेयर एंड मैच ऑफिशियल एक्सेस (पीएमओए) प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हैं। बीसीसीआई ने इस समस्या को भी संबोधित किया है। अब मैच के दौरान मालिक खिलाड़ियों या टीम अधिकारियों से ड्रेसिंग रूम, डगआउट या खेलने के मैदान में संपर्क नहीं कर सकते हैं। इस सीजन के शुरू में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को डगआउट में वेपिंग करते हुए देखा गया था, जो विवाद का विषय बना। वेपिंग का अर्थ है ई-सिगरेट, वेप पेन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से निकोटीन युक्त तरल (ई-लिक्विड) को गर्म करके उसकी भाप को सांस के द्वारा अंदर लेना और बाहर छोड़ना है। इसे 'ई-सिगरेट पीना' या 'भाप धूम्रपान' भी कहा जाता है, जो परम्परागत सिगरेट का एक धुआं-रहित विकल्प माना जाता है। बीसीसीआई ने अब स्टेडियम के अंदर वेपिंग व अन्य नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। सैकिया के अनुसार, 'ड्रेसिंग रूम व अन्य वर्जित क्षेत्रों में वेपिंग की घटनाएं बीसीसीआई के संज्ञान में आयी हैं। संबंधित भारतीय कानूनों के तहत वेपिंग व इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। फलस्वरूप आईपीएल के सभी वेन्यू, ड्रेसिंग रूम्स, डगआउट, होटल व प्रैक्टिस क्षेत्रों सहित, में वेपिंग, ई-सिगरेट और सभी प्रतिबंधित नशीले पदार्थों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।' सवाल यह है कि जो नये दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उन पर अमल होगा भी या नहीं? दिशा-निदेर्शों पर सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीआई आईपीएल फ्रैंचाइजी पर नियमित सरप्राइज छापेमारी करेगी। उसने साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में फ्रैंचाइजी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। सैकिया के अनुसार, 'बीसीसीआई व आईपीएल जीसी बिना किसी लाग लपेट के एकदम स्पष्ट करना चाहती है कि इस एडवाइजरी का कोई भी उल्लंघन गंभीर अनुशासनात्मक मुद्दा माना जायेगा।'

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि क्रिकेट में, चूंकि पैसा व ग्लैमर बहुत है, विशेषकर भारत में, इसलिए भ्रष्टाचार की आशंकाएं भी बहुत हैं। इस संदर्भ में अतीत में अनेक मामले प्रकाश में भी आ चुके हैं और अनेक खिलाड़ियों के करियर भी बर्बाद हुए हैं। अब तो राज्य स्तर व स्थानीय स्तर पर भी टी-20 लीग होने लगी हैं, जिनमें भ्रष्टाचार के ऐसे मामले भी हुए कि पूरी लीग को ही निरस्त करना पड़ा। क्रिकेट व आईपीएल को बचाये रखने के लिए आवश्यक है कि कैंसर रुपी भ्रष्टाचार पर सख्ती से विराम लगाया जाये। यही वजह है कि बीसीसीआई के एसीयू अधिकारी न सिर्फ आईपीएल पर निगाह रख रहे हैं बल्कि स्थानीय टी-20 लीगों की टीमों के होटल में भी जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों व टीम के मालिकों के लिए भ्रष्टाचार-रोधी सत्र भी आयोजित किये जा रहे हैं। सभी राज्य टी-20 लीगों में भी नये दिशा-निर्देश लागू किये जायेंगे। इन कोशिशों से क्रिकेट कितना स्वच्छ होता है, यह तो वक्त ही बतायेगा।

सोशल मीडिया

1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया, हमारे वैज्ञानिक देश के स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं। पीएम मोदी

वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश, देश के राज्यों में बॉटम थ्री इकोनॉमी में गिना जाता था, आज प्रदेश को देश के टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। सीएम योगी.

देश की आधी आबादी मतलब महिलाओं की सबसे बड़ी प्रबल और प्रतिष्ठित प्रतिनिधि से मिलकर आज संघर्ष की राजनीति को नयी ऊर्जा और नयी ऊंचाई मिली है। अखिलेश यादव.

तकनीकी विकास से समृद्ध हो रहा साहित्य का संसार

साहित्य-संसार

साहित्यिक संसार निरंतर विकसित करते हुए विस्तृत सामाजिक, सांस्कृतिक व तकनीकी परिवर्तनों को प्रतिविम्बित करता रहता है। हाल के वर्षों में साहित्य में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंड्स सामने आये हैं, जो साहित्यिक लैंडस्केप को एक नया लुक प्रदान कर रहे हैं। ये ट्रेंड्स न केवल कहानियां सुनाने व सुनने के तरीकों को बदल रहे हैं बल्कि दोनों पाठकों व लेखकों के लिए अवसरों का विस्तार भी कर रहे हैं। आइये कुछ महत्वपूर्ण ट्रेंड्स का जिक्र करते हुए साहित्यिक समुदाय पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं। आज साहित्य में सबसे महत्वपूर्ण ट्रेंड यह है कि विविधता और समावेश पर बल दिया जा रहा है। पाठक उन कहानियों की तलाश कर रहे हैं जो विविध प्रकार के अनुभवों, संस्कृतियों और पहचानों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मांग के कारण प्रकाशक विविध पृष्ठभूमि के लेखकों के कार्यों को वरीयता दे रहे हैं, जिससे साहित्यिक लैंडस्केप अधिक समृद्ध हो रहा है।

लेखकों के लिए यह ट्रेंड उन विशिष्ट अनुभवों को शेयर करने के दरवाजे खोल रहा है, जिन्हें अभी तक अनदेखा किया जा रहा था। यह लेखकों के लिए चुनौती भी है कि वह चरित्रों व संस्कृतियों का अधिक ईमानदारी से चित्रण करें, फलस्वरूप साहित्यिक जगत ज्यादा समावेशी होता जा रहा है। इस वजह से, मसलन, एंजी थॉमस की 'द हेट यू गिव' और या ग्यासी की 'होमकमिंग' को न सिर्फ आलोचकों ने खूब पसंद किया बल्कि उन्हें कमर्शियल सफलता भी मिली। इन दोनों पुस्तकों का ताना बाना भूख के इर्दगिर्द बुना गया है, लेकिन अलग अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों में। इसके अतिरिक्त साहित्यिक फेस्टिवल व अवार्ड्स भी निरंतरता से विविध आवाजों की पहचान करते हुए उनका जश्न मना रहे हैं। रुओनवाइसेज जैसी पहल हाशिये पर पड़े समुदायों के लेखकों द्वारा लिखी पुस्तकों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे मालूम होता है कि उद्योग प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह समावेश साहित्यिक लैंडस्केप को तो सुंदर कर ही रहा है बल्कि साथ ही पाठकों में दया व समझ की भावनाओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है। डिजिटल प्लेट फॉर्म्स और स्व-प्रकाशन के आगमन ने साहित्यिक संसार को लोकतांत्रिक बना दिया है। अपने पाठकों तक पहुंचने के लिए लेखक अब केवल परंपरागत प्रकाशकों पर निर्भर नहीं हैं। अमेजन, किंडल, डायरेक्ट पब्लिशिंग और वाटपैड जैसे प्लेटफॉर्म्स लेखकों को स्वतंत्र रूप से अपने कार्य प्रकाशित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे साहित्यिक रचनात्मकता की एक नई लहर आ गई है।

इस ट्रेंड से नई आवाजों व विधाओं का विस्फोट हुआ है, पाठकों को साहित्य का बड़ा कैनवास मिला है। लेकिन इससे क्वालिटी कंट्रोल व मार्किट से चुरेशन जैसी चुनौतियां भी सामने आयी हैं, जिससे स्व-प्रकाशित लेखकों के लिए आवश्यक हो गया है कि वह प्रोफेशनल सम्पादन व मार्केटिंग में निवेश करें। इसके अतिरिक्त ई-बुक्स और डिजिटल रीडिंग उपकरणों ने साहित्य को पहले से अधिक पाठकों तक पहुंचाया है। पाठक अब पूरा पुस्तकालय अपनी जेब में लेकर चल सकते हैं और एक बटन क्लिक करके लेखक ग्लोबल पाठकों तक पहुंच सकते हैं। डिजिटल क्रांति के कारण ई-बुक्स में मल्टीमीडिया तत्व भी शामिल किये जाने लगे हैं, जिससे पाठकों को कहानी का एक अलग ही अनुभव होता है। दैनिक या साप्ताहिक किस्तों में कहानी पाठकों को पढ़ाने का ट्रेंड बहुत पुराना है, जिसे 19वीं शताब्दी में चार्ल्स डिकेंस ने पॉपुलर किया था, बीच में यह ट्रेंड बंद हो गया था, लेकिन अब सबस्टैक व पैटरिऑन जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिये यह फिर लौट रहा है। इस ट्रेंड में लेखकों को आमंत्रित किया जाता है कि वह अपने कार्यों को किस्तों में जारी करें, अक्सर सीधे अपने पाठकों को, सब्सक्रिप्शन मॉडल के जरिये। किस्तों वाला फिक्शन लेखकों और पाठकों के बीच गहरा संबंध स्थापित करता है, जिसमें सामुदायिकता और अनुमान का भाव भी होता है। पाठक उत्सुकता से अगली किस्त की प्रतीक्षा में रहते हैं और लेखक वफादार पाठकों की जमात एकत्र कर लेता है। क्लाइमेट चेंज पर बढ़ती चिंताओं के कारण साहित्य पर्यावरण विषयों को प्रतिविम्बित कर रहा है, जिसे क्लाइमेट फिक्शन कहा जा रहा है। इन कहानियों में बताया जाता है कि पर्यावरण संकट का मानवता व ग्रह पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रकार पाठकों को जागृत किया जाता है कि वह इस विषय पर गंभीरता से सोचें। **वीओएल.**

प्रकृति के उपहार

ईश्वर ने मनुष्य को अनगिनत उपहार दिये हैं। चुनौतियां जीवन में आती हैं और धैर्य के साथ इन आपत्तियां का सामना करने से व्यक्तित्व का परिष्कार होता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

अंतर्दृष्टि

आटा-तेल का चीनी कारखाना

व्यंग्यलोक

पाकिस्तान की हालत खराब हो गई तो उसने आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। सबसे मीठी-मीठी बातें करता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी ! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर ! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी ! एक किलो आटा देना बोतल में ! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर ! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर ! एक किलो आटा देना ! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।

रामविलास जॉगिड़

कला जगत

इन्फ्रा सेक्टर में विकास

मोदी सरकार देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राजमार्गों के विकास पर सर्वाधिक फोकस कर रही है। दरअसल जिन्होंने देश में बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में देखा-सुना है उनको अच्छी तरह मालूम है कि यहां दो-चार किलोमीटर की सड़क बनने में भी शिलान्यास और उद्घाटन के बीच पांच-सात साल लग जाता था। विकास की परियोजनाएं कैसे यहां आगे खिसकती हैं इसे समझने के लिए बहुउद्देशीय एवं वृहद जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट सरदार सरोवर परियोजना पर गौर किया जा सकता है। सरदार सरोवर परियोजना का शिलान्यास देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था और लोकार्पण वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मुझे भी एक पुल के बारे में जानकारी है जिसका करीब आठ बार शिलान्यास किया गया और तीन दशक में बनकर तैयार हुआ। जब विकास परियोजनाओं का यह हाल देश में रहा हो, तो सहसा यह भरोसा करना कठिन हो जाता है कि कोई सरकार दो-तीन साल में दिल्ली से मुंबई के बीच करीब चौदह सौ मिलोमीटर का एक्सप्रेस वे दो-तीन साल में बनाकर शुरू कर देगी। फिलहाल नितिन गडकरी ने देश से वायदा किया है कि देश के रोड इन्फ्रा को अमरीका के बराबर कर देंगे। गडकरी के इस दावे में कुछ अतिश्योक्ति हो सकती है, लेकिन जिस तरह उन्होंने देश की सड़कों का कायाकल्प किया है उससे यह बात माननी पड़ेगी कि आज अगर देश के सभी नगर, महानगर हाइवे, एक्सप्रेस से जुड़ रहे हैं, सड़कों की शक्ल-ओ-सूरत बदली-बदली हुई नजर आती है, तो इसमें सबसे अधिक योगदान विभागीय मंत्री के रूप में नितिन गड़करी का ही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रसे वे परियोजना गडकरी की प्राथमिकता वाली परियोजना है। देश की आर्थिक प्रगति में बुनियादी ढांचा और इसमें भी हार्डकोर इन्फ्रा के रूप में सड़कों का सबसे अधिक योगदान है। ऐसे में जैसे-जैसे देश में एक्सप्रेस वे, हाइवे और जिले से लेकर गांवों तक सड़कों का संजाल बिछता जायेगा, रेलवे, रोडवेज, एयरवेज, वाटरवेज के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी और गति बढ़ेगी उसी तरह देश की प्रगति भी तेज होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश की आर्थिक और राजनीतिक राजधानी को आपस में जोड़ने में महती कड़ी साबित होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त होने से, माल ढुलाई का समय घटने से, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से इन राज्यों का विकास भी तेज होगा।

जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

श्रमिकों की सेवा सुरक्षा

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें।

महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.

संक्षेप

मनीपुर में बारात जाते वक्त सड़क हादसे में 3 की मौत

फतेहपुर। थाना गाजीपुर के ग्राम मनीपुर में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी देते हुए बहुजन समाज पार्टी इरढ के जिला अध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट एवं मंडल प्रभारी अभिषेक प्रताप सिंह प्रयागराज ने मृतक परिवारों से मुलाकात की तथा जिला प्रशासन से त्वरित न्याय की मांग की।जानकारी के अनुसार, ग्राम मनीपुर से बारात ग्राम अकबरपुर बड़वा थाना अशोथरजा रही थी।गांव की ही एक गाड़ी में सवार सभी लोग थे, जब अचानक दुर्घटना हो गई। मृतकों में उमेश कुमार पाल, शिवकरन पासवान उर्फ ननकवा पासवान एवं सानू पासवान पुत्र महेंद्र पासवान शामिल हैं। घायलों में सुखराज पाल एवं अतुल सिंह पुत्र ओंकार सिंह एडवोकेट हैं, जो वर्तमान में कानपुर के मधुराज हॉस्पिटल में भर्ती हैं।इरढ नेताओं ने मृतक परिवार के मुखिया रघुराज पाल, धनराज पाल एवं महेंद्र पासवान आदि से भेंट कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। वीर प्रकाश लोधी ने कहा, ₹यह अत्यंत दुखद घटना है। उत्तर प्रदेश सरकार से मांग है।

नगर चौराहे पर नये जूस कार्नर का शुभारंभ

फतेहपुर। नगर चौराहा, वी-मार्ट के बगल में 'आई लव दिल्ली जूस कॉर्नर' का सोमवार को भव्य उद्घाटन हुआ। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने फीता काटकर इसे जनता के लिए खोला। यह नया जूस कॉर्नर ताजा और विविधतापूर्ण पेय पदार्थों के शौकीनों के लिए स्वादिष्ट विकल्प लेकर आया है।संचालक रामकरण एवं अमरजीत एमिस ने बताया कि यहां मिक्स फ्रूट जूस पाइनएप्पल जूस, अनार जूस, मौसमी जूस, ऑरेंज जूस, एप्पल जूस, वेजिटेबल जूस के अलावा मैंगो शेक, बनाना शेक, पपाया शेक, वनीला शेक, स्ट्रॉबेरी शेक, पाइनएप्पल शेक, बटरस्कॉच शेक, कीवी शेक, ऑरेंज शेक, बादाम शेक, मिल्क शेक, चॉकलेट शेक, ब्लूबेरी शेक, ओरियो शेक, कोल्ड कॉफी, खजूर शेक केसर-पिस्ता मिक्स फ्रूट शेक, किटकैट शेक, काजू शेक सहित ढेरों शेक उपलब्ध हैं। रामकरण ने कहा हम क्वालिटी पर विशेष ध्यान देते हैं। ताजा फल और सर्वोत्तम सामग्री से तैयार पेय एक बार चखने पर ग्राहक बार-बार लौटेंगे। गर्मियों में यह स्वास्थ्यवर्धक और तरोताजा करने वाला विकल्प साबित होगा। उद्घाटन समारोह में जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। बाबू सिंह यादव ने कहा, ₹ऐसे स्वस्थ पेय केंद्र शहर की जीवनशैली को बेहतर बनाएंगे। संचालकों को शुभकामनाएं।₹ इस अवसर पर श्रीराम पटेल, रणजीत मौर्य, मोहम्मद आसिफ, शुभम, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

जनपद में 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है ढैचा का बीज

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि खरीफ 2026 में जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडार पर हरी खाद में प्रयोग करने के लिए ढैचा का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। ढैचा बीज का निर्धारित दर रू. 15,500=00 कुण्टल निर्धारित है जिस पर कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान देय है। डॉ. यादव ने जिले के कृषकों को सुझाव दिया है कि धान की खेती करने वाले खेत में इस समय ढैचा की बुवाई करें और 40 से 45 दिन बाद ढैचे की पलटाई करके इसी खेत में धान की रोपाई करें जिससे रासायनिक उर्वरक की निर्भरता में 10 से 20 प्रतिशत तक कमी आती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ढैचा की बुवाई करने से मिट्टी में कार्बनिक तत्व की मात्रा में वृद्धि होती है तथा नाइट्रोजन की आवश्यकता में भी कमी आती है जिससे यूरिया खाद का प्रयोग कम करना पड़ेगा।

साथ ही मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा अधिक होने से सिंचाई भी कम करनी पड़ेगी जिससे डीजल की खपत में भी कमी होगी। उन्होंने बताया कि ढैंचा की बुवाई का यह सबसे उपयुक्त समय मई माह का प्रथम पखवाड़ा है।

धान की रोपाई से पहले इसे हरी खाद के रूप में उगाने से मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है और जमीन की उर्वरता सुधरती है। ढैंचा के प्रयोग से फसल उत्पादन में भी 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। किसानों को प्रति एकड़ 18 से 20 कि.ग्रा. बीज का उपयोग करना चाहिए।

महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

जिला संवाददाता

बांदा। राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीडन, बाल विवाह आदि से संबंधित महिलाओं की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए, प्रकरणों का निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। इसके उपरान्त उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर का निरीक्षण किया।

केंद्र व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने महिला जनसुनवाई में पीडित महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाये जाने के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि दहेज एवं घरेलू हिंसा व अन्य प्रकरणों से संबंधित उत्पीडित महिलाओं की गंभीरता पूर्वक पूरी समस्या को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र करायें।

सर्किट हाउस में आयोजित महिला जनसुनवाई में उन्होंने अनीता देवी निवासी जरैलीकोठी की जमीन की पैमाइश का विवाद के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने कार्यवाही करते हुए उप जिलाधिकारी सदर को पैमाइश कराकर प्रकरण का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। एक अन्य महिला फरियादी ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों के परेशान किये जाने की

● स्कूल का किया निरीक्षण

शिकायत पर पुलिस विभाग को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। महिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं के जो प्रार्थना पत्र प्राप्त होते हैं, उनका अभिलेखीकरण कर एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण किया जाए। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बालिकाओं के अध्ययन कक्ष, विश्राम कक्ष, भोजनालय एवं ड्रामेट्री आदि का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में साफ-सफाई रखे जाने, गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कूलर एवं पंखे की और समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। छात्राओं को निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश उपस्थित वार्डेन एवं अध्यापिकाओं को दिये। महिला जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी पुलिस, महिला थानाध्यक्ष मोनी निषाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना अटूट आस्था का प्रतीक

बांदा। शासन के निर्देश पर जिलेभर के कार्यालयों में स्थित शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी अमित आसेरी और मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने शहर के बामदेवेश्वर मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। अटूट आस्था के एक वर्ष के संकल्प के साथ ऐतिहासिक और

● डीएम व सीडीओ ने बामदेवेश्वर में किया जलाभिषेक

पौराणिक बामदेवेश्वर मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया।

यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और देवाधिदेव महादेव के प्रति जन-मानस के अटूट विश्वास के उत्सव के रूप में आयोजित हुआ।सोमवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी ने प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में भगवान बामदेवेश्वर का विधिवत रुद्राभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए अनुष्ठान में राष्ट्र, जनपद की सुख-समृद्धि और जन-कल्याण की कामना की गई।पूजन के पश्चात मंदिर प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्थानीय कलाकारों ने शिव भजनों और पारंपरिक लोक विधाओं से लोगों को भाव-विभोर कर दिया।

मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी अस्मिता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। बामदेवेश्वर मंदिर जैसी पौराणिक धरोहरें हमारी आस्था का केंद्र हैं और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली अतीत से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं। सदर तहसील स्थित शिव मंदिर में भी कर्मचारियों ने पूजा-अर्चना में बढ़चढ़कर भाग लिया।

भाजपा महिला मोर्चा ने सांसद आवास का घेराव कर किया प्रदर्शन

बांदा। नारी शक्ति अधिनियम का विपक्षी पार्टियों के विरोध किये जाने को लेकर भाजपा की महिलाओं ने बबेरू में सांसद आवास का घेराव किया। धरना प्रदर्शन करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरूद्ध नारे लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में महिलाओं ने मढ़ीदाई मंदिर बबेरू से जुलूस के रूप में सांसद कृष्णा पटेल के आवास की ओर प्रस्थान किया। विपक्षी पार्टियों के विरुद्ध नारेबाजी की। सांसद आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि महिला आरक्षण लागू करने के लिए मोदी जी की केंद्र सरकार बिल लायी। सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने गैर जिम्मेदाराना रवैये के साथ इसके विरोध में मतदान किया।

विपक्ष का यह कृत्य महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है। देशभर की महिलाओं के मन में सपा, कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के प्रति आक्रोश है। बिल का विरोध करने वाले विपक्षी सांसदों के विरूद्ध भाजपा की महिलाओं ने उनके आवास पर घेराव व धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंजू देवी, गीता श्रीवास्तव, शशिप्रभा मौर्य, कृष्णा देवी, उमा सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, सौरभ शिवहरे, रामनारायण पटेल, दिनेश निषाद, इंद्रेश द्विवेदी सहित बबेरू, पवैया, मरका, कमासिन की महिलायें शामिल रहीं।

टोल प्लाजा पर चला विशेष चेकिंग अभियान

फतेहपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ड्रंक एंड ड्राइव' के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया। अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के कुशल पर्यवेक्षण में जिले के प्रमुख टोल प्लाजा पर पुलिस टीमों ने कड़ी निगरानी रखी।जिंदपुर टोल प्लाजा पर क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव की मौजूदगी में यातायात प्रभारी निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव, थाना लालौली की सीसी टीम प्रभारी एरिस पटेल एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने चेकिंग की। कटोघन टोल प्लाजा पर टीएसआई अवधेश कुमार सिंह तथा खागा सीसी टीम प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में जबकि बड़ौरी टोल प्लाजा पर टीएसआई बृजेश तिवारी एवं थाना कल्याणपुर प्रभारी सुमित देव पांडेय की टीम ने वाहनों की सघन जांच की।अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 26 चालकों के खिलाफ ई-चालान जारी कर 2,26,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 68 ई-चालान कर 1,95,000 रुपये का जुमार्ना किया गया। दो डंपर वाहनों को सीज कर लिया गया। कुल मिलाकर अभियान से 4,21,000 रुपये का राजस्व अर्जित हुआ।क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव ने बताया नशे के सेवन के बाद वाहन चलाना जानलेवा है। यह अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने का प्रयास है। हम आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखेंगे।फतेहपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है- यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं। सुरक्षित सड़क, सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।यह अभियान जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

मदर्स डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

बांदा। संकट मोचन मंदिर के पास लिटिल मिलेनियम स्कूल में मदर्स डे का आयोजन हुआ। शैलेंद्र सिंह वेलफेयर ट्रस्ट के अंतर्गत मातृत्व के सम्मान, स्नेह और त्याग के महत्व को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरोज सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन किया। उन्होंने मां के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस आयोजन की सराहना की। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, विनोद जैन, आशा सिंह, सीमा सिंह, पूजा गुप्ता, नीलिमा पुरवार आदि ने मां के महत्व को रेखांकित किया। प्राचार्य नम्रता अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि है और ऐसे आयोजन बच्चों एवं अभिभावकों के बीच भावनात्मक संबंध को और मजबूत बनाते हैं। बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं, मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की। कार्यक्रम में बॉलीवुड थीम की झलक देखने को मिली।

एनएचएम कर्मियों ने मानदेय न मिलने पर सौंपा ज्ञापन

बांदा। मानदेय न मिलने पर एनएचएम संविदा कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे डा.सारंग राजपूत, डा.खालिद, अनुराधा सिंह, एमएस खान, डा.देवेंद्र, प्रदीप कुमार आदि ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। बताया कि एनएचएम कर्मचारियों का भुगतान 20 मई तक नहीं होता है तो वह 21 मई से कार्य बहिष्कार को बाध्य होंगे। कई माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। 21 मई से सीएमओ कार्यालय परिसर में धरना भी देंगे। जिलाध्यक्ष डा.मिलेंद्र सिंह व जिला महामंत्री शोभित गुप्ता ने कहा कि मार्च, अप्रैल का वेतन अभी तक नहीं मिला। कर्मचारियों की ईएमआई भी शेष है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों के सामने परिवार चलाने तक की समस्या है। इस दौरान अंजली अवस्थी, धनंजय कुमार, नरेंद्र मिश्रा, प्रवीन कुमार, शिखा आदि मौजूद रहे।

तांबेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

फतेहपुर। जहानाबाद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की धूम विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने दिखाई कलश यात्रा को हरी झंडी प्रयागराज सोमनाथ मंदिर की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा को विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर से निकाली गई, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमनाथ अमृत महोत्सव एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोमनाथ संकल्प महोत्सव के सजीव प्रसारण से हुई। मंदिर परिसर में लगे विशाल स्क्रीन पर दोनों नेताओं के उद्बोधन को श्रद्धालुओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने ओंकार जाप, महाआरती, रुद्राभिषेक एवं दीपोत्सव में सक्रिय भागीदारी की तथा जनपदवासियों कीसुख-समृद्धि, खुशहाली एवं राज्य की उन्नति की हार्दिक कामना की।मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। धार्मिक भजनों, घंटों की गूंज एवं अगरबत्ती की सुगंध से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी प्राचीन परंपराओं को जीवंत रखते हैं तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाते हैं। सोमनाथ मंदिर का यह महोत्सव हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाता है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, डीपीएम, सभासद एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने का भी प्रयास था।

शिक्षकों ने धरना देकर मांगा प्रोन्नति वेतनमान

बांदा। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्रोन्नति वेतनमान निर्धारण कराने को बीआरसी कार्यालय में धरना देकर बीएसए को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जसपुरा में कोई अवशेष न होने के कारण वहां प्रदर्शन नहीं हुआ।

सोमवार को उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बबेरू बीआरसी पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना देकर ज्ञापन दिया। कहा कि 14 मई तक प्रोन्नति वेतनमान न मिलने पर 15 मई को बीएसए कार्यालय में धरना दिया जाएगा।

जनपद के सभी ब्लाकों में बड़ी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रहीं। बबेरू ब्लाक में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीकरण सैनी, ब्लाक अध्यक्ष विद्याभूषण सिंह, राजेश वर्मा, पुष्पराज सिंह, जयकरण सिंह यादव, प्रमोद कुमार द्विवेदी, सुभाष पटेल, शशिकला दीक्षित, बिसंडा ब्लाक में मनोज कुमार, दशरथ, अशोक कुमार श्रीवास, महुआ ब्लॉक में डा. शिवदत्त त्रिपाठी, अध्यक्ष शीतल प्रसाद, राजा भैया सिंह, कमासिन ब्लाक में राकेश सिंह, रामबाबू, कमलेश कुमार कुशवाहा, नरैनी ब्लॉक में खालिद खान, शत्रुघ्न वीर, बड़ोखर में बुद्धराज, राजबहादुर, गंगाचरण, तिंदवारी में श्याम सिंह यादव, मंत्री राजकरण सिंह, जसपुरा में किसी भी शिक्षक का प्रोन्नति वेतनमान शेष नहीं होने के कारण, खंड शिक्षा अधिकारी का पत्र निर्गत हुआ।

इसी प्रकार बबेरू ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी संतोष वर्मा ने शिक्षकों का कार्य बहुत ही शीघ्र करने की बात कही।

अवैध कॉलोनी काटकर जमीन कब्जाने और फर्जी मुकदमों का आरोप

ललितपुर। जनपद पिछले कुछ वर्षों से भूमाफियाओं की चपेट में है। लगभग-लगभग हर तहसील से लेकर नगर में भूमाफियाओं द्वारा भूमियों पर किये जा रहे बलात कब्जे को लेकर जनमानस परेशान है।शहर के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी सौरभ जैन पुत्र कोमलचंद्र ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कुछ कथित हिस्ट्रीशीटरों और दबंगों पर अवैध कॉलोनी काटने,

● तालाबपुरा निवासी ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार
● जनपद में दिन पर दिन बढ़ रहे भूमाफिया

जमीन पर कब्जा करने तथा विरोध करने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सौरभ जैन ने बताया कि उनकी माता मीना जैन एवं बहन अनामिका जैन के नाम मोहल्ला तालाबपुरा में आवासीय भूखंड स्थित है। आरोप है कि उक्त भूमि पर कब्जा

करने की नीयत से कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उक्त लोग अवैध तरीके से कॉलोनी काटकर जमीनों का कारोबार कर रहे हैं और विरोध करने वालों को धमकाने के साथ उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज करा देते हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उनकी माता मीना जैन और बहन अनामिका जैन (परिजन) मौके पर पहुंचकर विरोध करने पहुंचे तो उनके खिलाफ भी फर्जी प्रार्थना पत्र देकर मुकदमे दर्ज कराने की कोशिश की गई। सौरभ जैन ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लोगों के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण के चलते उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दर्ज मुकदमों की समीक्षा की जाए तथा अवैध कब्जा और दबंगई करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मामला सामने आने के बाद शहर में चचाओं का दौर तेज हो गया है और अब लोगों की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है।

गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष का आगमन 13 मई को

बहराइच 11 मई। मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने बताया कि मा. उपाध्यक्ष उ.प्र. गोसेवा आयोग अतुल सिंह का 13 मई 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री सिंह जनपद भ्रमण के दौरान गोआश्रय स्थलों का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे तथा अपरान्ह 03:00 बजे विकास भवन सभागार में गोसंरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

सुम्मेरा तालाब की बदहाली पर नपाध्यक्ष ने दिये संबंधितों को निर्देश

ललितपुर। नगर की ऐतिहासिक धरोहर एवं आस्था के प्रमुख केन्द्र सुम्मेरा तालाब की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान तालाब परिसर, घाटों और आसपास की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि तालाब के पानी में भारी मात्रा में खरपतवार जमा होने से जल की स्वच्छता प्रभावित हो रही है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्री प्रवाहित किए जाने के कारण घाटों पर गंदगी भी देखी गई। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से घाटों की विशेष सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने तालाब में फैले खरपतवार को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लिपिक को निर्देशित किया कि हर हाल में आगामी दो दिनों के भीतर समस्त खरपतवार हटाने की कार्रवाई पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़? पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती कर अभियान चलाया जाए, ताकि कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि सुम्मेरा तालाब नगर की पहचान और श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, इसलिए इसकी स्वच्छता और सौंदर्य बनाए रखना पालिका की प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने शहरवासियों और

श्रद्धालुओं से अपील की कि तालाब में पूजन सामग्री और अन्य कचरा न डालें तथा इस धरोहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

सूक्ष्म प्लास्टिक प्रदूषण का नया संकेत : रुद्र रावत

जिला संवाददाता

महोबा। भारत में सूक्ष्म प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर वैज्ञानिक चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी क्रम में रुद्र रावत एमएससी पर्यावरण विज्ञान के शोधार्थी एवं युवा पर्यावरण शोधकर्ता द्वारा किए गए एक वर्षीय अध्ययन ने बुंदेलखंड क्षेत्र की पहुज नदी एवं कृषि पारिस्थितिकी से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्यावरणीय संकेत प्रस्तुत किया है। पहुज नदी बेसिन के नदीय एवं कृषि पारितंत्रों में जल गुणवत्ता, जलीय पौधों तथा सूक्ष्म प्लास्टिक प्रदूषण का समेकित आकलन शीर्षक से किए गए इस शोध में पहली बार पाहुज नदी बेसिन से संबंधित गेहूं, जौ तथा जलीय पौधों में पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट सूक्ष्म प्लास्टिक कणों की उपस्थिति दर्ज की गई है। यह शोध बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान विभाग में संपन्न किया गया। अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, पीईटी सूक्ष्म प्लास्टिक कण गेहूं एवं जौ जैसी खाद्य फसलों तथा जलीय पौधों में पाए गए, पीईटी एक सामान्य कृत्रिम बहुलक है, जिसका व्यापक उपयोग प्लास्टिक बोतलों, पैकेजिंग सामग्री और उपभोक्ता उत्पादों में किया जाता है, वैज्ञानिक दृष्टि से यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह सूक्ष्म प्लास्टिक के संभावित रूप से खाद्य श्रृंखला में प्रवेश का संकेत देता है। रुद्र रावत ने बताया कि सूक्ष्म प्लास्टिक अब केवल समुद्री पारिस्थितिकी की समस्या नहीं रह गया है।

एसपी ने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार चार निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गये हैं। एसपी मो.मुश्ताक के आदेशानुसार निरीक्षक मनोज मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना मड़ावरा बनाया गया है। वहीं निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा को थाना मड़ावरा से प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक थाना पूराकला से स्थानांतरित कर थाना बार का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक अजमेर सिंह भदौरिया को थानाध्यक्ष बार से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष पूराकला बनाया गया है।

सीएमओ और एसडीएम सदर करेंगे अशोक जैन मौत प्रकरण की जांच

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित दैनिक जनसुनवाई में दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के

● दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश
● अस्पताल व्यवस्था और अवैध एम्बुलेंस संचालन पर जतायी नाराजगी
● जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बिदुआ कॉलोनी तालाबपुरा निवासी अशोक जैन की मृत्यु का मामला सामने आने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए मामले की जांच के आदेश दिए। फरियादियों निकेतन चैधरी, ममता जैन, आशीष जैन, प्रीति जैन, अंकिता जैन और जया जैन ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके

चाचा अशोक जैन की तबीयत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां बिना समुचित उपचार के रेफर कर दिया गया।

आरोप लगाया गया कि अस्पताल में चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे और रेफर के दौरान निजी एम्बुलेंस चालक ने पूरा किराया लेने के बावजूद मरीज को ऑक्सीजन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई, जिससे रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सीएमओ और एसडीएम सदर की संयुक्त जांच टीम गठित कर 7 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए। डीएम ने सीएमओ को जिला अस्पताल के आसपास संचालित अनाधिकृत एवं मानकविहीन एम्बुलेंसों को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान अन्य मामलों में भी जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील महरौनी के ग्राम धबारी के ग्राम प्रधान मठोले ने सरकारी कोटे के भवन निर्माण में बाधा डालने और निर्माणाधीन दीवार तोड़? की शिकायत की, जिस पर एसडीएम महरौनी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं ग्राम बानपुर निवासी चतरे ने आवंटित भूमि की नाप न होने की शिकायत की, जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विकासखंड जखौरा के ग्राम बुढ़वार निवासी ब्रजभान सिंह ने सहरिया बस्ती में खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत की मांग रखी, जिस पर खंड विकास अधिकारी जखौरा को तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान स

संक्षेप

एसबीआई लाइफ ने किया माँ के अंतर्ज्ञान की शक्ति का सम्मान

नई दिल्ली। कुछ बातें कहनी नहीं पड़तीं, खास तौर पर जब बात माँ की हो रही हो। खामोशी में छिपी चिंता, मुस्कान के पीछे की हिचकिचाहट, किसी सपने की नाजुक शुरूआत, वे वह इन सबको भाँप लेती हैं, अक्सर तब भी जब ये पूरी तरह से जाहिर भी नहीं हुए होते। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस अपनी मदर्स डे कैंपेन बिन समझाए, सिर्फ माँ समझती है के जरिए इस शक्तिशाली सच को जीवंत रहा है। यह उस मौन भावनात्मक संवेदनशीलता का सम्मान है, जो माँ को हर परिवार में सांत्वना, आत्मविश्वास और विश्वास का पहला स्रोत बनाती है। यह फिल्म माँ की सहज भावनात्मक समझ पर रोशनी डालती है और उसे परिवार के भीतर विश्वास, दिलासे और आत्मविश्वास की धुरी के रूप में पेश करती है। यह कैंपेन बारीक और गहरी समझ वाली कहानी के जरिए, ब्रांड के इस विश्वास को मजबूत करती है कि वह लोगों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करता है, एक ऐसी शांत लेकिन जबरदस्त शक्ति के सहारे, जो हमेशा मौजूद रहती है, ठीक मातृत्व की तरह।

मडॅम ने अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया

लखनऊ। मडॅम ने फीनिक्स पलासियो मॉल, गोमती नगर एक्सटेंशन में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है, जिससे उत्तर भारत में अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत किया गया है। बेहतर और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया यह नया स्टोर आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं के लिए मडॅम के नवीनतम ट्रेंड-आधारित कलेक्शंस लेकर आया है, जिसमें वेस्टर्न वियर, ऑकेजन वियर, डेनिम, ड्रेसेज, टॉप्स और मौसमी फैशन आवश्यकताएं शामिल हैं। यह लॉन्च उन उच्च संभावनाओं वाले टियर 2 और 3 बाजारों में विस्तार पर ब्रांड के निरंतर फोकस के अनुरूप है, जहां बढ़ती फैशन जागरूकता और उपभोक्ताओं की बदलती आकांक्षाएं रिटेल परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं।

स्कोडा ने पेश किया कोडिएक में कई नये अपडेट्स

नयी दिल्ली। नई कुशाक की शुरूआत के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी दूसरी पीढ़ी की कोडिएक में कई नए अपडेट्स पेश किए हैं। इन संवर्द्धनों के साथ, ब्रांड ने अपने लक्जरी 44 फ्लैगशिप को व्यापक रूप से नया स्वरूप दिया है। साथ ही लक्जरी, ऐज इट शुड बी के अपने दर्शन को और सशक्त किया है। अप्रैल 2025 में भारत में स्पोर्टलाइन और सेलेक्शन एल एंड के ट्रिम्स में लॉन्च की गई कोडिएक को बाद में लाउंज वेरिएंट के साथ और विस्तारित किया गया। अब 2026 में यह तीन अलग-अलग पेशकशों के साथ और अधिक स्पष्ट पहचान के साथ प्रवेश कर रही है।

सीएससी के विरोध में जिला सेवा प्रदाताओं का संघ

नोएडा। उत्तर प्रदेश के कॉमन सर्विस सेंटर नेटवर्क के तहत काम कर रहे जिला सेवा प्रदाताओं के संघ ने 4.0 का संचालन सभी 75 जिलों में सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड को देने के कथित कदम पर आपत्ति जताई है। इनका कहना है कि वे 2008 से सीएससी 1.0, 2.0 और 3.0 के तहत यूपी की डिजिटल गवर्नेंस यात्रा का हिस्सा रहे हैं, और अब परियोजना के अगले चरण में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। डीएसपी द्वारा पहले किए गए कार्यों के कारण कुल जन सेवा केंद्रों की संख्या 2 लाख से अधिक हो गई है, यह सभी डीएसपी के प्रयासों का परिणाम है, न कि किसी एक संस्था का।

जिओ हॉट स्टार एक्स स्विगी ने बड़े स्तर पर मैच टाइम कॉमर्स को किया अनलॉक

नयी दिल्ली। जिओ हॉट स्टार ने स्विगी के साथ साझेदारी में अपने प्लेटफॉर्म पर अपनी तहर का पहला इन-ऐप फूड ऑर्डरिंग अनुभव पेश किया है। चल रहे क्रिकेट सीजन के दौरान अब तक 37 मिलियन से अधिक यूजर्स इस फीचर का अनुभव कर चुके हैं. यह इंटीग्रेशन लाइव स्पोर्ट्स, संदर्भ आधारित ट्रिगर्स और सहज इन-ऐप चेकआउट को एक साथ जोड़ता है। यह सुविधा केवल कंटेंट डिस्कवरी तक सीमित नहीं है, बल्कि स्ट्रीमिंग के दौरान रियल-टाइम ट्रांजैक्शन को भी संभव बनाती है।

सेंसेक्स में 1313 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसक्स।,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स।,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह।,370.79 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग।,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नये शांति प्रस्ताव पर दी गई प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 प्रतिशत बढ़कर 103.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों को लेकर बढ़ती अनिश्चितता और वैश्विक तनाव बढ़ने की आशंका के बीच निवेशकों ने आक्रामक रूप से शेयरों की बिकवाली की। इससे सूचकांकों में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि आज की इस गिरावट का तात्कालिक कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 मई का भाषण है, जिसे बाजार ने वृहद आर्थिक दबाव के संकेत के रूप में लिया है। अमेरिका-ईरान संघर्ष और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर वैश्विक अनिश्चितता ने पहले ही बाजार की धारणा को कमजोर कर दिया था। अब प्रधानमंत्री के मितव्ययिता उपायों की अपील ने भारत के विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की लागत और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

रुपया 82 पैसे टूटकर सार्वकालिक निचले स्तर 95.31 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 82 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 95.31 (अस्थायी) पर आ गया।

अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नागरिकों से सोना खरीदने से बचने और मितव्ययिता उपायों को अपनाने का आग्रह करने से बाजार की धारणा और कमजोर हो गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.97 पर खुला। दिन में 94.87 से 95.34 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करता रहा। अंत में यह अबतक के सबसे निचले स्तर 95.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 82 पैसे की भारी गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 94.49 पर बंद हुआ था। राजकोषीय घाटे को कम रखने के लिए विदेशी मुद्रा बचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल, सोना, विदेश यात्राओं आदि की खरीद में कमी लाने का आह्वान किया है। अल्पकालिक रूप से इन कदमों का असर वृद्धि की गति में सुस्ती के रूप में दिखेगा। वहीं ट्रंप ने ईरान के शांति प्रस्तावों पर दिए गए जवाब से सहमति नहीं जताई लेकिन इससे तेल की कीमतें 105 अमेरिकी डॉलर के स्तर तक और डॉलर सूचकांक 98 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। परिणामस्वरूप इनकी मांग में तेजी बनी रही। मंगलवार को रुपये के 94.75 और 95.50 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.02 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स।,312.91 अंक या 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर जबकि निफ्टी 360.30 अंक या 1.49 प्रतिशत फिसलकर 23,815.85 अंक बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 103.8 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान ने मनाया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह 2026

नई दिल्ली। राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 को संस्थान द्वारा विकसित कई नवीन और टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन के साथ मनाया। ये तकनीकें सामाजिक लाभ, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और 'कचरे से कंचन' अनुप्रयोगों के लिए तैयार की गई हैं।

इस कार्यक्रम में छात्रों, संकाय सदस्यों, प्रेस के प्रतिनिधियों और आस-पास के संस्थानों के स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आरजीआईपीटी ने कई प्रदर्शनों के माध्यम से दिखाया कि कैसे इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक, नवाचार अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, कार्बन प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास से जुड़ी, व्यावहारिक चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। संस्थान विश्वसनीय, मापनीय और सस्ती प्रौद्योगिकियां विकसित कर रहा है, जिनका उद्देश्य परिचालन सुरक्षा, संसाधन दक्षता और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण और ऊर्जा की गंभीर चुनौतियों का समाधान करना है। उन्होंने आगे अवगत कराया कि आधुनिक तकनीकी विकास का ध्यान केवल नवाचार पर ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक सामाजिक प्रभाव, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और 'चक्रीय अर्थव्यवस्था' के सिद्धांतों पर भी होना चाहिए।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश पांच प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अप्रैल माह में 38,440 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो मार्च की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत कम है। उद्योग निकाय एम्फी के सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किया जाने वाला मासिक योगदान भी घटकर 31,115 करोड़ रुपये रह गया, जबकि मार्च में यह 32,087 करोड़ रुपये था। हालांकि, म्यूचुअल फंड उद्योग में समग्र रूप से अप्रैल के दौरान 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जबकि मार्च में 2.4 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। अप्रैल में यह बढ़त मुख्य रूप से ऋण-आधारित डेट फंड्स में 2.5 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आई। इस प्रवाह के चलते उद्योग की कुल प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर अप्रैल के अंत तक 81.92 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो मार्च के अंत में 73.73 लाख करोड़ रुपये थीं। श्रेणीवार आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड योजनाओं में निवेश घटकर अप्रैल में 38,440 करोड़ रुपये रह गया जबकि मार्च में यह 40,450 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह फरवरी के 25,978 करोड़ रुपये से अधिक है। अधिकांश श्रेणियों में निवेश सकारात्मक रहा लेकिन मुनाफावसूली और पोर्टफोलियो पुनर्संतुलन की वजह से लाभांश प्रतिफल और इक्विटी-संबद्ध बचत योजना (ईएलएसएस) फंड में मामूली निकासी दर्ज की गई। इक्विटी खंड में फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे अधिक 10,148 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसके बाद स्मॉलकैप में 6,886 करोड़ रुपये और मिडकैप में 6,551 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

डाक विभाग की अतिरिक्त राजस्व वृद्धि दोगुना कर 4000 करोड़ करने का लक्ष्यः संचार राज्य मंत्री

नयी दिल्ली। संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि डाक विभाग का लक्ष्य इस वर्ष अपनी अतिरिक्त (इनकिमेंटल) राजस्व वृद्धि को दोगुना कर 4,000 करोड़ रुपये तक ले जाने का है। इसे नवाचार, जवाबदेही, प्रोत्साहन एवं विभिन्न खंडों में तय लक्ष्यों की प्राप्ति से हासिल करने की योजना है।

डाक विभाग (डीओपी) ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2,100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राजस्व वृद्धि दर्ज की, जो पिछले चार दशकों में सबसे अधिक वृद्धि मानी जा रही है। विभाग का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 के 13,218 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 15,296 करोड़ रुपये हो गया। मंत्री ने साक्षात्कार में कहा, पिछले वित्त वर्ष में हमने 2,100 करोड़ रुपये की राजस्व वृद्धि हासिल की जो विभाग की औसत वृद्धि से 10 गुना अधिक है। इस वर्ष हमारा लक्ष्य इसे 4,000 करोड़ रुपये तक ले जाना है। हर खंड के लिए लक्ष्य तय किए गए हैं। अगले तीन से चार वर्ष में डाकघरों को लागत केंद्र से लाभ केंद्र में बदलना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि डाक विभाग का राजस्व 2016 के 11,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 13,200 करोड़ रुपये हो गया। सरकार लोगों के हित में भारतीय डाक सेवाओं का विस्तार करने और नवाचार के जरिये उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत की वृद्धि दर घटकर रह सकती है 6.7 प्रतिशत

नयी दिल्ली। ईरान युद्ध से तेल कीमतों में बढ़ोतरी और आर्थिक गति के कमजोर पड़ने के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2025-26 में 7.7 प्रतिशत थी। फिच समूह की इकाई बीएमआई ने यह बात कही। बीएमआई की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान-अमेरिका संघर्ष के और बढ़ने की आशंका उसके वृद्धि अनुमान के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करती है। ऐसे में भारत को रक्षा खर्च, ईंधन कीमतों और राजकोषीय स्थिति के बीच तालमेल बैठाना होगा।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और आयकर में किए गए सुधार लागत-आधारित महंगाई के असर को आंशिक रूप से कम करेंगे। साथ ही नरम मौद्रिक नीति पूंजीगत निवेश को सहारा देगी क्योंकि युद्ध के कारण बढ़ी अनिश्चितता और ऊंची लागत निवेश को प्रभावित कर रही है। बीएमआई के अनुसार, जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आठ प्रतिशत रही जो उसके पहले के 7.8 प्रतिशत अनुमान से अधिक है। संस्था ने 2025-26 के लिए अपने वृद्धि अनुमान को 0.1 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.7 प्रतिशत कर दिया है। हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत वृद्धि के अपने अनुमान को बरकरार रखते हैं क्योंकि पिछले वर्ष के कर सुधारों का प्रभाव नए वित्त वर्ष में बढ़ती लागत के चलते कम होता जाएगा। इसमें कहा गया कि आर्थिक गति कमजोर पड़ने और तेल कीमतों के झटके से वृद्धि दर में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। कर सुधारों का असर अप्रैल-जून 2026 तिमाही तक कम होता दिखेगा। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में ऊर्जा एवं खाद्य आपूर्ति में बाधाएं खपत वृद्धि को धीमा करेंगी और महंगाई बढ़ाएंगी। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान में संघर्ष के कारण आपूर्ति पहले ही प्रभावित हो चुकी है और इसे 6.7 प्रतिशत वृद्धि अनुमान में शामिल किया गया है। साथ ही, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एल नीनो के कारण इस वर्ष मानसून सामान्य से कम रहने का अनुमान जताया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, सामान्य एल नीनो का प्रभाव भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर 0.1 प्रतिशत तक पड़ सकता है।

एचपी ने पेश किये 20 से ज्यादा प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस

नई दिल्ली। एचपी इंडिया ने आज भारत में टेक्नोलॉजी की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्सनल सिस्टम, प्रिंट एवं वर्कफोर्स सॉल्यूशंस से जुड़े 20 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस पेश किए। इनमें छात्रों एवं क्रिएटर्स से लेकर प्रोफेशनल्स एवं एंटरप्राइजेज तक की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इस पोर्टफोलिया के साथ ही एचपी ने इंडिया-फर्स्ट ओमनीपैड 12 के माध्यम से नई कैटेगरी में भी कदम रखा है। इसकी मदद से छात्रों और फर्स्ट टाइम यूजर्स कोपीसी जैसी प्रोडक्टिविटी के साथ टेबलेट की फ्लेक्सिबिलिटी मिलेगी। इसी तरह एचपी इलाइटबोर्ड जी1ए नेक्स्ट जेन एआई पीसी दुनिया का पहला एवं एकमात्र एआई कीबोर्ड पीसी है, जिसे मॉडर्न वर्कप्लेस के लिए ज्यादा पावरफुल, पोर्टेबल एवं आसान कंप्यूटिंग के लिए बनाया गया है।

रेलवे ने फरवरी अंत तक अपने बजट का 98 प्रतिशत खर्च किया, कई मार्गों पर उड़ानों से आगे जायेगी ट्रेन सेवाएं



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारतीय रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित अपने बजट का 98 प्रतिशत फरवरी के अंत तक खर्च कर दिया था। यह परियोजनाओं के तेज क्रियान्वयन को दर्शाता है।

मंत्री ने साथ ही कहा कि ट्रेन सेवाएं आने वाले समय में देश के कई मार्गों पर उड़ानों से आगे निकल जाएंगी। वैष्णव ने कहा, पिछले वित्त वर्ष में लगभग पूरा पूंजीगत व्यय मार्च के पहले सप्ताह तक खर्च हो गया था। फरवरी के अंतिम सप्ताह तक करीब 98 प्रतिशत से अधिक खर्च कर लिया गया था। इसके बाद हमें व्यय की गति को कुछ हद तक रोकना पड़ा ताकि वित्त वर्ष का अंत संतुलित रूप से किया जा सके। उन्होंने बताया कि देश में अब तक 49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा चुका है जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। वहीं, 36,000 किलोमीटर नई पटरियां जोड़ी गई हैं जो स्विट्जरलैंड के रेल नेटवर्क से लगभग छह गुना हैं। मंत्री ने कहा कि इन नए मार्गों पर यात्रा समय में काफी कमी आएगी जिससे लोग हवाई यात्रा के बजाय ट्रेन को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने बताया कि सरकार मुंबई से पुणे के बीच नया गलियारा विकसित कर रही है जहां यात्रा समय घटकर केवल 28 मिनट रह जाएगा। पुणे से हैदराबाद का समय एक घंटा 55 मिनट और हैदराबाद से बेंगलुरु का समय लगभग दो घंटे होगा। ऐसे मार्गों पर कोई भी उड़ान सेवा का तवज्जो नहीं देगा। ये क्षेत्र विमानन कंपनियों के लिए लगभग समाप्त हो जाएंगे। जो लोग विमानन कंपनियों में निवेश करना चाहते हैं, उन्हें अभी से यह समझ लेना चाहिए कि इन मार्गों पर 99 प्रतिशत यातायात रेलवे से होगा। बेंगलुरु और चेन्नई के बीच यात्रा समय घटकर 78 मिनट हो जाएगा जिससे ये दोनों शहर लगभग एक संयुक्त महानगर की तरह हो जाएंगे।

पेज एक का शेष

भारत को

इच्छाशक्ति कितनी अटल है। उन्होंने वैश्विक दबाव के आगे नहीं झुकने के लिए तत्कालीन वाजपेयी सरकार की तारीफ की। मोदी ने कहा, उस समय पूरी दुनिया का दबाव भारत पर था, लेकिन अटल जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने यह दिखाया था कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती। उन्होंने कहा कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है, जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। मोदी ने इस अवसर पर एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने कहा, लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर का वैभव मिटाने का प्रयास किया, वे सोमनाथ को एक भौतिक ढांचा मानकर उससे टकराते रहेउ बार-बार इस मंदिर को तोड़ा गया, ये बार-बार बनता रहा... हर बार उठ खड़ा होता रहा। मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है। उन्होंने कहा, राममंदिर निर्माण जैसे अवसरों पर भी हमने देखा है, किस तरह राम मंदिर निर्माण का भी विरोध किया गया। हमें ऐसी मानसिकता से सावधान रहना है। इस तरह की संकुचित राजनीति को हमें पीछे छोड़ना होगा। हमें विकास और विरासत को साथ लेकर के आगे बढ़ना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के अनेक प्रयास किए थे, लेकिन उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से विरोध का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें विरासत और धरोहर दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। हमारे सांस्कृतिक केंद्रों की अनदेखी ने दरअसल हमारी प्रगति को बाधित ही किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सोमनाथ अमृत महोत्सव के तहत सोमनाथ मंदिर में महापूजा और अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया। उन्होंने इससे पहले हेलीपैड से मंदिर के पास स्थित वीर हमीरजी चौराहे तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर रोडशो भी किया।

धर्म व

हमारी शक्ति हमारे सामर्थ्य की प्रतीक तो है ही, विश्व कल्याण के लिए भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने कहा कि बागपत का इतिहास महाभारत कालीन है। भगवान कृष्ण ने पांडवों के लिए कौरवों से जो पांच गांव मांगे थे, उनमें एक बागपत भी था। चार वर्ष पहले आया था तो यह बहुत छोटा सा स्थान था, लेकिन अर्जुन नाथ व उनके सहयोगी ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने इसे तीर्थ बना दिया है। विरासत की रक्षा ऐसे ही होती है। बागपत की इसी धरा ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को जन्म दिया था। यहां के डॉ. सत्यपाल सिंह ने मुंबई पुलिस के मुखिया के रूप में कानून का शासन स्थापित किया। चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल केंद्र व राज्य सरकार के साथ मिलकर बागपत समेत प्रदेश व देश के विकास के लिए नित नए कीर्तिमान स्थापित करने में सहायक हो रहा है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक केंद्रों की पुनर्प्रतिष्ठा हो रही है। हम अतीत से जुड़कर ही उज्ज्वल भविष्य की कामना कर सकते हैं। हम काशी विश्वनाथ मंदिर का अपमान विस्मृत नहीं कर सकते। हम अयोध्या के लिए निरंतर लड़ते रहे और डबल इंजन सरकार आई तो राम मंदिर का निर्माण हुआ। पूर्वजों ने हमें राम-राम का संबोधन दिया, क्योंकि जब भी अभिवादन करेंगे तो प्रभु का स्मरण करेंगे। राम मंदिर का निर्माण उन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता है। सोमनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में रामजन्मभूमि, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, विंध्यवासिनी धाम का पुनरुद्धार कार्य हुआ। प्रयास यही रहे कि हमारे घर ही नहीं, बल्कि तीर्थस्थल, देवी-देवताओं के स्थल भी सुरक्षित हों। सीएम ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ भगवान शिव के योगी रूप हैं। योगी रूप में उन्होंने धर्म की अलख जगाने के लिए जनजागरण के विशाल कार्यक्रम को अपने हाथों में लिया था। उनके सिद्धों, योगियों ने गुलामी कालखंड में भी जन-जागरण के अभियान को निरंतरता प्रदान की। वे योगी गांव-गांव जाकर सारंगीवादन व भजन के माध्यम से समाज को एकजुट कर विदेशी आक्रांताओं का मुकाबला करने के लिए तैयार करते थे, यही उनकी राष्ट्रभक्ति थी। उनके भजनों में संदेश भी होता था कि आक्रांता आ रहा है, तैयार हो जाओ। इससे पहले कि वह आपके गांव व घर तक पहुंचे, उसका काम तमाम कर डालो। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी, केपी मलिक, सांसद राजकुमार सांगवान, तिजारा राजस्थान के विधायक बाबा बालकनाथ, विधायक अजय कुमार, योगेश धामा, महंत अर्जुननाथ, महंत चेताईनाथ, पीर लहरनाथ, पीर महंत हरिनाथ, समुद्रनाथ, शेरनाथ, जिताई नाथ, पीर राजनाथ जी महाराज, हरिनाथ जी महाराज, श्रीकृष्ण नाथ, महंत मिथिलेश नाथ, पूर्व सांसद सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

सनातन को

भारतीय सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा, राष्ट्रीय आत्मगौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की जड़ों से जोड़ने का अभिनव प्रयास है। काशी और सोमनाथ भारत की सभ्यागत चेतना के दो अमर ज्योति स्तंभ हैं। उत्तर में मां गंगा के पवित्र तट पर बाबा विश्वनाथ धाम व पश्चिम में सागर तट पर प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ महादेव हैं। गंगा तट पर काशी ने जहां सनातन की आध्यात्मिक धारा को अक्षुण्ण रखा है तो सोमनाथ ने हमारे स्वाभिमान व पुनर्जागरण की लौ को प्रज्ज्वलित रखा है। सीएम योगी ने कहा कि सोमनाथ व काशी, दोनों ही इतिहास से हमें संदेश देते हैं कि सनातन संस्कृति पर आक्रमण हो सकते हैं, पर उसे पराजित नहीं किया जा सकता है। विनाश क्षणिक और सृजन शाश्वत होता है। एक हजार वर्ष पहले महमूद गजनवी सहित विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर पर 17 बार आक्रमण कर उसके वैभव को खंडित करने का प्रयास किया। यह बाबा विश्वनाथ धाम समेत भारत में सनातन के हजारों प्रतीक स्थलों के साथ भी हुआ। आक्रांताओं को भ्रम था कि मूर्ति खंडित कर, इसके वैभव को लूटकर भारत की आत्मा को मिटा सकते हैं, लेकिन वे खुद मिट्टी में मिल गए। काशी विश्वनाथ धाम व सोमनाथ महादेव मंदिर गौरव का प्रतीक बनकर भारत के स्वाभिमान की गाथा सुना रहे हैं। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा का संकल्प लिया था। अनेक विघ्न-बाधाएं, चुनौतियां थीं लेकिन उन्हें दरकिनार कर वह आगे बढ़े। सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण दासत्व से मुक्ति व राष्ट्र की आत्मप्रतिष्ठा का उद्घोष था, वही स्थिति हम काशी में भी देखते हैं। सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि आज भी बहुत सारी ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत के स्वाभिमान के प्रतीक आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का विकास नहीं देखना चाहतीं। ये वही लोग हैं, जो सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनर्प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बाधक थे, जिन्होंने अयोध्या में राममंदिर के निर्माण में लगातार बाधाएं खड़ी कीं। लेकिन पीएम के यशस्वी नेतृत्व का परिणाम है कि आज हम सब सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के साथ ही पुनर्प्रतिष्ठा के अमृत पर्व से जुड़कर काशी विश्वनाथ धाम से इस आयोजन का दर्शन कर रहे हैं। सीएम योगी ने प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद का भी जिक्र किया, कहा कि 75 वर्ष पहले तत्कालीन सरकार के विरोध के बावजूद वह सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनर्प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बने। सोमनाथ संकल्प महोत्सव में नामचीन कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को शिवमय कर दिया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने आध्यात्मिक गंगा में आनंद की डुबकी लगाई। कथक नृत्यांगना अंकिता भट्टाचार्या ने अपनी टीम के साथ शिव तांडव तथा डॉ. दिव्या श्रीवास्तव व साथी कलाकारों ने भगवान सोमनाथ की स्तुति की। बनारस घराने के अंशुमान महाराज व साथी कलाकारों ने सरोद वादन कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया।

ऑपरेशन सिंदूर

कहा कि भारत आज रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए कई देशों को सैन्य उपकरण और रक्षा सामग्री निर्यात कर रहा है, जो देश की बढ़ती सामरिक शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में हुई उल्लेखनीय वृद्धि भारत की तकन

पंजाब ने दिल्ली को दिया 211 रन का लक्ष्य

आईपीएल : श्रेयस अय्यर और प्रियांश आर्या के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट

एजेंसी

धर्मशाला। आईपीएल के 55वें मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 211 रन का टारगेट दिया है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पंजाब ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। टीम के लिए श्रेयस अय्यर और प्रियांश आर्या ने अर्धशतक लगाए। श्रेयस ने 36 बॉल नाबाद 59 और प्रियांश ने 33 बॉल पर 56 रन की पारी खेली। सूर्यांश शेडगे 8 बॉल पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। इनके अलावा कूपर कोनोली ने 38 और प्रभसिमरन सिंह ने 18 रन बनाए। दिल्ली के ओर से मिचेल स्टार्क और माधव तिवारी ने 2-2 विकेट लिए। पंजाब के आखिरी ओवर में लुंगी एनगिडी ने कसी हुई गेंदबाजी कर पंजाब को बड़े शॉट्स से काफी हद तक रोके रखा, लेकिन अंतिम गेंद पर सूर्यांश शेडगे ने चौका लगाकर टीम का स्कोर 210/5 तक पहुंचा दिया।

शेडगे 8 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में 59 रन की अहम पारी खेली। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शॉर्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कॉनॉली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बॉल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शॉर्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने

अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला कढछ विकेट बनाया।

इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप पॉइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएल कैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुकेश कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की।

प्रभसिमरन 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले ओवर के लिए 78 रन की साझेदारी हुई। पंजाब किंग्स ने पावरप्ले में धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट खोए 72 रन बना दिए। प्रियांश आर्या ने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर आक्रामक शुरूआत की और टीम ने पहले ओवर से 22 रन बटोरे। पंजाब ने सिर्फ 2.4 ओवर में 50 रन पूरे कर लिए। हालांकि आकिब नबी ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक ओवर में 8 और अगले में सिर्फ 2 रन दिए। वहीं, प्रियांश ने 24 गेंदों में अपनी तेज फिफ्टी भी पूरी की। प्रियांश आर्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। आकिब नबी की गेंद पर सिंगल लेकर उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। प्रियांश आर्या ने तीसरे ओवर में भी तूफानी बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने लुंगी एनगिडी के ओवर में दो लगातार छक्के और एक चौका जड़ते हुए 17 रन बटोरे। प्रियांश ने महज 16 गेंदों में 40 रन पूरे कर लिए, जबकि पंजाब ने 3 ओवर में बिना विकेट खोए 51 रन बना दिए। मिचेल स्टार्क के पहले ही ओवर में पंजाब के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ शुरूआत की। प्रियांश आर्य ने ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़ा, फिर एक और सिक्स लगाकर स्टार्क पर दबाव बना दिया। इस दौरान एक बाउंसर पर 5 वाइड रन भी मिले। वहीं, आखिरी गेंद पर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार कवर ड्राइव लगाकर चौका बटोरा। पंजाब ने पहले ओवर में 22 रन जुटा लिए।

आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने घंटी बजाकर मुकाबले का आगाज किया, जबकि मिचेल स्टार्क नई गेंद के साथ गेंदबाजी की शुरूआत कर रहे हैं। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि आईपीएल में पिच का व्यवहार मैच खेलने के बाद ही सही तरह समझ आता है, इसलिए टीम किसी भी परिस्थिति में अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर फोकस कर रही है। वहीं, बेन ड्वारशुइस आज चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन की जगह प्लेइंग-11 में शामिल हुए हैं। टॉस जीतने के बाद दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि टीम पहले गेंदबाजी करेगी। उन्होंने माना कि इस सीजन में टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के अहम मौकों पर गलतियां की हैं, हालांकि टीम ने खराब क्रिकेट नहीं खेली। अक्षर ने कहा कि प्लेऑफ की उम्मीदें अभी बाकी हैं और टीम बिना दूसरे नतीजों पर निर्भर हुए अपना स्वाभाविक खेल खेलने पर फोकस कर रही है।

सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस में रोमांचक मुकाबले की संभावना



एजेंसी

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है। सनराइजर्स ने सही समय पर अपनी लय हासिल कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में पर 33 रन की जीत में उसने अपनी बल्लेबाजी ताकत का शानदार नमूना पेश किया। उसने इस मैच में चार विकेट पर 235 रन बनाए लेकिन प्लेऑफ की दौड़ काफी कड़ी है और इसलिए वह किसी तरह के मुगालते में नहीं रह सकता।

जहां तक टाइटंस का सवाल है तो उसकी टीम बेहद संतुलित है। उसकी बल्लेबाजी कप्तान गिल और साई सुदर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है और पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। जोस बटलर और वाशिंगटन सुंदर बीच के ओवरों में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। इससे उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने या बड़े लक्ष्य हासिल करने में सफल रही है।

टाइटंस की गेंदबाजी भी उतनी ही दमदार है, जिसमें मोहम्मद सिराज और कैगिसो रबाडा की तेज गति और विकेट लेने की क्षमता के साथ-साथ राशिद खान का नियंत्रण और बीच के ओवरों में मैच का रुख बदलने वाली गेंदबाजी का शानदार संयोजन है। सनराइजर्स ने एक बार फिर से अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से प्रभावित किया है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उसके चोटी के चार बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन ने लगातार आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण उसने इस सत्र में लगातार 200 से अधिक रन बनाए हैं। टाइटंस के गेंदबाजों के लिए सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण भी कप्तान पैट कमिंस के आक्रामक दृष्टिकोण पर केंद्रित है।



संक्षेप

मैरी लुईस एटा बुंडेसलिगा मैच जीतने वाली पहली महिला मुख्य कोच बनीं

बर्लिन। मैरी लुईस एटा जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में यूनियन बर्लिन की मेंज के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ यूरोपीय फुटबॉल की शीर्ष पांच पुरुष लीग में मैच जीतने वाली पहली महिला मुख्य कोच बन गईं। अंतरिम कोच के रूप में अपने पांच मैचों के कार्यकाल के चौथे मैच में एटा ने अपनी पहली जीत का जमकर जश्न मनाया। उन्होंने कहा, जीत से खुशी मिलती है। आप मैच जीतना चाहते हैं। आज की जीत से मैं बहुत खुश हूं। हमने जिस तरह से जीत हासिल की वह शानदार था। यह मार्च के बाद यूनियन की यह पहली जीत थी। पिछले महीने क्लब ने स्टेफेन बॉमगार्ट को बर्खास्त करके उनकी जगह एटा को मुख्य कोच नियुक्त किया था।

युवराज संधू आखिरी दौर में संयुक्त 31वें स्थान पर

बार्सिलोना। भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने यहां खेले गए एस्त्रेला डैम कैटालुन्या चैम्पियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमशः 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की। उन्होंने 69 का कार्ड खेलकर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

हमारे प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा : जयवर्धने

रायपुर। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से दो विकेट से मिली हार के बाद टीम के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद स्वीकार किया कि उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा। मुंबई इंडियंस की यह 11 मैच में आठवीं हार थी जिससे पता चलता है कि उसकी टीम निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान पर 179 रनों की बढ़त हासिल की

एजेंसी

ढाका। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के जुझारू अर्धशतकों की बदौलत बांग्लादेश ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के बारिश से प्रभावित चौथे दिन तीन विकेट पर 152 रन बना लिए। कम रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी रोकना पड़ा। बांग्लादेश की बढ़त 179 रन तक पहुंच गई और खेल रोके जाते समय शांतो 58 रन, जबकि मुशफिकुर रहीम 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पहली पारी में शतक लगाने वाले शांतो ने मोमिनुल हक के साथ तीसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी कर बांग्लादेश को खराब शुरुआत से उबारा। बांग्लादेश ने दिन के शुरुआती ओवरों में 23 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। मोमिनुल ने पहली पारी में 91 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 56 रन बनाए और लगातार पांच अर्धशतक लगाकर अपनी बेहतरीन फॉर्म बरकरार रखी। बारिश के कारण खेल तीन घंटे से अधिक समय तक रुका रहा।

पहली पारी में 27 रन की बढ़त लेने के बाद बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के सात रन से की। मोहम्मद अब्बास ने पारी के छठे ओवर में ही महमूदुल हसन (पांच) को पगबाधा आउट कर दिया। हसन अली ने अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर शदमन इस्लाम (10) को चकमा देते हुए पवेलियन भेजा।

एशियाई चैंपियनशिप : कोमल कोहर को कांस्य

एजेंसी

गांधीनगर। कोमल कोहर ने सोमवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया।

उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा (84 किग्रा और 108 किग्रा) के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता। महिलाओं का 48 किग्रा एक गैर ओलंपिक श्रेणी है।

इस स्पर्धा में चीन, उत्तर कोरिया और थाईलैंड जैसे पारंपरिक दिग्गज देश शामिल नहीं थे। वहीं दूसरी ओर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष के राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल की तैयारी कर रहे भारोत्तोलकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करने और दीर्घकालिक राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों के आयोजन पर लगभग 1.95 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सरकार ने गांधीनगर में सोमवार से शुरू हुई और 17 मई तक चलने वाली एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत की भागीदारी के लिए लगभग 70.45 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं।

वे चाहते हैं कि मैं खेल छोड़ दूं, प्रवेश नहीं मिलने से डब्ल्यूएफआई को घेरा : विनेश

एजेंसी

गोंडा। विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के बाद राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की कोशिश की जिसे महासंघ ने सोमवार को साफ तौर पर खारिज कर दिया।

इससे एक नया और नाटकीय टकराव शुरू हो गया जिसमें इस मशहूर पहलवान ने इसे अपनी वापसी रोकने की पहले से रची गई साजिश बताया। विनेश आयोजन स्थल पर पहुंची और दावा किया कि वह प्रतियोगिता में लौटने के लिए योग्य हैं जबकि महासंघ ने उन्हें 26 जून 2026 तक अयोग्य घोषित कर रखा था। महासंघ ने यह फैसला डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से लौटने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य छह महीने के नोटिस समय के कारण लिया था लेकिन डब्ल्यूएफआई ने उनके दस्तावेज स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन पर एंडी फ्लावर पर जुर्माना

रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने एक बयान में कहा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

नूपुर को केएसएस स्मृति निशानेबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण

भोपाल। मध्य प्रदेश की नूपुर कुमरावत ने 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी (केएसएस) चैंपियनशिप की 50 मीटर राइफल प्रोन महिला स्पर्धा में सोमवार को यहां शीर्ष स्थान हासिल किया।

नूपुर ने 624.3 के स्कोर के साथ महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट (सेना निशानेबाजी इकाई) की प्रिया 623.9

के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि महाराष्ट्र की भक्ति भास्कर खामकर ने 622.2 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

तमिलनाडु की एम.ए. अक्षधा ऐश्वर्या ने 618.2 के प्रभावशाली स्कोर के साथ जूनियर महिला खिताब जीता। पंजाब की निमरत कौर बराड़ ने 617.7 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि मध्य प्रदेश की प्रथा राठौड़ ने 617.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

भारत आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

दुबई। भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। सोमवार को जारी बयान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा, नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज पांच अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है।

भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा भार (100 प्रतिशत) दिया जाता है जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को आधा भार (50 प्रतिशत) दिया जाता है। दक्षिण अफ्रीका 102 अंक के साथ पाकिस्तान (98) को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। शीर्ष 10 में बाकी टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। श्रीलंका (96), अफगानिस्तान (93) और इंग्लैंड (89) शीर्ष आठ में शामिल अन्य टीम हैं। बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज के अब 74 अंक हैं। वेस्टइंडीज पिछले अपडेट में बांग्लादेश से छह अंक से पीछे था लेकिन अब यह अंतर बढ़कर 10 अंक हो गया है। आईसीसी ने कहा, इसके दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण परिणाम होंगे क्योंकि वे आईसीसी पुरुषों के क्रिकेट विश्व कप 2027 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। आईसीसी ने कहा, 31 मार्च 2027 तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष आठ टीम सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी।

आईपीएल : आरसीबी तालिका में शीर्ष पर

रायपुर। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को यहां कृणाल पंड्या (73 रन) के अर्धशतक से रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मुंबई इंडियंस को

दो विकेट से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। पिछले दो मैच में हार का सामना करने वाली आरसीबी (14 अंक) ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (23 रन देकर चार विकेट) के गेंद से शानदार प्रदर्शन के बाद उनके अंत में दो गेंद में (एक छक्के से) सात रन की मदद से शानदार जीत दर्ज की जिससे मुंबई इंडियंस आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

कृणाल (46 गेंद में चार चौके और पांच छक्के) और जैकब बेथेल (27) के बीच चौथे विकेट के लिए 42 गेंद में 55 रन की भागीदारी के दम पर आरसीबी ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। तिलक वर्मा (57 रन) के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस भुवनेश्वर की शानदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 166 रन ही बना सकी। आरसीबी की शुरूआत खराब रही जिसने पावरप्ले में विराट कोहली (शून्य), देवदत्त पडीक्कल (12) और कप्तान राजत पाटीदार (08) के विकेट गंवाए। लेकिन कृणाल एक छोर पर डटे रहे, उन्होंने बेथेल के साथ मिलकर जिम्मेदारी संभाली।

लक्ष्य व सिंधू की नजरें व्यक्तिगत प्रदर्शन पर

एजेंसी

बैंकॉक। थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे पांच लाख डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड ओपन में व्यक्तिगत प्रदर्शन पर होगी जिसमें लक्ष्य सेन और पी वी सिंधू भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य कोहनी की चोट के कारण डेनमार्क में फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेल सके थे। वह पहले मैच में सिंगापुर के जैसन तेह जिया हेंग से खेलेंगे जबकि आयुष शेट्टी का सामना जापान के छठी वरीयता प्राप्त विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता कोडाइ नाराओका से होगा। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त सिंधू पहले दौर में चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग से खेलेंगी। मलेशिया में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को खिताब का सूखा खत्म करने के लिये प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता पर उन्हें मेहनत करनी होगी।

श्रीकांत का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से होगा। तरूण मल्लेपल्ली का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। महिला वर्ग में उन्नति हुड्डा चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेगी जबकि देविका सिहाग की टक्कर जापान की नत्सुकी निदाइरा से और तन्वी शर्मा का सामना हिना अकेची से होगा। मालविका बंसोड़ पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से खेलेगी जबकि अनमोल खरब का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व ओलंपिक चैम्पियन चेन युफेइ से होगा। ईशारानी बरूआ का सामना एक क्वालीफायर से होगा। पुरूष युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के मुहपुत्र एर्विंयासियाह और बागास मौलाना से होगा।

साइ ने बीएफआई की अनियमितताएं गिनाई, मूल्यांकन शिविर निलंबित

नयी दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पटियाला में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) का मूल्यांकन शिविर अनियमितताओं के कारण निलंबित कर दिया है, लेकिन अगर महासंघ अपनी अपारदर्शी चयन प्रक्रिया में सुधार करता है और कोच के चयन के मानदंडों पर वैध सवालों का जवाब देता है तो वह इसे फिर से शुरू करने की अनुमति देने के लिए तैयार है। साइ के एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बीएफआई से मुक्केबाजों और कोच की चयन नीति में अनियमितताओं के संबंध में कुछ सवाल किए गए थे लेकिन उसने इनका जवाब नहीं दिया। इसके बाद रविवार की शाम को निलंबन का आदेश जारी किया गया। साइ ने कहा कि जो मुक्केबाज और कोच बीएफआई की नीति से प्रभावित हुए हैं उन्होंने कई तरह की शिकायत की हैं तथा महासंघ ने इस पर कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया है।

राष्ट्रहित में है पीएम मोदी की अपील

विदेशी मुद्रा बचाने संबंधी पीएम की सलाह का शिवराज सिंह चौहान ने किया बचाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता संबंधी उपाय अपनाने की अपील राष्ट्र हित में है और सभी को इस पर अमल करना चाहिए। चौहान ने कहा कि इस अपील का उद्देश्य लोगों को ईंधन बचाने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा देना है, क्योंकि ईंधन एक सीमित संसाधन है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि केंद्र सरकार लोगों को युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए प्रयास कर रही है और उन्होंने नागरिकों से चुनौतियों से पार पाने और देश की मदद करने के लिये कदम उठाने का आह्वान किया था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई द्वारा रविवार को हैदराबाद में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पेट्रोल और डीजल का विवेकपूर्ण उपयोग करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का उपयोग, कार पूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिकतम उपयोग, पार्सल भेजने के लिए रेल सेवाओं का उपयोग और घर से काम करने जैसे उपायों का सुझाव दिया था। विदेशी मुद्रा बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, मोदी ने लोगों से एक वर्ष के लिए सोने की खरीद नहीं करने और विदेश यात्रा को स्थगित करने का आग्रह किया था। चौहान ने कहा, उनके सुझाव व्यापक राष्ट्रीय और जनहित में हैं और हम सभी को इन पर अमल करना चाहिए।

दूरदर्शी नेतृत्व का यही अर्थ होता है कि हमेशा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि केंद्र सरकार लोगों को युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए कर रही है प्रयास

राष्ट्र और उसकी जनता के बारे में सोचना और हर संकट में देश का मार्गदर्शन करना। उन्होंने कहा, वर्तमान स्थिति हम सभी के सामने है। हमारे पास असीमित तेल भंडार नहीं हैं जिनका उपयोग बिना किसी चिंता के किया जा सके। एक दूरदर्शी नेता भविष्य की सोचकर यह सुनिश्चित करता है कि न तो राष्ट्र और न ही उसके लोगों को किसी कठिनाई का सामना करना पड़े। इसीलिए वह देश से अपील करते हैं, दिशा प्रदान करते हैं और लोगों को प्रेरित करते हैं।

गडकरी ने मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर अवरोधक-रहित टोल प्रणाली का किया उद्घाटन

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अर्बन एक्सटेंशन रोड-द्वितीय (यूईआर-2) पर मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) अवरोधक-रहित टोलिंग प्रणाली का सोमवार को उद्घाटन किया। देश में एमएलएफएफ अवरोधक-रहित टोलिंग प्रणाली वाला यह दूसरा टोल प्लाजा है। इससे पहले एक मई को गुजरात में चोर्यासी टोल प्लाजा पर इस तरह की प्रणाली शुरू की गई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) चालू वित्त वर्ष 2026-27 में राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर इस एमएलएफएफ प्रणाली को और व्यापक रूप से लागू करने की योजना बना रही है।

देशव्यापी विस्तार योजना के तहत नौ राज्यों के 17 टोल प्लाजा शामिल किए गए हैं। इन्हें सितंबर 2026 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। इस सूची में गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और असम जैसे राज्य शामिल हैं। इसके बाद दूसरे चरण में मार्च 2027 तक 108 से अधिक टोल प्लाजा को इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। यह अत्याधुनिक प्रणाली वाहनों को बिना रुके टोल भुगतान की सुविधा देती है। इसमें ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान और फास्टैग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाता है। इस पहल का मकसद टोल प्लाजा पर लंबी कतारों और देरी को कम करना, ईंधन की बचत करना, यात्रा समय घटाना तथा बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करना है।

संक्षेप

पंचायत स्तर पर लगाए जाएंगे सहयोग शिविर

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का 30 दिन के भीतर समाधान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्वाई नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया स्वतः प्रभावी हो जाएगी। सम्राट ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में सहयोग हेल्पलाइन नंबर 1100 और सहयोग पोर्टल का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये मंच आम लोगों की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान के लिए शुरू किए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सम्राट ने कहा, 'पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर लगाकर 30 दिन में लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) इसकी वास्तविक समय में निगरानी करेंगे। सम्राट ने कहा कि अगर संबंधित अधिकारी 30 दिन के भीतर आवेदन का निष्पादन नहीं करते हैं, फाइल लंबित रखते हैं या काम में लापरवाही बरतते हैं, तो वे 31वें दिन स्वतः निलंबित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर ही निलंबन संबंधी प्रारूप तैयार करने की व्यवस्था की जा रही है।

कांग्रेस की राजनीति सिर्फ सत्ता तक सीमित : भाजपा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बचत की अपील की आलोचना करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राजनीति सिर्फ सत्ता तक ही सीमित रही है, राष्ट्र-निर्माण से इसका लेनादेना नहीं है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों को लेकर उन पर हमला करते हुए कहा कि कम्प्रोमाइज्ड पीएम अब देश चलाने के काबिल नहीं है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया संघर्ष के असर से निपटने के लिए देशवासियों को बचत के सुझाव दिए हैं, जिस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्द नाकामी का सबूत हैं। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी ने लोगों से त्याग करने के लिए नहीं कहा है, बल्कि उनसे राष्ट्र हित में सोच-समझकर फैसले लेने का आग्रह किया है, जैसे कि ईंधन बचाना, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, विदेशी मुद्रा बचाना और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना।

प्रधानमंत्री का उपदेश नाकामी का सबूत, अब देश चलाना उनके बस की बात नहीं : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता से सोना नहीं खरीदने, पेट्रोल का कम उपयोग करने आदि कुछ अपील की हैं जो उनकी नाकामी का सबूत है तथा अब देश चलाना उनके बस की बात नहीं है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी जी ने कल जनता से त्याग की मांग की कि सोना मत ख़रीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल का कम उपयोग करो, खाद और खाने का तेल कम उपयोग करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। उन्होंने दावा किया कि ये उपदेश नहीं बल्कि नाकामी के सबूत हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 12 साल में देश को इस मुक़ाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है कि क्या ख़रीदे, क्या न ख़रीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें।

उन्होंने यह दावा भी किया कि देश चलाना अब कम्प्रोमाइज्ड पीएम के बस की बात नहीं। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को कहा था कि केंद्र सरकार लोगों को युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए प्रयास कर रही है और उन्होंने नागरिकों से चुनौतियों से पार पाने और देश की मदद करने के लिये कदम उठाने का आह्वान किया।

फिलीपीन के उपराष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के पक्ष में किया मतदान

मनीला। फिलीपीन की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने सोमवार को उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग चलाने के पक्ष में मतदान किया। उन पर बेहिसाब संपत्ति रखने, सरकारी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रपति की हत्या की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। सदन में राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के सहयोगियों का बहुमत है। सदन में 255 सदस्यों ने महाभियोग चलाये जाने के पक्ष में मतदान किया जबकि 26 सदस्यों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, वहीं नौ सदस्य अनुपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते की बेटी हैं।

हिसाब-किताब का समय आ गया : जयराम

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अप्रत्याशित अपील का मतलब यह हो सकता है कि आने वाले समय में मितव्ययिता से जुड़े कठोर कदम उठाए जाएं और उपाय उनके रास्ते में आ सकते हैं क्योंकि जमीनी स्तर की आर्थिक स्थिति सरकार के प्रचारे से पूरी तरह अलग है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि हिसाब-किताब का समय आ गया है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री द्वारा कल हैदराबाद से देशवासियों से की गई अप्रत्याशित अपील के निम्नलिखित अर्थ हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति आधिकारिक आंकड़ों और प्रधानमंत्री तथा उनके साथियों द्वारा अब तक किए जा रहे दावों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि सहित सख्ती से खर्च कम करने के उपायों का दौर आने वाला हो सकता है, और उन्हें अधिक स्वीकार्य बनाने के लिए माहौल तैयार किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा यह बात लंबे समय से स्पष्ट है कि जमीन पर आर्थिक हालात-जो वास्तविक मजदूरी में ठहराव, परिवारों पर बढ़ते कर्ज और रोजगार पैदा करने वाले निजी निवेश में गति की कमी जैसी स्थितियों में दिखाई देते हैं-मोदी सरकार के प्रचार से बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने दावा किया कि हिसाब-किताब का समय अब आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने युद्ध के प्रभाव और पश्चिमी एशिया में तनाव के बीच देशवासियों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की है।

हंता वायरस : क्रूज जहाज से निकाले गए तीन यात्री संक्रमित

द हेग। एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के प्रकोप के बाद सुरक्षित निकाले गए यात्रियों में से एक फ्रांसीसी महिला और दो अमेरिकी नागरिक संक्रमित पाए गए हैं या उनमें इसके लक्षण दिखे हैं। इस बीच, दुनिया भर के देशों ने अपने नागरिकों को वापस लाने और उन्हें पृथक-वास में रखने की कवायद तेज कर दी है। स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में एमवी होंडियस क्रूज जहाज के पहुंचने के बाद रविवार से यात्रियों को सैन्य और सरकारी विमानों से उनके देशों में वापस भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। टेनेरिफे में सोमवार को भी सुरक्षात्मक सूट और मास्क पहने कर्मियों की निगरानी में यात्रियों को जहाज से तट तक पहुंचाया गया।

मुख्यमंत्री विजय ने स्टालिन से की मुलाकात

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को अपने पूर्ववर्ती एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम. के. स्टालिन से यहां अलवरपेट स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 13 मई तक सदन में विश्वास मत हासिल करना है, उससे कुछ दिन पहले दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात हुई है। विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने और मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद विजय ने पहली बार स्टालिन से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन ने मुख्यमंत्री विजय का गर्मजोशी से स्वागत किया।

विजय द्वारा तमिलनाडु पर 10 लाख करोड़ रुपये का ज्ण बोझ होने के लिए द्रमुक की पूर्ववर्ती सरकार की कड़ी आलोचना करने के एक दिन बाद यह बैठक हुई है। विजय ने सत्ता के अनेक केंद्र होने के लिये परोक्ष रूप से द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह अपनी सरकार में एकमात्र सत्ता का केंद्र होंगे। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने कर्ज के बोझ संबंधी विजय के बयान पर पलटवार किया था। बाद में, विजय ने एमडीएमके संस्थापक वाइको से मुलाकात की।

इंटरटेनमेंट...

मनीष मल्होत्रा रंगीला से बने बॉलीवुड का बड़ा चेहरा

मुंबई। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा किसी परिचय के मोहताज नहीं। लेकिन इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्हें कई चुनौतियां पार करनी पड़ी हैं। अभी मनीष मेट गाला' में प्रदर्शित अपने विशेष परिधानों को लेकर चर्चा में हैं।

मुंबई के एक मध्यमवर्गीय पंजाबी परिवार में 5 दिसंबर 1966 को जन्मे मनीष अपने स्कूली दिनों में मां के साथ न सिर्फ साड़ी खरीदने जाते, बल्कि साड़ियों को लेकर उन्हें फैशन टिप्स भी देने लगे थे। यहीं से फैशन और कॉस्ट्यूम डिजाइन के प्रति उनका लगाव बढ़ने लगा। बचपन से ही वे फिल्मों के बेहद शौकीन थे।

वे लगभग हर फिल्म देखने जाते, लेकिन कलाकारों के अभिनय से ज्यादा मनीष का ध्यान उनके पहनावे पर होता था। कलाकारों के परिधान देख कर वे फैशन की बारीकियां समझने लगे। 1980 के दशक में फैशन डिजाइनिंग को पुरुषों का पेशा नहीं माना जाता था। लोग उनका मजाक उड़ाते थे। मनीष कभी डिजाइनिंग की औपचारिक पढ़ाई भी नहीं कर पाए, क्योंकि तब देश में पुरुषों के लिए फैशन डिजाइनिंग कोर्स नहीं होते थे। और विदेश जाकर कोर्स करने के पैसे उनके पास नहीं थे।

कॅरिअर की शुरूआत में उन्होंने मुम्बई के रइक्विनॉक्स' बुटीक में महज 500 रुपए महीने की नौकरी की। यहां उन्हें ग्राहकों को कपड़े दिखाने और उन्हें तह करने का काम मिला। खाली समय में मनीष छिप कर डिजाइन स्केच बनाते थे। बॉलीवुड के शुरूआती वर्षों में प्रोड्यूसर उनके डिजाइन को अधिक ग्लैमरस बता कर रिजेक्ट कर देते। सेट पर उनसे कहा जाता कि तुम कपड़े सिलने वाले हो, उन्हें दो और चलते बनो। मल्होत्रा ने 1990 में फिल्म स्वर्ग' में जूही चावला के लिए कॉस्ट्यूम डिजाइन कर बॉलीवुड में डेब्यू किया।

जैकलीन फर्नांडिस के सरकारी गवाह बनने पर ईडी की आपत्ति

मुंबई। 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की एक अदालत में जैकलीन की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें उन्होंने 'सरकारी गवाह' बनने की मांग की थी। ईडी ने कोर्ट में साफ कहा कि जैकलीन को सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक बैकग्राउंड की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद वे उसके साथ लगातार संपर्क में रहीं और अपराध की कमाई से करोड़ों के गिफ्ट्स लेती रहीं। सुकेश के साथ लगातार संपर्क में थीं जैकलीन स्पेशल जज प्रशांत शर्मा के सामने दाखिल अपने जवाब में ईडी ने कहा कि जैकलीन कोई ऐसी मासूम पीड़िता नहीं हैं जिन्हें सुकेश के बारे में कुछ पता न हो। एजेंसी के मुताबिक, एक्ट्रेस सुकेश चंद्रशेखर के आपराधिक रिकॉर्ड को जानने के बाद भी उसके साथ रेगुलर और सस्टेंड कॉन्टैक्ट में थीं।

एक्ट्रेस पीड़ित नहीं, सुकेश के जुर्म पता होने के बाद भी लिए करोड़ों के गिफ्ट

सुकेश ने अपराध के जरिए कमाए गए पैसों से जैकलीन और उनके परिवार के लिए महंगे गिफ्ट्स, लग्जरी सामान और सुविधाओं का इंतजाम किया था। ईडी ने जोर देकर कहा कि जैकलीन का सुकेश के साथ जुड़ाव पूरी तरह सोच-समझकर लिया गया फैसला था। जांच में सहयोग न करने का आरोप एजेंसी ने जैकलीन के व्यवहार पर भी सवाल उठाए हैं।

कपिल शर्मा शो में सुनील पाल का आरोप

मुंबई। कॉमेडियन सुनील पाल ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अपनी अपीयरेंस के बाद आरोप लगाया है कि शो के दौरान उन्हें 'टारगेट' किया गया और उनके कई अच्छे जोक्स को एडिट कर दिया गया। सुनील पाल हाल ही में वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया के साथ कपिल के शो में नजर आए थे। मुझे अभिमन्यु की तरह घेरा गया एक हालिया इंटरव्यू में सुनील पाल ने शो के माहौल पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, वहां जो कुछ हुआ वह एकतरफा था। मुझे वहां अभिमन्यु की तरह घेर लिया गया था। कई लोगों ने गौर किया होगा कि लोग जानबूझकर मेरे जोक्स पर नहीं हंस रहे थे, जबकि समय रैना की छोटी-छोटी बातों पर भी बहुत ज्यादा रिएक्ट किया जा रहा था। सुनील ने नवजोत सिंह सिद्धू के रिएक्शन पर भी सवाल उठाए, जिन्होंने समय रैना को 'अगला कपिल शर्मा' तक कह दिया था। '15 मिनट का एक्ट तैयार था, पर मौका नहीं मिला' सुनील पाल ने बताया कि उन्हें शो के लिए क्या ब्रीफ दिया गया था। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया था।

समय रैना के सामने मुझे अभिमन्यु की तरह घेरा गया, मेरे जोक्स काटे

खतरों के खिलाड़ी में नजर आयेंगी जैस्मीन भसीन

मुंबई। जैस्मीन भसीन टीवी इंडस्ट्री का वो चेहरा हैं, जिन्होंने अपने 'अनफिल्टर्ड' अंदाज से हर घर में अपनी जगह बनाई है। 'खतरों के खिलाड़ी' के पिछले सीजन में उनके रोने और डरने के बावजूद स्टंट पूरे करने के जज्बे को दर्शकों ने खूब सराहा था।

अब जैस्मीन एक बार फिर 'डर के नए दौर' में कदम रखने जा रही हैं। विशेष बातचीत में जैस्मीन ने अपनी जिंदगी के उन पन्नों को पलटा, जहां कभी वह सड़क पार करने से भी घबराती थीं। उन्होंने बताया कि कैसे एक प्रोटेक्टिव माहौल से निकलकर उन्होंने अपनी पहचान बनाई और आज उन्हें किस बात का सबसे बड़ा खौफ सताता है। साथ ही, अली गोनी

के उस 'गुरु मंत्र' का भी जिक्र किया जो इस बार उनकी ढाल बनेगा। जैस्मीन, आप एक बार फिर 'डर के नए दौर' के लिए तैयार हैं। एक्साइटमेंट ज्यादा है या एंग्जायटी सच कहूंतो दोनों ही चरम पर हैं। मैं एक्साइटेड तो हूं, पर उतनी ही डरी हुई भी हूं। 'खतरों के खिलाड़ी' कोई छोटा खेल नहीं है। यहाँ हर बार खतरे नए होते हैं और चुनौतियां पहले से कहीं ज्यादा कठिन।

मेरे पिछले सीजन में सबने देखा था कि मुझे डर बहुत ज्यादा लगता है, इसलिए अब जैसे-जैसे शो करीब आ रहा है, एंग्जायटी बढ़ती जा रही है। जब आप पहली बार इस शो का हिस्सा बनी थीं, तब आपके फोबिया क्या थे और इस बार क्या कुछ बदला है जवाबः ऑनेस्टली कहूंतो जब मैं पहली बार गई थी, तब मैं सड़क पार करने तक से डरती थी। मैं बहुत ही प्रोटेक्टिव एनवायरमेंट में पली-बढ़ी हूं, जहाँ हर चीज के लिए कोई न कोई साथ होता था।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com